

संस्थापक: शहीद शिरोमणि लाला जगतनारायण जी, अमर शहीद रमेश चन्द्र जी एवं कलम के योद्धा अश्विनी कुमार जी

# पंजाब केसरी

युवा भारत युवा अखबार

PunjabKesari.com PunjabKesari.com @punjabkesaricom

शनिवार 21 सितम्बर, 2024 ◆ दिल्ली ◆ तदनुसार 6 आश्विन 2081

LD ****

Punjab Kesari, Delhi
वर्ष : 41 / अंक : 264
मूल्य ₹ 4.50
16 नेपाली रुपए/हवाई जहाज से ₹ 10.00
पृष्ठ संख्या 12
Ph. : 011-30712200, 45212200

# कांग्रेस को टुकड़े-टुकड़े गैंग चला रहा है : मोदी

## वो कांग्रेस नहीं है जिससे कभी महात्मा गांधी जैसे महापुरुष जुड़े थे

**पंजाब केसरी/नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को महाराष्ट्र के अमरावती पहुंचे। वह वर्धा में पीएम विश्वकर्मा योजना की पहली वर्षगांठ पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान पीएम मोदी ने कांग्रेस पर बड़ा प्रहार किया। पीएम मोदी ने कहा कि ये वो कांग्रेस नहीं है, जिससे कभी महात्मा गांधी जैसे महापुरुष जुड़े थे। ये वो कांग्रेस है, जिसे टुकड़े-टुकड़े गैंग और अर्बन नक्सल के लोग चला रहे हैं।

पीएम मोदी ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी का बिना नाम लिए निशाना साधते हुए कहा कि आज जो कांग्रेस हम देख रहे हैं, ये वो कांग्रेस नहीं है, जिससे कभी महात्मा गांधी जैसे महापुरुष जुड़े थे। आज की कांग्रेस में देशभक्ति की आत्मा दम तोड़ चुकी है। आज की कांग्रेस में नफरत का भूत दाखिल हो गया है। आज कांग्रेस के लोगों की भाषा और बोली विदेशी धरती पर जाकर उनके देश विरोधी एजेंडे समाज को तोड़ने, देश को तोड़ने की बात करना, भारतीय संस्कृति और आस्था का अपमान करना। आज देश की सबसे बेईमान और सबसे भ्रष्ट पार्टी कांग्रेस है, देश का कोई सबसे भ्रष्ट परिवार है, तो वो कांग्रेस का शाही परिवार है। वहीं प्रधानमंत्रीने कहा कि हमारी सरकार ने दलित विरोधी सोच खत्म करते हुए एससी/एसटी/ओबीसी समाज के लोगों का भला किया और विश्वकर्मा योजना का लाभ उन तक पहुंचाया। इस दौरान उन्होंने एक



● आज की कांग्रेस में देशभक्ति की आत्मा दम तोड़ गई और कांग्रेस सबसे बेइमान और भ्रष्ट पार्टी बन गई जबकि हमारी सरकार ने दलित विरोधी सोच खत्म की

बार फिर सीजेआई डीवीआई चंद्रचूड़ के घर गणेश पूजा में शामिल होने पर कांग्रेस को जवाब दिया। पीएम मोदी ने कहा कि जिस पार्टी में आस्था और संस्कृति का जरा सा भी सम्मान होगा वो पार्टी कभी गणपति पूजा का विरोध नहीं कर सकती।

आज की कांग्रेस को गणपति पूजा से भी नफरत है। महाराष्ट्र की धरती गवाह है कि आजादी की लड़ाई में लोकमान्य तिलक के नेतृत्व में गणपित उत्सव भारत की एकता का उत्सव बन गया था। गणेश उत्सव में हर एक समाज और हर वर्ग के लोग एक साथ जुड़ते थे। इसलिए कांग्रेस पार्टी को गणपति पूजा से भी चिढ़ है। उन्होंने आगे कहा कि मैं गणेश पूजन कार्यक्रम में चला गया, तो कांग्रेस के तुष्टिकरण का भूत जाग उठा। कांग्रेस गणपति पूजा का विरोध करने लगी। तुष्टिकरण के लिए कांग्रेस कुछ भी कर रही है। कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार ने गणपति बप्पा को ही सलाखों के पीछे डाल दिया। गणपति की जिस मूर्ति की लोग पूजा कर रहे थे। पुलिस वैन में कैद करवा दिया।

देश गणपति जी के अपमान को देखकर आक्रोशित है। मैं हैरान हूं कि इस पर कांग्रेस के सहयोगी के मुंह पर भी ताला लग गया है।

## बीएसएफ जवानों की बस खाई में गिरी, 4 की जान गई

**श्रीनगर :** कश्मीर के बढ़ गांव में बीएसएफ जवानों को इलेक्शन ड्यूटी पर ले जा रही बस गहरी खाई में गिरने से 4 की जान गई। (पढ़ें पृष्ठ-2 पर)

## इस्राइली हमले में हिजबुल्ला कमांडर इब्राहिम अकील ढेर



**यरुशलम :** इस्राइली सेना ने लेबनान के बेरूत में टारगेट पर हमले करते हुए हिजबुल्ला के वरिष्ठ कमांडर इब्राहिम अकील समेत कइयों को ढेर कर दिया। इससे पहले हिजबुल्ला ने इस्राइल पर 140 रॉकेट दागे थे, जिसके जवाब में यह एक्शन हुआ। (पढ़ें अंतिम पृष्ठ पर)

# आप ने की अरविंद केजरीवाल के लिए सरकारी आवास की मांग

**पंजाब केसरी**/दिल्ली



● पार्टी केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय को पत्र लिखेगी

आम आदमी पार्टी (आप) ने दिल्ली के निवर्तमान मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के लिए शुक्रवार को सरकारी आवास की मांग की और कहा कि एक राष्ट्रीय पार्टी का संयोजक होने के नाते वह इसके हकदार हैं।

आप के राज्यसभा सदस्य राघव चड्ढा ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पार्टी इस संबंध में केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय को पत्र लिखेगी और उम्मीद है कि मंत्रालय एक या दो दिन में पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक को आवास उपलब्ध करा देगा।

पार्टी ने पहले कहा था कि केजरीवाल 15 दिनों के भीतर आधिकारिक आवास छोड़ देंगे। केजरीवाल ने इस सप्ताह की शुरुआत में दिल्ली के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। चड्ढा ने कहा कि प्रत्येक राष्ट्रीय पार्टी दो संसाधनों की हकदार है- एक है दिल्ली से काम करने के लिए एक कार्यालय और अपने प्रमुख के लिए आवास। उन्होंने कहा कि 2022 में गुजरात विधानसभा चुनावों के बाद आप एक राष्ट्रीय पार्टी बन गई है। दो साल के संघर्ष और अदालत के हस्तक्षेप के बाद केंद्र ने आप को एक कार्यालय मुहैया कराया। पार्टी ने पिछले महीने आईटीओ के पास दीन दयाल उपाध्याय मार्ग स्थित पुराने कार्यालय को खाली कर दिया था और मंडी हाउस में रविशंकर शुक्ला लेन स्थित नए कार्यालय से कामकाज शुरु किया।

### अमरीका में घायल हुए युवक के परिवार से मिलने

# करनाल पहुंचे राहुल गांधी

**पंजाब केसरी**/करनाल



कांग्रेस नेता राहुल गांधी विदेश में एक सड़क दुर्घटना में घायल हुए एक युवक के परिवार से मिलने शुक्रवार को हरियाणा में करनाल जिले के एक गांव पहुंचे। घायल युवक अमित के परिजन ने बताया कि गांधी ने अमेरिका की अपनी हालिया यात्रा के दौरान अमित से मुलाकात की थी। करनाल में स्थानीय कांग्रेस नेताओं ने बताया कि गांधी की इस यात्रा की उन्हें पहले से कोई जानकारी नहीं थी और उनके घोगरीपुर गांव पहुंचने के बाद ही उन्हें इस बारे में पता चला। गांधी घायल युवक के परिवार से मिलने ऐसे समय में हरियाणा गए हैं जब 15 दिन बाद पांच अक्टूबर को राज्य में विधानसभा चुनाव होने हैं। इन चुनाव में सत्तारूढ़ भाजपा से सत्ता छीनने की कोशिश कर रही कांग्रेस ने किसानों की समस्याओं और बेरोजगारी को प्रमुख चुनावी मुद्दा बनाया है।

# ब्रिटेन में कीर्तन को पहली बार 'सिख पवित्र संगीत' के तौर पर मान्यता

**एजेंसी**/लंदन

ब्रिटेन में पहली बार कीर्तन को संगीत शिक्षा की ग्रेड प्रणाली में शामिल किया गया। यानी छात्र 'सिख पवित्र संगीत' से जुड़े पाठ्यक्रम का औपचारिक रूप से अध्ययन कर सकेंगे। बर्मिंघम में संगीतकार और शिक्षाविद् हरजिंदर लाली ने पश्चिमी शास्त्रीय संगीत के समान कीर्तन को भी उचित स्थान दिलाने तथा यह सुनिश्चित करने के लिए वर्षों समर्पित किए हैं कि यह पारंपरिक संगीत विधा भावी पीढ़ियों के लिए संरक्षित रहें। 'गुरु ग्रंथ साहिब' में मौजूद 'शबदों' का गायन कीर्तन कहा जाता है। लंदन स्थित संगीत शिक्षक बोर्ड वैश्विक स्तर पर मान्यता प्राप्त आठ-ग्रेड संगीत परीक्षाओं के तहत 'सिख पवित्र संगीत' पाठ्यक्रम उपलब्ध कराएगा।

# सुप्रीम कोर्ट का यूट्यूब चैनल हुआ हैक

**पंजाब केसरी**/दिल्ली

● 'क्रिप्टोकरंसी' के प्रचार वाला वीडियो दिखाई दिया

उच्चतम न्यायालय का यूट्यूब चैनल शुक्रवार को 'हैक' कर लिया गया और उसपर अमेरिकी कंपनी 'रिपल लैब्स' निर्मित 'क्रिप्टोकरंसी' के प्रचार वाला एक वीडियो दिखाई देने लगा।हालांकि, इस वीडियो में कुछ नहीं था। वीडियो के नीचे लिखा था, ''ब्रैड गार्लिंगहाउस: रिपल रेसपोंड्स टू द एसईसी 2 बिलियन डॉलर फाइन! एक्सआरपी प्राइज प्रेडिक्शन।'' शीर्ष न्यायालय अपनी संविधान पीठ के समक्ष सूचीबद्ध मामलों और जनहित से जुड़े विषयों की सुनवाई के सीधे प्रसारण के लिए यूट्यूब चैनल का उपयोग करता है।न्यायालय की वेबसाइट पर पोस्ट किये गए एक नोटिस में कहा गया है, ''सभी को सूचित किया जाता है कि उच्चतम न्यायालय के यूट्यूब चैनल पर सेवाएं बाधित हो गई हैं। शीर्ष अदालत के यूट्यूब चैनल पर सेवाएं शीघ्र ही पुन: आरंभ कर दी जाएंगी।'' शीर्ष अदालत ने 2018 में संविधान पीठ के समक्ष सूचीबद्ध सभी मामलों की सुनवाई का सीधा प्रसारण करने का निर्णय लिया था।

## राष्ट्रीय सर्राफा

| | सोना | | चांदी |
|---|---|---|---|
| ● दिल्ली | | | |
| 24K | : 75260 | चांदी तैयार | : 92500 |
| ● कोलकाता | | | |
| 24K | : 75110 | चांदी तैयार | : 92500 |
| ● मुम्बई | | | |
| 24K | : 75110 | चांदी तैयार | : 92500 |
| ● चेन्नई | | | |
| 24K | : 75110 | चांदी तैयार | : 97500 |

## विदेशी मुद्रा बनाम रुपया

| करंसी | खरीद | बिक्री |
|---|---|---|
| अमरीकी डालर | 81.25 | 85.25 |
| पौंड स्टर्लिंग | 108.35 | 113.02 |

## शेयर सूचकांक

| | | |
|---|---|---|
| BSE | 84544.31 | +1359.51 |
| NSE | 25790.95 | +375.15 |

## मौसम

Min 26°c Max 34°c

### प्रसाद में चर्बी का आरोप | केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने आंध्र से मांगी रिपोर्ट

# तिरुपति प्रसादम मामले में होगी जांच

**पंजाब केसरी/नई दिल्ली**

तिरुपति के लड्डुओं में पशु चर्बी के इस्तेमाल के दावों के बाद विवाद लगातार गहराता जा रहा है। अब केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने तिरुमाला लड्डू प्रसादम में मिलावट पर मुख्यमंत्री नायडू से फोन पर बात की है और आंध्र प्रदेश सरकार से विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) रिपोर्ट की जांच करेगा और पूरी जांच की जाएगी। जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। इससे पहले केंद्रीय खाद्य मंत्री प्रहलाद जोशी ने शुक्रवार को आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू द्वारा तिरुपति के लड्डुओं में पशु चर्बी के इस्तेमाल के संबंध में लगाए गए आरोपों की जांच की मांग की थी।



वैश्विक खाद्य नियामक शिखर सम्मेलन के अवसर पर संवाददाताओं से बात करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि, आंध्र के मुख्यमंत्री ने जो कुछ भी कहा है, वह गंभीर चिंता का विषय है। विस्तृत जांच की आवश्यकता है और दोषी को दंडित किया जाना चाहिए। बता दें कि, बुधवार को एनडीए विधायक दल की बैठक के दौरान नायडू ने दावा किया कि पिछली वाई एस जगन मोहन रेड्डी के नेतृत्व वाली सरकार ने तिरुपति मंदिर को भी नहीं बख्शा। पिछली सरकार में लड्डू बनाने के लिए घटिया सामग्री और पशु चर्बी का इस्तेमाल किया गया।

**मंदिर ट्रस्ट ने बनाई चार सदस्यीय कमेटी :** तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम ने मंदिर प्रशासन की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है। हालांकि, घी की गुणवत्ता की निगरानी के लिए चार सदस्यीय विशेष समिति बना दी है। लैब रिपोर्ट 17 जुलाई को मिली थी। तभी से ही यह रिपोर्ट पब्लिक डोमेन में है, लेकिन इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

## राजनीतिक लाभ के लिए भगवान का उपयोग : जगन



**वाई. एस. आर. सी.पी.** प्रमुख वाई एस जगन मोहन रेड्डी ने तिरुमला में घी में मिलावट के आरोपों को लेकर आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू पर निशाना साधते हुए शुक्रवार को कहा कि वह अपने 100 दिन के शासन से जनता का ध्यान भटकाने की कोशिश कर रहे हैं। जगन ने कहा कि नायडू ऐसे व्यक्ति हैं जो राजनीतिक लाभ के लिए भगवान का भी इस्तेमाल कर सकते हैं।



# ममता का पीएम मोदी को पत्र समझौता तोड़ने की धमकी



**कोलकाता,** (पंजाब केसरी): पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखा कि राज्य सरकार दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) के साथ सभी समझौतों को रद्द कर देगी क्योंकि निगम द्वारा एक तरफा ढंग से पानी छोड़ने के परिणामस्वरूप दक्षिण बंगाल के जिलों में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो गई है। मोदी को लिखे चार पन्ने के पत्र में उन्होंने कहा कि बाढ़ के कारण बंगाल में 50 लाख लोग प्रभावित हुए हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री से व्यापक तबाही से निपटने के लिए केंद्रीय निधि से तुरंत राशि जारी करने का अनुरोध किया। राज्य विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और भाजपा के वरिष्ठ नेता शुभेंदु अधिकारी ने ममता बनर्जी की टिप्पणी पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए 'चुनौती' दी कि मुख्यमंत्री डीवीसी से समझौता तोड़ने की चेतावनी पर अमल करके दिखाएं। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर ममता डीवीसी से समझौता तोड़ती हैं तो दक्षिण बंगाल के सात जिले अंधेरे में डूब जाएंगे। मुख्यमंत्री ने लिखा, ''मैं आपका ध्यान इस तथ्य की ओर आकर्षित करना चाहूंती हूं कि डीवीसी के स्वामित्व और रखरखाव वाले मैथन और पंचेत बांधों की संयुक्त प्रणाली से लगभग पांच लाख क्यूसेक पानी अभूतपूर्व, अनियोजित और एकतरफा तरीके से छोड़ा गया जिसकी वजह से दक्षिण बंगाल के सभी जिले विनाशकारी बाढ़ में डूब गए हैं।

# बीएसएफ जवानों की बस खाई में गिरी, 4 ने जान गंवाई



**श्रीनगर,** (पंजाब केसरी): जम्मू-कश्मीर के बडगाम जिले में शुक्रवार को चुनाव ड्यूटी के लिए जा रही बीएसएफ की एक बस के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से कम से कम तीन जवानों की मौत हो गई, जबकि नौ अन्य जवान घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए चुनाव ड्यूटी पर जा रहे बीएसएफ जवानों को ले जा रही एक बस मध्य कश्मीर के बडगाम जिले के वाटरहाल इलाके में एक खाई में गिर गई।

उन्होंने बताया कि दुर्घटना में करीब एक दर्जन जवान घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल ले जाया गया, जिनमें से तीन जवानों की मौत हो गई, जबकि अन्य का इलाज किया जा रहा है।

## मोर्टार फटने से बीएसएफ के 3 जवान घायल

**जैसलमेर,** (पंजाब केसरी): शुक्रवार को पोकरण फील्ड फायरिंग रेंज में मोर्टार फटने से सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के तीन जवान घायल हो गए। पुलिस के अनुसार यह हादसा उस समय हुआ जब जवान फायरिंग रेंज में अभ्यास कर रहे थे। तीनों घायल जवानों को तुरंत पोकरण के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बीएसएफ सूत्रों के अनुसार तीनों जवान बीएसएफ के प्रशिक्षु थे और यह दुर्घटना नियमित अभ्यास सत्र के दौरान हुई।

# गगनयान पर सावधानी से आगे बढ़ना होगाः इसरो चीफ



**बेंगलुरु,** (पंजाब केसरी) भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष एस सोमनाथ ने शुक्रवार को कहा कि गगनयान साल के अंत तक प्रक्षेपण के लिए तैयार है, लेकिन इस पर सावधानी से आगे बढ़ना होगा।

बुधवार को केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा स्वीकृत परियोजनाओं में शामिल गगनयान भारत का पहला मानवयुक्त अंतरिक्ष मिशन है। सोमनाथ ने कहा, ''मैं नहीं चाहता कि बोइंग स्टारलाइनर के साथ जो हुआ वैसा कुछ दोबारा हो, इसलिए हमें बहुत सावधान रहना चाहिए।'' नासा के मिशन के तहत 5 जून को अंतरिक्ष यात्रियों को लेकर गए बोइंग स्टारलाइनर अंतरिक्ष यान की पहली परीक्षण उड़ान 7 सितंबर को पृथ्वी पर लौट आई, लेकिन इसमें कोई अंतरिक्ष यात्री नहीं लौटा।

अप्रत्याशित परिस्थितियों के कारण अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन में अपने आठ दिवसीय प्रवास को आठ महीने तक बढ़ाने के लिए मजबूर होना पड़ा और अब उन्हें फरवरी में 'स्पेसएक्स क्रू ड्रैगन' द्वारा लाया जाएगा। सोमनाथ ने शुक्र ग्रह के अन्वेषण के महत्व पर भी बल दिया।

# अभियोजन के काम में दखल न दें तेलंगाना के मुख्यमंत्री



● 'वोट के बदले नकदी' मामलाः बीआरएस नेता के. कविता की जमानत पर की गई टिप्पणी पर नाराजगी जताई

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी को निर्देश दिया कि वह 2015 के वोट के बदले नकदी मामले की कार्यवाही में अभियोजन पक्ष के कामकाज में किसी भी तरह का हस्तक्षेप न करें, जिसमें वह एक आरोपी हैं। न्यायमूर्ति बी.आर. गवई और न्यायमूर्ति के.वी. विश्वनाथन की एक पीठ ने मामले की सुनवाई को तेलंगाना से भोपाल स्थानांतरित करने से शुक्रवार को इनकार कर दिया। पीठ ने कहा कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) के महानिदेशक मामले के अभियोजन के संबंध में मुख्यमंत्री को रिपोर्ट नहीं करेंगे।

उच्चतम न्यायालय ने रेड्डी की उस टिप्पणी पर भी कड़ी नाराजगी जताई जो उन्होंने न्यायालय द्वारा भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) नेता के. कविता को दिल्ली आबकारी नीति में कथित घोटाले में जमानत दिए जाने पर दी थी। न्यायालय ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि यह उम्मीद की जाती है कि संविधान के सभी तीनों स्तंभ एक-दूसरे के कामकाज के प्रति परस्पर सम्मान दिखाएंगे। पीठ ने रेड्डी द्वारा अदालत से माफी मांगने संबंधी हलफनामे पर गौर करते हुए कहा कि वह इस मुद्दे पर आगे नहीं बढ़ना चाहती। पीठ ने कहा, "हम इस मामले में आगे नहीं बढ़ना चाहते। हम सभी संवैधानिक पदाधिकारियों, विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका को केवल यह चेतावनी दे सकते हैं कि वे संविधान द्वारा उनके लिए निर्धारित क्षेत्रों में अपने संवैधानिक कर्तव्यों का निर्वहन करें।''

# कोचिंग सेंटरः समिति को चार सप्ताह में रिपोर्ट देने का निर्देश



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली के एक कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में पानी भर जाने के कारण आईएएस परीक्षा की तैयारी कर रहे तीन अभ्यर्थियों की मौत की घटना की जांच कर रही समिति को चार सप्ताह में अंतरिम उपाय संबंधित रिपोर्ट प्रस्तुत करने का शुक्रवार को निर्देश दिया। दिल्ली के कोचिंग सेंटर में हुई घटना की जांच के लिए केंद्र सरकार ने ये समिति नियुक्त की थी। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने हरियाणा, उत्तर प्रदेश और दिल्ली सरकार को निर्देश दिया कि वे ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए के लिए बनाई गई नीतियों, विधायी और प्रशासनिक बदलावों से अवगत कराएं। उच्चतम न्यायालय ने पांच अगस्त को मामले की सुनवाई करते हुए कहा था कि कोचिंग सेंटर 'डेथ चेंबर' बन गए हैं और छात्रों के जीवन के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। इसके लिए उसने केंद्र और दिल्ली सरकार को नोटिस जारी किया था। शीर्ष अदालत ने कोचिंग सेंटरों के एक संघ द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए मामले का संज्ञान लिया, जिसमें दिल्ली उच्च न्यायालय के दिसंबर 2023 के आदेश को चुनौती दी गई थी।

## कोर्ट ने कहा...

न्यायालय ने कहा कि ओल्ड राजेंद्र नगर में हुई ऐसी घटना को दोबारा होने से रोकने के लिए पूरे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में एक समान पहल की जानी चाहिए। पीठ ने कहा, 'यदि जरूरत पड़ी तो हम ओल्ड राजेंद्र नगर जैसी घटनाओं को रोकने के लिए पूरे देश में निर्देश जारी करेंगे।' ओल्ड राजेंद्र नगर स्थित 'राव आईएएस स्टडी सर्किल' के बेसमेंट स्थित पुस्तकालय में भारी बारिश के कारण पानी भर गया था, जिससे सिविल सेवा की परीक्षा की तैयार कर रहे तीन अभ्यर्थियों की डूबने से मौत हो गई थी।

# नीट-पीजी प्रारूप में बदलाव पर सुप्रीम कोर्ट के सवाल

● राष्ट्रीय शिक्षा बोर्ड और केंद्र से एक सप्ताह के भीतर जवाब मांगा

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को राष्ट्रीय शिक्षा बोर्ड द्वारा नीट-पीजी, 2024 के प्रारूप में अंतिम समय में किए गए बदलाव पर सवाल उठाते हुए कहा कि यह "बहुत ही असामान्य" है और इससे छात्रों में "अवसाद" पैदा हो सकता है। प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने छात्रों की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता विभा दत्ता मखीजा और वकील तन्वी दुबे की दलीलों पर गौर किया और याचिकाओं पर राष्ट्रीय शिक्षा बोर्ड (एनबीई) और केंद्र से एक सप्ताह के भीतर जवाब मांगा तथा इन्हें 27 सितंबर को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध कर दिया।सुनवाई की शुरुआत में वरिष्ठ अधिवक्ता ने कहा कि यह मुद्दा 11 अगस्त को आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातकोत्तर (नीट-पीजी) के परीक्षा प्रारूप, अंकों के सामान्यीकरण, उत्तर कुंजी के खुलासे और प्रश्नपत्रों में अंतिम समय में किए गए बदलाव से संबंधित है। उन्होंने कहा कि न तो कोई नियम थे और न ही स्पष्टता थी तथा परीक्षा को परीक्षा-तिथि से तीन दिन पहले दो भागों में विभाजित कर दिया गया था। उन्होंने कहा, "इसके लिए एक मानकीकृत दृष्टिकोण की आवश्यकता है"। उन्होंने बताया कि परीक्षाएं किस प्रकार आयोजित की जाएंगी, यह सुनिश्चित करने के लिए कोई नियम नहीं हैं। "सब कुछ एक सूचना बुलेटिन पर निर्भर था, जिसे अधिकारियों की इच्छानुसार संशोधित किया जा सकता था।" एनबीई के वकील ने दलीलों का विरोध किया और कहा कि कुछ भी नया और असामान्य नहीं किया गया। प्रधान न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने कहा, "यह बहुत ही असामान्य है... परीक्षाओं से तीन दिन पहले (परीक्षा पैटर्न में बदलाव किया गया)...छात्रों में खलबली मच जाएगी।" उन्होंने स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आगामी काउंसलिंग को ध्यान में रखते हुए याचिकाओं को 27 सितंबर के लिए सूचीबद्ध कर दिया।इशिका जैन और अन्य द्वारा दायर याचिका पर अंतिम सुनवाई 13 सितंबर को हुई थी।

## कॉलेजियम के दोबारा सिफारिश के बावजूद नियुक्ति न करने पर जानकारी तलब

नई दिल्ली, (पंजाब केसरी) उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को केंद्र से यह जानकारी देने को कहा कि उच्च न्यायपालिका में न्यायाधीशों के रूप में नियुक्ति के लिए शीर्ष अदालत के कॉलेजियम ने किन नामों की दोबारा सिफारिश की और उनकी संख्या कितनी है।न्यायालय ने केंद्र से इस बात का कारण भी बताने को कहा है कि इन नामों पर अब तक विचार क्यों नहीं किया गया और यह स्वीकृति किस स्तर पर लंबित है। यह निर्देश प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने एक जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान पारित किया। याचिका में यह निर्देश देने का अनुरोध किया गया है कि उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम द्वारा अनुशंसित न्यायाधीशों की नियुक्ति को अधिसूचित करने के लिए केंद्र के लिए एक समय सीमा तय की जाए। पीठ ने कहा, ''उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम (न्यायाधीशों के लिए) कोई खोजबीन समिति नहीं है जिसकी सिफारिशों को रोका जा सके।'' पीठ ने केंद्र की ओर से पेश अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी से कहा कि वह उसे कॉलेजियम द्वारा दोबारा अनुशंसित किए गए नामों की एक सूची मुहैया कराएं और बताएं कि इन पर स्वीकृति ''क्यों और किस स्तर पर लंबित'' है।

● पीठ ने कहा, "सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम कोई खोजबीन समिति नहीं है जिसकी सिफारिशों को रोका जा सके"

# आईएनएस विक्रांत नौसेना में शामिल



**मुंबई,** (पंजाब केसरी) भारतीय नौसेना ने शुक्रवार को कहा कि स्वदेशी विमान वाहक पोत आईएनएस विक्रांत पश्चिमी नौसेना के बेड़े में शामिल हो गया है और इससे अरब सागर में समुद्री शक्ति में महत्वपूर्ण बढ़ोतरी होगी।इसके साथ ही भारतीय नौसेना के पास पश्चिमी मोर्चे पर दो विमानवाहक पोत - आईएनएस विक्रांत और आईएनएस विक्रमादित्य हो गए हैं। एक अधिकारी ने बताया कि दोनों विमानवाहक पोत कर्नाटक के कारवार में हैं। पश्चिमी नौसैन्य कमान ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''भारत का स्वदेशी विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत भारतीय नौसेना के पश्चिमी बेड़े में शामिल हो गया है, जो भारतीय नौसेना की 'स्वोर्ड आर्म' की समुद्री शक्ति और पहुंच में महत्वपूर्ण विस्तार है।''

# दिल्ली से नेपाल ट्रेन को हरी झंडी



केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव दिल्ली से नेपाल के लिए डीलक्स पर्यटक ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए। (छाया : मिहिर सिंह)

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन से भारत गौरव डिलक्स पर्यटन ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस ट्रेन में 110 पर्यटक सवार हैं जो 10 दिनों तक भारत और नेपाल के विभिन्न सांस्कृतिक और धार्मिक स्थलों का दर्शन करेंगे। 'भारत-नेपाल मैत्री यात्रा' थीम पर आधारित यह वातानुकूलित ट्रेन पर्यटकों को भारत के तीन धार्मिक शहरों अयोध्या, वाराणसी और सीतामढ़ी की यात्रा कराएगी। इसके बाद इन पर्यटकों को सड़क मार्ग से जनकपुर ले जाया जाएगा और नेपाल के कई धार्मिक स्थलों के दर्शन के लिए काठमांडू तक हवाई यात्रा कराई जाएगी। भारत गौरव योजना 2021-22 में भारतीय रेलवे खानपान और पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) द्वारा रेल मंत्रालय के तहत थीम आधारित टूर पैकेज आयोजित करने के लिए शुरू की गई थी। रेलवे के मुताबिक विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक विषयों पर 291 ऐसी रेल यात्राएं पहले ही आयोजित की जा चुकी हैं, जिनमें रामायण, बौद्ध और जैन धर्म पर आधारित यात्राएं भी शामिल हैं।

# चौथी संतान भी बेटी होने पर पिता ने की हत्या

**इटावा,** (पंजाब केसरी): उत्तर प्रदेश के इटावा जिले के एक गांव में तीन बेटियों के बाद चौथी बेटी का जन्म होने से क्षुब्ध पिता ने एक माह की बच्ची की कथित तौर पर हत्या कर दी। पुलिस ने यह जानकारी दी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने बताया कि जिले के थाना भर्थना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम चंद्रपुरा में बबलू कुमार दिवाकर ने चौथी संतान भी बेटी होने से खिन्न होकर रविवार को नशे की हालत में एक माह की बच्ची को उसकी मां की गोद से छीनकर जमीन पर पटक दिया।उन्होंने बताया कि गंभीर रूप से घायल बच्ची को अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां बुधवार को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। बबलू की पत्नी दीपू की शिकायत के आधार पर बबलू के खिलाफ बीएनएस की धारा 105 (गैर इरादतन हत्या) के तहत मामला दर्ज किया गया। वर्मा ने बताया कि पुलिस ने आरोपी बबलू को बृहस्पतिवार को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि बबलू की दो शादी हुईं हैं, उसकी पहली पत्नी से दो बेटियां थीं और पहली पत्नी की मृत्यु के उपरांत उसने दूसरी शादी दीपू के साथ की। उन्होंने बताया कि दीपू से भी पहली संतान बेटी पैदा हुई। तीन बेटियां होने के बाद चौथी बेटी का जन्म हाल ही में हुआ तो इससे बबलू खिन्न रहने लगा था और शराब पीने लगा था।

# सोनीपत में दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय मानव मिलन समारोह आज से



**सोनीपत,** (पंजाब केसरी): जैन मुनि डॉ मणिभद्र मुनि जी महाराज के सानिध्य मे दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मानव मिलन सम्मेलन का आयोजन 21 एवं 22 सितम्बर को सोनीपत में होने जा रहा है। डॉ श्री मणिभद्र मुनि जी महाराज ने बताया कि सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य विभिन्न पृष्ठभूमियों के लोगों को एक साथ लाना है। इसमें धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक विचारों का आदान-प्रदान होगा, जिससे मानवता के प्रति एकजुटता का संदेश जाएगा। उन्होने बताया कि जैन धर्म का मूल सिद्धांत अहिंसा है। इस सम्मेलन के माध्यम से हम अहिंसा, शांति और करुणा के संदेश को और व्यापक रूप से फैलाने का प्रयास करेंगे। यह आवश्यक है कि हम अपने दैनिक जीवन में इन मूल्यो को अपनाये। उन्होने बताया अंतरराष्ट्रीय मानव मिलन सम्मेलन एक ऐसा मंच है जहां हम सब एक साथ मिलकर बेहतर समाज की दिशा में कदम बढ़ा सकते हैं। कार्यक्रम में महामहिम राज्यपाल श्री बंड़ारु दत्तात्रेय एवं असम के पूर्व राज्यपाल श्री जगदीश मुखी मुख्य तौर पर शिरकत करेंगे। कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक संध्या एवं शोभा यात्रा भी निकाली जाएगी। सांस्कृतिक संध्या जाग्रति धाम सैक्टर 15 सोनीपत में शनिवार शाम 6 बजे रात्रि 8:30 बजे तक होगी।






# प्रियंका का नड्डा पर हमला, कहा- 82 साल के नेता का निरादर



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के खिलाफ भाजपा नेताओं के विवादास्पद बयानों के बाद मचा सियासी घमासान जारी है। एक तरफ जहां कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की चिट्ठी पर केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने पलटवार किया। वहीं, अब कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने खड़गे की चिट्ठी पर नड्डा के जवाब पर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने भाजपा अध्यक्ष नड्डा पर तंज कसते हुए कहा कि एक वरिष्ठ जननेता का निरादर करने की क्या जरूरत थी? लोकतंत्र की परंपरा और संस्कृति, प्रश्न पूछने और संवाद करने की होती है। धर्म में भी गरिमा और शिष्टाचार जैसे मूल्यों से ऊपर कोई नहीं होता। आज की राजनीति में बहुत जहर घुल चुका है। आखिर 82 साल के एक वरिष्ठ नेता का निरादर करने की क्या जरूरत थी? प्रियंका गांधी ने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा,'कुछेक भाजपा नेताओं और मंत्रियों की अनर्गल और हिंसक बयानबाजी के मद्देनजर लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के जीवन की सुरक्षा के लिए चिंतित होकर कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री जी को एक पत्र लिखा।

# जगन्नाथ मंदिर 'रत्न भंडार' का सर्वेक्षण पुनः शुरु होगा

**भुवनेश्वर,** (पंजाब केसरी) भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) शनिवार से पुरी में 12 वीं सदी के एतिहासिक मंदिर के 'रत्न भंडार' का पुरातात्विक सर्वेक्षण करेगा। श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन (एसजेटीए) ने यह जानकारी दी। एसजेटीए के मुख्य प्रशासक अरबिंद पाधी ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि सर्वेक्षण 21, 22 और 23 सितंबर को अपराह्न एक बजे से शाम छह बजे तक किया जाएगा। उन्होंने कहा, ''मंदिर में श्रद्धालुओं के प्रवेश पर प्रतिबंध रहेगा।सूत्रों के अनुसार, इससे पहले 18 सितंबर को एसजेटीए ने एएसआई महानिदेशक को पत्र लिखकर दशहरा और कार्तिक माह में देवताओं के विशेष अनुष्ठानों के मद्देनजर रत्न भंडार का तकनीकी सर्वेक्षण 24 सितंबर तक पूरा करने का अनुरोध किया था।

स्पोर्ट्स
चहल ने लगातार दूसरे...

भारत का सर्वाधिक प्रसारित हिन्दी दैनिक
"कलम, बलिदान और स्वाभिमान की परिभाषा"

स्पोर्ट्स
भारत को 2047 तक खेलों में...

संस्थापक: शहीद शिरोमणि लाला जगतनारायण जी, अमर शहीद रमेश चन्द्र जी एवं कलम के योद्धा अश्विनी कुमार जी

# पंजाब केसरी

युवा भारत युवा अखबार

PunjabKesari.com PunjabKesari.com @punjabkesaricom

शनिवार 21 सितम्बर, 2024 ◆ दिल्ली ◆ तदनुसार 6 आश्विन 2081

Punjab Kesari, Delhi
वर्ष : 41 / अंक : 264
Ph. : 011-30712200, 45212200











# बंगलादेशी घुसपैठियों को चुन-चुन कर बाहर भेजेंगे

## हेमंत सरकार भ्रष्ट, आदिवासियों का भला नहीं कर सकती

**आशीष शर्मा/साहिबगंज, रायपुर**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को झारखंड के साहिबगंज जिले के भोगनाडीह गांव से भाजपा की परिवर्तन यात्रा का आगाज किया। इस मौके पर अमित शाह ने साहिबगंज पुलिस लाइन मैदान में आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि यह यात्रा झारखंड में भ्रष्ट और बांग्लादेशी-रोहिंग्या घुसपैठियों को संरक्षण देने वाली सरकार को हटाकर राज्य का विकास करने वाली भाजपा की सरकार बनाने का संदेश घर-घर पहुंचाएगी।

भाजपा की सरकार बनते ही संथाल परगना से बांग्लादेशी घुसपैठियों को चुन-चुनकर वापस भेजेंगे, यह हमारा वादा है। वहीं शाह ने नक्सल पीड़ित परिवारों को आश्वासन दिया कि अगर नकसलियों ने सरेंडर नहीं किया तो उनका खात्मा कर दिया जाएगा। इससे पहले उन्होंने रायपुर का दौरा किया था और दिल्ली में कहा कि नक्सल पीड़ितों के उत्थान के लिए सरकार पूरी मदद करेगी। वहीं झारखंड में अमित शाह ने राज्य की हेमंत सोरेन सरकार को देश की सबसे भ्रष्ट सरकार बताते हुए कहा कि इन्होंने एक हजार करोड़ का मनरेगा घोटाला, 600 करोड़ का जमीन घोटाला, 1000 करोड़ का खनन घोटाला और 40 करोड़ का शराब घोटाला किया है। ये लोग सेना की जमीन तक खा गए। ऐसी सरकार कभी झारखंड के लोगों और आदिवासियों का भला नहीं कर सकती। परिवर्तन यात्रा का उद्देश्य सिर्फ हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली झामुमो-कांग्रेस-आरजेडी सरकार को हटाकर भाजपा को लाना नहीं, बल्कि झारखंड में एक ऐसी सरकार बनाना है, जो भ्रष्टाचार को रोके और बांग्लादेशी घुसपैठियों को यहां से बाहर भेज सके।



### नक्सल पीड़ितों को शाह का भरोसा

छत्तीसगढ़ में नक्सली वारदात और लगातार हिंसा में अपाहिज हो चुके लोगों ने दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात कर अपना दुखड़ा सुनाया। उन्होंने गुहार लगाई की नक्सली समस्याओं को लेकर सरकार जल्द ही खात्मे की पहल करें। इस मामले में गृह मंत्री ने छत्तीसगढ़ में बस्तर के पीड़ितों को भरोसा दिलाया है कि सरकार उनके साथ खड़ी है। छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद को जड़ से खत्म कर देंगे। अगर नक्सलियों ने हथियार नहीं छोड़ा तो वह कार्रवाई के लिए भी तैयार रहें। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद के खात्मे के लिए विष्णु देव सरकार ठोस कदम उठाएगी। – पढ़ें पृष्ठ 4 पर

# पूर्व सीईओ और बिल्डरों के पास से मिले 42 करोड़

**पंजाब केसरी/नई दिल्ली**


- नोएडा में 'लोटस 300 प्रोजेक्ट्स' के घर खरीदारों के साथ 426 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का आरोप



प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने घर खरीदारों के धन के कथित हेरफेर से जुड़े धन शोधन मामले में नोएडा प्राधिकरण के सेवानिवृत्त सीईओ मोहिंदर सिंह और बिल्डरों से जुड़े कई ठिकानों पर छापे मारकर 42 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की नकदी, सोना और हीरे के आभूषण जब्त किये हैं। ईडी ने हैसिंडा प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड, इसके प्रवर्तकों व निदेशकों और संबंधित संस्थाओं द्वारा की गई कथित धोखाधड़ी की जांच के सिलसिले में 17-18 सितंबर को दिल्ली, नोएडा और उत्तर प्रदेश के मेरठ के साथ-साथ चंडीगढ़ और गोवा में स्थित परिसरों पर छापे मारे।

प्रवर्तन निदेशालय ने कहा कि नोएडा में 'लोटस 300 प्रोजेक्ट्स' के घर खरीदारों के साथ 426 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की गई। कंपनी, इसके प्रवर्तकों और संबंधित संस्थाओं जैसे एचपीपीएल, क्लाउड 9 प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड, सुरप्रीत सिंह सूरी, विदुर भारद्वाज, निर्मल सिंह, आदित्य गुप्ता, आशीष गुप्ता और सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी सिंह के कार्यालय और आवासीय परिसरों पर छापे मारे गए। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के निर्देश पर प्रवर्तन निदेशालय ने ''निवेशकों और मकान खरीदारों की गाढ़ी कमाई को हड़पने और अंतत: उन्हें वाद के अनुसार फ्लैट नहीं देने'' के आरोप में हैसिंडा प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड और उसके प्रवर्तकों के खिलाफ धन शोधन का मामला दर्ज किया था। दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने इस मामले में शुरुआती प्राथमिकी दर्ज की थी। ईडी ने कहा कि छापेमारी के दौरान 42.56 करोड़ रुपये की नकदी और आभूषण जब्त किए गए। इसमें 85 लाख रुपये की 'बेहिसाब' नकदी, 29.35 करोड़ रुपये के सोने और हीरे के आभूषण, 5.26 करोड़ रुपये का एक सॉलिटेयर हीरा, 7.1 करोड़ रुपये के हीरे के आभूषण और करोड़ों रुपये की संपत्ति के दस्तावेज शामिल हैं।

> अपना उल्लू सीधा करने के लिए शैतान भी धर्मशास्त्र के हवाले दे सकता है।
> -विलियम शेक्सपीयर






आदित्य नारायण चोपड़ा
adityachopra@punjabkesari.com


# आतंकी पन्नू का हमदर्द अमेरिका

**अमेरिका** दुनिया का शक्तिशाली देश है। उसके इशारे पर पलभर में समीकरण बनते और बिगड़ते हैं। एक खास बात यह है कि अमेरिकी खुद को सबसे सर्वश्रेष्ठ मानते हैं। हालांकि अति आत्मविश्वास या घमंड के चलते उन्हें बहुत नुक्सान भी उठाना पड़ रहा है। विडम्बना यह है कि आतंकवाद चरमपंथ और हिंसा पर एक्शन अमेरिका अपनी सहूलियत के हिसाब से लेता है। क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान और आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप भी सुविधा के हिसाब से नहीं हो सकता। इस मामले में भारत ने हमेशा ही अमेरिका सहित कई देशों को आइना दिखाया। आतंकवाद पर अमेरिका ने हमेशा दोहरा रवैया अपनाया। खालिस्तान समर्थक संगठन सिख फॉर जस्टिस के सरगना गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की कोशिश में न्यूयार्क के दक्षिणी जिले की अमेरिकी जिला कोर्ट ने भारत के राष्ट्रीय सलाहकार अजित डोभाल, पूर्व रॉ प्रमुख सामंत गोयल को सम्मन भेजा है। इस पर भारत ने कड़ी आपत्ति जताई है। अमेरिकी कोर्ट ने आरोपी दो व्यक्तियों निखिल गुप्ता और विक्रम यादव को भी सम्मन भेजा है। पन्नू हत्या की साजिश के मामले में अमेरिका पहले भी भारत पर कई अनर्गल आरोप लगा चुका है।

क्या अमेरिका आतंकवादी पन्नू का इतिहास नहीं जानता? क्या अमेरिका नहीं जानता कि सिख फॉर जस्टिस संगठन एक गैर कानूनी संगठन है, जिस पर भारत ने प्रतिबंध लगाया हुआ है। पन्नू भारत की सम्प्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता को बाधित करने के मकसद से राष्ट्र विरोधी और विध्वंसक गतिविधियों में शामिल रहता है और भारत के विरुद्ध जहर उगलता रहता है। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन टूडो की तो खालिस्तानियों का समर्थन करने के पीछे सत्ता की मजबूरियां साफ दिखाई देती हैं लेकिन अमेरिका का आतंकवादी पन्नू का हमदर्द हो जाना हैरानी भरा है। अमेरिका भारत को अपना रणनीतिक सहयोगी मानता है लेकिन इसके बावजूद वह भारत पर दबाव बनाने के लिए ऐसी हरकतें करता रहता है। हो सकता है कि अमेरिका प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की यात्रा से पहले भारत पर दबाव बढ़ाने के लिए कोई चाल चल रहा हो। भारत पहले ही पन्नू की हत्या की साजिश के आरोपों का खंडन कर चुका है, पर सवाल यह उठता है कि जो शख्स भारत के खिलाफ लगातार आग उगल रहा हो, भारत में हुई कई आतंकी कार्रवाई में शामिल रहा हो, भारत के विमान को बम से उड़ाने की धमकी दे रहा हो, भारत में हो रहे क्रिकेट विश्व कप के दौरान बम धमाके की बात कर रहा हो, क्या भारत सरकार को उसकी आरती उतारनी चाहिए? अमेरिका क्यों नहीं समझ रहा है कि हो सकता है कि गुरपतवंत पन्नू भी पाकिस्तानी अमेरिकी डेविड कोलमैन हेडली की तरह अमेरिका में बैठकर खतरनाक आतंकी हमले की प्लानिंग कर रहा हो? क्या जिस तरह अमेरिका डेविड कोलमैन हेडली के मुंबई हमलों को अंजाम देने के बाद हरकत में आया था वैसा ही गुरपतवंत सिंह पन्नू के साथ भी करेगा? क्या केवल अमेरिका को ही अपनी आंतरिक सुरक्षा के लिए किसी भी देश में एक्शन लेने का अधिकार है?

भारत यह कभी भूल नहीं सकता कि जब भारतीय अधिकारी हेडली से पूछताछ करने अमेरिका गए थे तब उन्हें हेडली से मिलने भी नहीं दिया गया था। क्या अमेरिका और कनाडा किसी आतंकवादी की अपने घर में आरती उतारते रहे हैं, इसकी कोई नजीर है? 9/11 के दोषी ओसामा बिन लादेन को अमेरिका ने किस हैसियत से पाकिस्तान में घुसकर मारा था? क्या पाकिस्तान में ओसामा को मारने के लिए अमेरिकी एजेंसियों ने पाक सरकार से परमिशन ली थी? अगर एक आतंकवादी को ठिकाने लगाने के लिए एक देश को दूसरे देश से परमिशन लेनी पड़ेगी तो आतंकवाद से किस तरह लड़ाई लड़ी जा सकेगी?

अमेरिका को आतंकवाद की पीड़ा का अहसास तब हुआ जब उस पर 9/11 का हमला हुआ। अमेरिका कई बार भारत और पाकिस्तान को एक तराजू में तोलता है और कई बार ऐसा लगता है कि उसे भारत के हितों की चिंता नहीं है। अतीत में जाएं तो कश्मीर निशस्त्रीकरण, जापान, कोरिया, चीन इत्यादि मसलों पर भी अमेरिका का रवैया भारत के दृष्टिकोण के विपरीत रहा है। अब जबकि भारत और अमेरिका के संबंध मित्र देशों जैसे हैं। इसके बावजूद आतंकवाद के मसले पर उसका डबल गेम सवाल तो खड़े करता ही है। पिछले वर्ष भी उसके डबल गेम पर भारत ने कड़ा प्रोटैस्ट जताया था, जब पाकिस्तान में अमेरिकी राजदूत डेविड ब्लोम ने गोपनीय तरीके से पाक अधिकृत कश्मीर का दौरा किया था। अमेरिका को यह समझ लेना चाहिए कि पन्नू के पास भले ही अमेरिका की नागरिकता हो लेकिन वह भारत में डेढ़ दर्जन से अधिक आतंकी मामलों में शामिल है।

मित्र होने के नाते ऐसा नहीं है कि भारत अमेरिकी एजेंडे पर चलने लगेगा। भारत अपने फैसले स्वयं लेता है। हिन्द महासागर में अमेरिका और भारत सहयोग एक-दूसरे की जरूरतों पर आधारित है। भारत अब 90 के दशक वाला भारत नहीं है और आतंकवाद के खिलाफ मोदी सरकार जीरो टॉलरेंस की नीति अपना रही है। अमेरिकी कोर्ट द्वारा भेजे गए सम्मन पूरी तरह से अनुचित हैं। बेहतर होगा कि अमेरिका भारत का सहयोग करे तभी उसे भारत से अपेक्षित सहयोग मिल पाएगा।

# आतंकी पन्नू से जुड़े आतंकी षड्यंत्र मामले में छापेमारी

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू और उससे संबद्ध प्रतिबंधित संगठन सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) से जुड़े आतंकी षड्यंत्र मामले की जांच के तहत शुक्रवार को पंजाब में चार स्थानों पर तलाशी ली। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि एनआईए के दलों ने मोगा में एक स्थान पर, बठिंडा में दो स्थानों और मोहाली में एक स्थान पर मामले के संदिग्धों से जुड़े परिसरों पर छापेमारी की।

बयान में कहा गया है कि छापेमारी के दौरान डिजिटल उपकरणों समेत विभिन्न सामग्री जब्त की गई, जिनकी जांच की जा रही है। एनआईए के बयान में कहा गया है कि मामला पन्नू द्वारा एसएफजे के अन्य सदस्यों के साथ मिलकर कथित तौर पर रची गई साजिश से संबंधित है। एनआईए ने शुक्रवार को एसएफजे के नेता गुरुपतवंत सिंह पन्नू द्वारा आतंकवाद से संबंधित गतिविधियों और हिंसा को बढ़ावा देने से संबंधित एक मामले में पंजाब में चार स्थानों पर छापे मारे। एजेंसी ने एअर इंडिया के यात्रियों को धमकाने वाले वीडियो संदेश जारी करने के लिए 17 नवंबर, 2023 को पन्नू और एसएफजे के खिलाफ मामला दर्ज किया था।



- एनआईए ने पंजाब में चार स्थानों पर तलाशी ली

# सुप्रीम कोर्ट ने जज की टिप्पणियों पर लिया संज्ञान

**पंजाब केसरी/नई दिल्ली**

- कर्नाटक हाईकोर्ट में एक जज ने महिला वकील के प्रति अपमानजनक टिप्पणी की थी



सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कर्नाटक हाईकोर्ट के एक जज द्वारा की गई आपत्तिजनक टिप्पणियों के मामले में स्वत: संज्ञान लिया है। यह निर्णय सुप्रीम कोर्ट के पांच जजों की खंडपीठ ने लिया, जिसमें भारत के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ भी शामिल हैं।

कर्नाटक हाईकोर्ट में जस्टिस वेदव्यासाचार स्रीशानंद ने एक मामले की सुनवाई के दौरान एक महिला वकील के प्रति अपमानजनक टिप्पणी की थी और बेंगलुरू के एक मुस्लिम बहुल क्षेत्र को 'पाकिस्तान' कहा था। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में कर्नाटक हाईकोर्ट से स्पष्टीकरण मांगा है। इसके साथ ही, कोर्ट ने अटॉर्नी जनरल और सॉलिसिटर जनरल को भी इस मामले में सहायता के लिए बुलाया है। इस संबंध में अगली सुनवाई 25 सितंबर को होगी। सोशल मीडिया पर जज स्रीशानंद की दो वीडियो क्लिप तेजी से वायरल हो गई हैं। एक क्लिप में, जज ने बेंगलुरू के एक मुस्लिम बहुल क्षेत्र को 'पाकिस्तान' संबोधित करते हुए कहा कि वहां की स्थिति कुछ खास अच्छी नहीं है। दूसरी क्लिप में, उन्होंने महिला वकील से कहा, आप विपक्षी पार्टी के बारे में काफी ज्यादा जानती हैं,और इसके बाद उनकी टिप्पणी से काफी विवाद पैदा हो गया। इस मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट की वकील इंदिरा जयसिंह ने गुरुवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर ट्वीट कर न्यायालय से स्वत: संज्ञान लेने की अपील की थी। उन्होंने बताया कि ऐसी टिप्पणियां न केवल न्यायपालिका की गरिमा को नुकसान पहुंचाती हैं। बल्कि समाज में भी नकारात्मक प्रभाव डालती हैं।

## सेंसेक्स पहली वार 84,000 पार हुआ, बन गया रिकॉर्ड

**मुंबई,** (पंजाब केसरी): वैश्विक बाजारों में तेजी के रुझान के बीच अग्रणी बैंकों के शेयरों में खरीदारी आने से शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजार अपने उच्चतम स्तर पर बंद हुए। निवेशकों की संपत्ति 6.24 लाख करोड़ रुपये बढ़ी। सेंसेक्स पहली बार ऐतिहासिक 84,000 अंक से ऊपर बंद हुआ जबकि निफ्टी ने भी नया रिकॉर्ड स्तर हासिल किया। सेंसेक्स 1,359.51 अंक यानी 1.63 प्रतिशत उछलकर 84,544.31 के सर्वकालिक उच्च स्तर पर बंद हुआ। -पढ़ें पृष्ठ 8 पर

## शरद पवार ने खटखटाया सुप्रीम कोर्ट का द्वार

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले शरद पवार के नेतृत्व वाले गुट ने शुक्रवार को उच्चतम न्यायालय का रुख कर मांग की कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के दोनों गुटों को नए चुनाव चिह्न दिए जाएं। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने याचिका पर सुनवाई के लिए 25 सितंबर की तारीख तय की। इससे पहले शरद पवार गुट की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने दलील दी कि महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर वह मामले को तत्काल सूचीबद्ध करना चाहते हैं।

# मणिपुर : मंत्री के निजी सहायक का अपहरण

**इंफाल,** (पंजाब केसरी): मणिपुर के उपभोक्ता मामलों के मंत्री एल.सुसिंद्रो के निजी सहायक का अज्ञात लोगों ने पूर्वी इंफाल जिले में स्थित उनके आवास के नजदीक से शुक्रवार को कथित तौर पर अपहरण कर लिया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि एस.सोमोरेंद्रो (43)का अपहरण करने के पीछे की मंशा अभी अज्ञात है। उसने बताया कि अबतक किसी समूह ने इस घटना की जिम्मेदारी नहीं ली है और पूरे प्रकरण की जांच की जा रही है। यह घटना बृहस्पतिवार रात को बिष्णुपुर जिले में पूर्व मुख्य सचिव ओइनाम नबकिशोर के आवास पर सशस्त्र हमलावरों द्वारा कम से कम पांच राउंड गोली चलाने के बाद हुई है। इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ। पुलिस ने घटनास्थल से खोखे बरामद किए हैं और मामले में बिष्णुपुर पुलिस थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है।

**पुलिस की दादागिरी** रोड रेज की शिकायत दर्ज करवाने पुलिस थाने गए थे दोनों...

# थाने में आर्मी ऑफिसर से मारपीट, कपड़े उतारे : मंगेतर का किया यौन उत्पीड़न

- भुवनेश्वर के इंस्पेक्टर इंचार्ज समेत 5 पुलिसकर्मी सस्पेंड

**भुवनेश्वर,** (पंजाब केसरी): ओडिशा के भुवनेश्वर स्थित भरतपुर पुलिस स्टेशन में एक आर्मी ऑफिसर से मारपीट और उनकी मंगेतर से यौन उत्पीड़न का मामला सामने आया है। पीड़ित महिला आर्मी ऑफिसर के साथ रोड रेज की शिकायत दर्ज करवाने पुलिस थाने गई थी।

थाने में पुलिसकर्मियों ने उनसे पहले बदसलूकी की, फिर आर्मी ऑफिसर को लॉकअप में बंद कर दिया। पीड़ित ने इसका विरोध किया तो उनके साथ मारपीट की और हाथ-पैर बांध दिए।पीड़ित के मुताबिक, एक पुरुष अधिकारी ने उनके अंडरगार्मेंट उतारे। फिर छाती पर लातें मारीं। थाने में जब इंस्पेक्टर-इन-चार्ज पहुंचा तो उसने पीड़ित की पैंट नीचे कर अपना प्राइवेट पार्ट दिखाया और अश्लील बातें कीं। घटना 15 सितंबर की है।


पुलिस ने पीड़ित को बदतमीजी के आरोप में गिरफ्तार किया था। 19 सितंबर को हाईकोर्ट से जमानत के बाद उनका भुवनेश्वर एआईआईएमएस में इलाज कराया गया, जिसके बाद उन्होंने ये खुलासा किया। पीड़ित के आरोपों के बाद डीजी वाईबी खुरानिया के निर्देश पर गुरुवार को चांदका थाने में शिकायत दर्ज की गई। उन्होंने क्राइम ब्रांच को जांच के आदेश दिए, जिसके बाद भरतपुर के इंस्पेक्टर इंचार्ज समेत 5 पुलिस अधिकारियों को सस्पेंड किया गया।

इस बीच लॉबी में दो महिला पुलिस अधिकारियों ने मेरी मंगेतर के साथ मारपीट की। सुबह 6 बजे, जब मेरी मंगेतर ने पुलिस अधिकारियों से गिरफ्तारी वारंट की मांग की, तो उसे एक कमरे में घसीटा गया और एसआई प्रभारी सहित चार पुरुष और तीन महिला पुलिस अधिकारियों ने उसके कपड़े उतार दिए।

# सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई को फटकार लगाई

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : उच्चतम न्यायालय ने 2021 की हिंसा के बाद के मामलों को पश्चिम बंगाल से बाहर स्थानांतरित करने का अनुरोध करने वाली केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की याचिका में अदालतों पर ''शर्मनाक आरोप'' लगाने के लिए केंद्रीय एजेंसी को फटकार लगाई। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति पंकज मिथल की पीठ ने कहा कि सीबीआई पश्चिम बंगाल में पूरी न्यायपालिका पर आरोप नहीं लगा सकती।

पीठ ने सीबीआई की ओर से पेश एएसजी एस. वी. राजू से कहा कि राजू जी, इसमें किस तरह के आधार बताए गए हैं। आप पूरी न्यायपालिका पर कैसे आरोप लगा सकते हैं? आप ऐसा दिखा रहे हैं कि मानो पूरे पश्चिम बंगाल में प्रतिकूल माहौल है। उसने कहा, ''ऐसा हो सकता है कि आपके अधिकारी किसी न्यायिक अधिकारी या किसी विशेष राज्य को पसंद न करें लेकिन यह मत कहिए कि पूरी न्यायपालिका काम नहीं कर रही। न्यायाधीश, जिला न्यायाधीश और दीवानी न्यायाधीश और सत्र न्यायाधीश यहां आकर अपना बचाव नहीं कर सकते। राजू ने याचिका में कही बातों का बचाव करते हुए कहा कि आरोप लगाने का कोई इरादा नहीं है, मामले को ठीक ढंग से पेश नहीं किया गया है।



**अभियान के पहले और बाद की तस्वीरें एलजी सचिवालय के साथ साझा करने को कहा...**

# महिला सुरक्षा को लेकर एलजी सतर्क डार्क स्पॉट खत्म करने के दिए निर्देश

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना महिला सुरक्षा को लेकर सतर्क हो गए हैं। उन्होंने महिला सुरक्षा पर टास्क फोर्स की 19वीं बैठक की अध्यक्षता करते हुए दिल्ली सरकार के सभी विभागों को 15 दिवसीय विशेष अभियान चलाकर सभी डार्क स्पॉट की पहचान करने और उन्हें एक पखवाड़े के अंदर ठीक करने का आदेश दिया है। एलजी ने इस तरह के स्थानों को अधिक संवेदनशील बताते हुए अभियान के 'पहले और बाद" की तस्वीरें एलजी सचिवालय को भेजने को कहा। बैठक में उन्होंने दिल्ली पुलिस को सभी डार्क स्पॉट विशेष रूप से बस स्टॉप के पास की पहचान करने को कहा। साथ ही उन्होंने इसका नए सिरे से ऑडिट करने का निर्देश दिया।

बैठक में बताया गया कि सेफ्टीपिन ऑडिट में 1406 डार्क स्पॉट की पहचान की गई है, जिन्हें रोशन करने की जरूरत है। एमसीडी कमिश्नर ने बताया कि इनमें से 1158 डार्क स्पॉट को रोशन किया जा चुका है। एलजी ने इस पर चिंता जताते हुए एमसीडी कमिश्नर को अगले एक महीने के भीतर यह काम पूरा करने के निर्देश दिए हैं। इस बैठक में दिल्ली के मुख्य सचिव के अलावा गृह विभाग, दिल्ली पुलिस, एमसीडी, परिवहन विभाग, प्रशासनिक सुधार , कानून-विभाग, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, राजस्व विभाग व पीडब्ल्यूडी के वरिष्ठ अधिकारी समेत अन्य विभागों के अधिकारी भी शामिल थे।

इस दौरान दिल्ली पुलिस ने एलजी को सूचित किया, दिल्ली में संवेदनशील स्थानों पर 10,000 एआई-सक्षम सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं और संकट में महिलाओं की मदद के लिए 15 महिला पीसीआर वैन तैनात हैं। शहर में 15 साइबर अपराध पुलिस स्टेशन भी चालू किए गए हैं। दिल्ली पुलिस के चालू अभियान जिनमें 'निर्भीक", 'नाजुक", 'शिष्टाचार"और 'परिवर्तन"शामिल हैं, जागरूकता बढ़ाने और व्यवहार परिवर्तन को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण हैं।


महिला सुरक्षा पर टास्क फोर्स की 19वीं बैठक की अध्यक्षता करते एलजी।

### सार्वजनिक वाहन चलाने वाली महिला ड्राइवरों को दें ट्रेनिंग

इस दौरान एलजी ने टास्क फोर्स को दिल्ली में सार्वजनिक वाहन चलाने में रूचि रखने वाली 500 महिलाओं की पहचान करने को भी कहा ताकि उन्हें इसके लिए प्रशिक्षित किया जा सके। इस पहल का उद्देश्य 'ड्रोन दीदी' कार्यक्रम की सफलता को दोहराना है। परिवहन विभाग ने बताया कि अब तक 660 महिला ड्राइवर थ्री-व्हीलर ऑटो, 96 महिला ड्राइवर डीटीसी बस चलाती हैं और 1100 बस कंडक्टर हैं। साथ ही परिवहन विभाग ने यह भी बताया कि 1121 बसों में पैनिक बटन पहले ही लगाए जा चुके हैं लेकिन इसे आपातकालीन कॉल नंबर 112 के साथ एकीकृत करने की आवश्यकता है। एलजी ने परिवहन आयुक्त को व्यक्तिगत रूप से इस मामले को निर्धारित समय सीमा में पूरा करने का निर्देश दिया।

# भाजपा ओबीसी मोर्चा ने राहुल गांधी के बयान के खिलाफ किया विरोध प्रदर्शन

**वीरेन्द्र सचदेवा, रामवीर सिंह बिधूड़ी, कमलजीत सहरावत और सुनील यादव रहे मौजूद**




**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): दिल्ली भाजपा ओबीसी मोर्चा ने शुक्रवार को कांग्रेस मुख्यालय के बाहर राहुल गांधी द्वारा विदेश में दिए गए बयान के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। ओबीसी मोर्चा ने मांग की है कि राहुल गांधी ने ओबीसी समाज के खिलाफ जो बयान दिया है, उसके लिए वह माफी मांगें नहीं तो उनके खिलाफ पूरे देश में विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा। सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी के नेतृत्व में हुए विरोध प्रदर्शन को प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा, सांसद एवं प्रदेश महामंत्री कमलजीत सहरावत एवं दिल्ली भाजपा ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष सुनील यादव ने प्रदर्शनकारियों को संबोधित किया। प्रदर्शनकारियों ने राहुल गांधी का पुतला जलाकर उनका रोष जताया। विरोध प्रदर्शन को संबोधित करते हुए रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा कि पिछड़े वर्ग के लोगों में गुस्सा भरा हुआ है। राहुल गांधी ने जिस तरह से पिछड़े वर्ग के लोगों को, एससी एवं एसटी समाज के लोगों का आरक्षण खत्म करने का लेकर बयान दिया वह काफी निंदनीय है। जो आरक्षण बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने दिया, उसे समाप्त करने की घोषणा विदेशी धरती पर की जिसकी हम कड़ी निंदा करते हैं। बिधूड़ी ने कहा कि हम राहुल गांधी को जानकारी देना चाहते हैं कि आज भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पिछड़े वर्ग से हैं और मोदी सरकार में सबसे ज्यादा मंत्री पिछड़े वर्ग के लोग हैं। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री पिछड़े वर्ग से हैं। हरियाणा के मुख्यमंत्री पिछड़े वर्ग से हैं और मोदी सरकार ने ओबीसी आयोग को संवैधानिक दर्जा देने का काम किया है।

वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि राहुल गांधी जब हिन्दुस्तान में होते हैं तो पीआर कंपनी के इशारे पर जैसा उन्हें आदेश मिलता है, उसी हिसाब से वह काम करते हैं। कभी राह चलते राहगीर के साथ चले जाते हैं, तो कभी चाय की दुकान पर बैठ जाते हैं और कभी स्टेशन पर सूटकेस ढोने लगते हैं और फिर पूरी कांग्रेस अपनी नेता के लिए सहानुभूति बटोरने में लग जाती है, लेकिन जब वह विदेश पहुंचते हैं तो उनका असली चेहरा सामने आता है।

कमलजीत सहरावत ने कहा कि राहुल गांधी देश में संविधान को लेकर बार-बार भाजपा पर सवाल उठाते हैं, लेकिन वही राहुल गांधी जब विदेश में जाते हैं तो वहां जाकर कहते हैं कि हमारी पार्टी आरक्षण के पक्ष में नहीं हैं और जब कभी भी हमारी पार्टी को मौका मिलेगा हम आरक्षण को हटाएंगे। सुनील यादव ने कहा कि जब तक भाजपा है, तब तक कांग्रेस और राहुल गांधी की ओबीसी आरक्षण को खत्म करने की मंशा पूरी नहीं होने देगी।

## स्वाति मालीवाल को दिल्ली हाईकोर्ट से नहीं मिली राहत

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): दिल्ली महिला आयोग में नियुक्तियों में गड़बड़ी के मामले में दिल्ली हाईकोर्ट ने शुक्रवार को राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल को राहत देने से इनकार कर दिया। हाईकोर्ट ने इस मामले में दायर स्वाति मालीवाल की याचिका को खारिज कर दिया है।



स्वाति मालीवाल ने अपनी याचिका में ट्रायल कोर्ट के आरोप तय करने के आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। बता दें कि स्वाति मालीवाल पर आरोप है कि उन्होंने दिल्ली महिला आयोग के अध्यक्ष पद पर रहते हुए अगस्त 2015-16 के बीच गैरकानूनी तरीके से अपने जानकार, आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं की नियुक्ति की। जस्टिस अमित महाजन ने मालीवाल के खिलाफ आरोप तय करने के आदेश को रद्द करने से इनकार कर दिया। इससे पहले आठ दिसंबर, 2022 को ट्रायल कोर्ट ने मालीवाल और तीन अन्य के खिलाफ भारतीय दंड संहिता और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 13(एक)(डी) (लोक सेवक द्वारा आपराधिक कदाचार) सहित अन्य प्रावधानों के तहत आरोप तय करने का आदेश दिया था। यह मामला भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने डीसीडब्ल्यू की पूर्व अध्यक्ष और बीजेपी नेता बरखा शुक्ला सिंह की शिकायत पर दर्ज किया था। हाईकोर्ट ने पिछले साल आपराधिक मामले में मालीवाल के खिलाफ ट्रायल कोर्ट की कार्यवाही पर रोक लगा दी थी। अभियोजन पक्ष के अनुसार, आरोपियों ने एक-दूसरे के साथ मिलकर अपने आधिकारिक पद का दुरुपयोग किया और आप कार्यकर्ताओं को आर्थिक लाभ मिला, जिन्हें उचित प्रक्रिया का पालन किए बिना डीसीडब्ल्यू के विभिन्न पदों पर नियुक्त किया गया।

## द्वारका आवासीय योजना के लिए 24 से लाइव ई-ऑक्शन

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) की द्वारका आवासीय योजना के लिए 24 से 26 सितंबर के बीच लाइव ई-ऑक्शन किया जाएगा। यह लाइव ई-ऑक्शन प्रतिदिन सुबह 11 बजे से लेकर 12 बजे तक होगा। इसके बाद दोपहर तीन बजे से चार बजे तक किया जाएगा। डीडीए ने एक बयान जारी कर बताया कि शुरुआती निविदा प्रक्रिया एक घंटे की होगी। इस दौरान यदि बाद के पांच मिनट में किसी फ्लैट के लिए कोई उंची बोली लगायी जाती है तो निविदा प्रक्रिया स्वतः पांच मिनट के लिए बढ़ जाएगी। यह प्रक्रिया केवल 20 मिनट तक जारी रहेगी। यदि कोई निविदा प्रक्रिया दो घंटे 40 मिनट के समय से ज्यादा जारी रहती है तो ई ऑक्शन 1:40 पीएम (मॉर्निंग सत्र) या 5:40 पीएम (दोपहर सत्र) तक चलेगी। यह आवेदनों की संख्या पर निर्भर करेगा। ज्यादा जानकारी के लिए आवेदक ई ऑक्शन ब्रॉशर व इससे संबंधित दिशानिर्देश को देखें।

## 'भाजपा की आप पार्षदों को तोड़ने की कोशिश पैसे का ऑफर, ईडी-सीबीआई की धमकी'

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): दिल्ली नगर निगम में स्टैंडिंग कमेटी का चुनाव जीतने के लिए भाजपा एक बार फिर आम आदमी पार्टी (आप) के पार्षदों को तोड़ने में जुट गई है। आप ने भाजपा में शामिल होने के लिए आप पार्षदों को लाखों-करोड़ों रुपए का ऑफर दिये जाने का आप ने आरोप लगाया है। भाजपा में शामिल नहीं होने पर उन्हें ईडी-सीबीआई से परेशान करने की धमकी दी जा रही है। बुराड़ी से आप विधायक संजीव झा ने बताया कि भाजपा नेता सुंदर तंवर ने हमारे पार्षद को दो करोड़ रुपए और विधायक का टिकट देने का ऑफर दिया है। साथ ही, भाजपा में शामिल न होने पर ईडी-सीबीआई से परेशान करने की धमकी भी दी है। वहीं बवाना से आप पार्षद रिंकू मुकेश सोलंकी के पति मुकेश सोलंकी ने बताया कि कुछ परिचित मुझे भी फोन कर स्टैंडिंग कमेटी के चुनाव में भाजपा को वोट करने का दबाव बना रहे हैं। एमसीडी प्रभारी दुर्गेश पाठक ने कहा कि भाजपा आप पार्षदों को तोड़ने के लिए पैसे का ऑफर और ईडी-सीबीआई की धमकी दे रही है।




अब हमारे सभी पार्षद भाजपा का ऑफर लेकर आने वाले लोगों की रिकॉर्डिंग करेंगे और उसे जनता के बीच एक्सपोज करेंगे। दुर्गेश पाठक ने कहा कि एक तरफ देश मे अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में ईमानदार राजनीति चल रही है। जिसमें एक झूठा आरोप लगने अरविंद केजरीवाल ने कहा कि जब तक मैं जनता की अदालत में अग्नि परीक्षा पास नहीं कर लेता, तब तक मुख्यमंत्री की कुर्सी पर नहीं बैठूंगा और उन्होंने इस्तीफा दे दिया। पूरी दुनिया में ऐसा कोई एक उदाहरण नहीं होगा, जब मुख्यमंत्री के पद पर बैठे हुए व्यक्ति ने आरोप लगने पर इस्तीफा दिया हो। वहीं दूसरी राजनीति भाजपा के नेतृत्व में चल रही है। इस राजनीति में झूठ, फरेब, बेइमानी, धोखाधड़ी, पार्टियों को तोड़ने और सांसद, विधायक और पार्षदों को खरीदने का काम चल रहा है।

## हताश आप अलाप रही ऑपरेशन लोटस का आरोप: वीरेन्द्र सचदेवा

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि आप जब-जब हारती या हताश होती है तो रटा रटाया राजनीतिक अलाप ऑपरेशन लोटस का आरोप शुरू कर देती है। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार के घोटाले से निराश अनेक आप विधायक एवं पार्षद पार्टी छोड़ रहे हैं और आप नेता अपने घर का बिखराव रोकने के लिए भाजपा पर ऑपरेशन लोटस' का आरोप दोहराते रहते हैं। भाजपा को न कल न आज किसी ऑपरेशन लोटस पर विश्वास रहा है और उसका प्रमाण है 2013 में हमारे पास 32 विधायक थे, अनेक विपक्षी विधायक साथ आने को तैयार थे, लेकिन हमने ऐसा प्रस्ताव ठुकरा दिया था।

webuild REQUIRED FOR SAUDI ARABIA
FREE RECRUITMENT SHORTLISTING IN PROGRESS
FINAL CLIENT INTERVIEW ON 30TH SEPTEMBER 2024 AT DELHI
- BACKHOE LOADER OPERATOR
- HYDRAULIC EXCAVATOR OPERATOR
- DOZER OPERATOR
- SEMITRAILER FLATBED 12M OPERATOR
- WHEEL LOADER OPERATOR
- CONCRETE MIXER TRUCK OPERATOR
- VACUUM TRUCK OPERATOR
- CRAWLER DRILLING RIG + WAGON DRILL
- TERRAIN CRANE OPERATOR
- MOBILE CONCRETE PUMP OPERATOR
- DUMP TRUCK OPERATOR
- TRUCK CRANE 5T OPERATOR
- WATER TANK TRUCK OPERATOR 18M3
- TELEHANDLER OPERATOR
- ROLLER OPERATOR

Must have GULF experience in Construction Projects.
All Operators/Drivers must have Saudi License (Valid/Expired)
ATTRACTIVE SALARY & OTHER BENEFITS PROVIDED BY COMPANY
Contact / Apply immediately with complete CV, copies of certificates, original passport & 2 colour photos to :
ASMACS ISO 9001:2015 CERTIFIED COMPANY
411, Sai Chambers, 4th Floor, Opp. Railway Station, Santacruz (East), Mumbai-400055.
(Lic.No.: B-0115/ORI/PER/1000+/5/2987/91) Exp. 25.07.2026
Email : hr7@asmacs.net ■ CALL / 9930033047

## पीतमपुरा मेट्रो स्टेशन पर महिला ने की जान देने की कोशिश

**महिला को आई गंभीर चोट, अस्पताल में भर्ती, करीब पौन घंटे तक मेट्रो सेवाएं रुकी रहीं**

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): पीतमपुरा मेट्रो स्टेशन पर शुक्रवार दोपहर 53 साल की एक महिला ने ट्रेन के सामने छलांग लगाकर जान देने की कोशिश की। महिला को कूदते देख ट्रेन ड्राइवर ने ब्रेक लगाया, लेकिन महिला ट्रेन के चपेट में आ गई। उसका दाहिना हाथ कंधे के पास से कटकर अलग हो गया और सिर में गंभीर चोट लगी है। मेट्रो कर्मी और सीआईएसएफ के जवानों ने महिला को ट्रैक से हटाकर पास के अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। रिठाला मेट्रो स्टेशन थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। महिला की पहचान हो गई है। वह कराला इलाके में परिवार के साथ रहती है। पुलिस महिला के परिवार वालों से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है। पुलिस अधिकारी के अनुसार, शुक्रवार दोपहर करीब 2.19 बजे एक महिला ने पीतमपुरा मेट्रो स्टेशन पर ट्रेन के आगे छलांग लगा दी। ट्रेन संचालक ने महिला को प्लेटफार्म पर छलांग लगाते देख इमरजेंसी ब्रेक लगाया। लेकिन ट्रेन के चपेट में आने से महिला का दहिना हाथ कट गया। उसके सिर में भी गंभीर चोट लगी है। हालांकि महिला होश में थी।

महिला को गंभीर स्थिति में निजी गाड़ी से पास के अंबेडकर अस्पताल ले गए, जहां पीड़िता का इलाज चल रहा है। घटना की जानकारी मेट्रो पुलिस को दी गई। मौके पर छानबीन करने के बाद पुलिस अंबेडकर अस्पताल पहुंची। जहां महिला का इलाज चल रहा था। महिला अभी बयान देने की हालत में नहीं है। पुलिस महिला के परिवार वालों से खुदकुशी के प्रयास के कारणों के बारे में जानकारी हासिल कर रही है। घटना की वजह से करीब पौन घंटे तक मेट्रो सेवाएं रुकी रहीं।। जिसे 3.10 बजे सामान्य कर दिया गया।

## आईजीआई एयरपोर्ट पर फर्जी वीजा मामले में एजेंट गिरफ्तार

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): आईजीआई एयरपोर्ट पुलिस ने फर्जीवाड़ा में फरार चल रहे एक एजेंट को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान परमवीर सिंह के रूप में हुई है। आरोपी पीलीभीत यूपी का रहने वाला है। पुलिस पकड़े गए आरोपी से पूछताछ कर मामले की छानबीन कर रही है। डीसीपी उषा रंगनानी ने बताया कि गत 18 जून को एयरपोर्ट पर डॉक्यूमेंट चेकिंग के दौरान 24 साल के एक शख्स गुरुसेवक को और बाद में उसकी पत्नी अर्चना कौर को पकड़ा था। जांच में पुलिस को पता चला कि दोनों अपना नाम बदलकर एयरपोर्ट में एंट्री ले रहे थे। फर्जीवाड़े का पता चलने के बाद पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया कि उन्होंने यह दस्तावेज परमवीर सिंह नामक एक शख्स ने बनवाया है। इसके बाद पुलिस टीम उसकी तलाश में जुट गई। गुप्त सूचना के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।


## मोदी 3.0: पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के नए कदम जगा रहे भविष्य की उम्मीद

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): जून में मोदी सरकार के तीसरी बार सत्ता संभालने के बाद पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने कई उपलब्धियां हासिल की हैं। जिनमें तेल क्षेत्र (विनियमन और विकास) संशोधन विधेयक सहित कई योजनाएं शामिल हैं। मंत्रालय को उम्मीद है कि इस संसोधन विधेयक के बाद इस वित्तीय वर्ष में नियोजित ओएएलपी एक्स अन्वेषण क्षेत्रफलों के लिए संभावित बोली दाताओं में विश्वास पैदा होगा। वहीं, इस दौरान मंत्रालय द्वारा गुजरात ओपीएएल पेट्रोकेमिकल प्लांट को भी पुनर्जिवित किया गया, जिससे करीब दो लाख लोगों को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष तौर पर रोजगार मिला। यही नहीं, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय की पीएम-जीवन योजना में संशोधन से भी उन्नत जैव ईंधन के लिए वित्तीय सहायता उपलब्ध होगी तथा परियोजना प्रस्तावों में नई प्रौद्योगिकियों और नवाचार को प्राथमिकता मिलेगी। इस दौरान पीएमयूवाई और उज्ज्वला 2.0 के तहत गरीब परिवारों को 10.33 करोड़ जमा मुक्त एलपीजी कनेक्शन प्रदान किए गए हैं। जिससे, स्वच्छ खाना पकाने वाले ईंधन के उपयोग को बढ़ावा देने और पीएमयूवाई लाभार्थियों को विशेष सब्सिडी देने के सरकार के ठोस प्रयासों से, पीएमयूवाई लाभार्थियों की प्रति व्यक्ति खपत जो 2019-20 में 3.01 थी, धीरे-धीरे बढ़कर 2023-24 में 3.95 हो गई, चालू वर्ष में 4 को पार कर गई और जुलाई 2024 तक 4.2 हो गई। वहीं, इस दौरान अगस्त में पेट्रोनेट एलएनजी लिमिटेड (पीएलएल), भारत और एलटीएल होल्डिंग्स लिमिटेड, श्रीलंका ने एलएनजी इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट और श्रीलंका को एलएनजी आपूर्ति के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इसके अलावा जून से अगस्त के दौरान, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों ने 15 प्रतिशत से अधिक मिश्रण हासिल किया। इसके अलावा, इथेनॉल आपूर्ति वर्ष 2023-24 (1 नवम्बर से 31 अक्टूबर) के दौरान, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों ने 479 करोड़ लीटर इथेनॉल खरीदा और अगस्त 2024 तक लगभग 13.6 प्रतिशत मिश्रण हासिल किया। यही नहीं तेल विपणन कंपनियों ने देश भर में 15483 से अधिक खुदरा दुकानों पर ई 20 पेट्रोल (पेट्रोल में 20 प्रतिशत इथेनॉल) वितरित करना शुरू कर दिया है।



8th Death Anniversary | 4th Death Anniversary

"पिता ही धर्म है, पिता ही स्वर्ग है, पिता ही सबसे श्रेष्ठ तपस्या है, पिता के प्रसन्न होने से सारे देवता प्रसन्न हो जाते हैं।"



Dr. H.L. Bhola
Left for his heavenly abode on 21st September, 2016



Smt. Gulshan Bhola
Left for her heavenly abode on 17th September, 2020

माता के समान कोई छाया नहीं है, माता के समान कोई सहारा नहीं है। माता के समान कोई रक्षक नहीं है माता के समान कोई प्रिय चीज नहीं है।

curewell therapies
Deeply missed and fondly remembered by Entire Bhola Family
Son: Dr. Sudhir Bhola - Curewell Therapies

## पूर्वजों के पिंड दान के चलते पशु-पक्षियों की भी पूजा

**नई दिल्ली, (दिनेश शर्मा/पंजाब केसरी) :** धर्मोसिंधू के अनुसार वर्ष में 96 श्राद्ध बताए गए हैं। हिन्दू धर्म ग्रंथो में सनातन धर्म पर जो खोज की उसमें एक साल में जो 12 अमावस्या हैं, वह श्राद्ध की घोतक हैं। चार पुराणदि तिथियां 14 मन्यती तिथियां, 12 संक्रांदियां तिथियां, 12 वैद्यूति योग, 12 व्यातिपात योग 16, पितृ पक्ष, पांच अष्टका श्राद्ध, पांच पूर्वेधू श्राद्ध आदि मिलाकर पूर्वजों के मोक्ष हेतु 96 अवसर हैं। पितृ पक्ष में ब्राह्मणों को भोजन कराने के साथ पंचबली श्वान कुत्ता, कौए, चींटी और देवताओं के हिस्से का भोजन दान में परोसा जाता है।

विद्युत मंत्रालय भारत सरकार | LiFE Lifestyle For Environment

# अपनी कल्पना के रंगों से बेहतर कल को चित्रित करें।



हमारा प्रयास सभी के लिए समावेशी, लचीली, न्यायसंगत और सतत् ऊर्जा के लिए कार्य करना है।

प्रतियोगिता में भाग लें और ऊर्जा दक्ष विश्व के अपने दृष्टिकोण को चित्रित करें।

**ऊर्जा संरक्षण पर राष्ट्रीय चित्रकला प्रतियोगिता 2024**

25 अक्तूबर, 2024 से पहले पंजीकरण करें

विषय – पर्यावरण की संरक्षा के लिए ऊर्जा संरक्षण

ग्रुप ए (5वीं, 6ठी और 7वीं कक्षा) | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र और राष्ट्रीय स्तर की चित्रकला प्रतियोगिता | ग्रुप बी (8वीं, 9वीं और 10वीं कक्षा)

| पुरस्कार (प्रत्येक श्रेणी में) | राज्य /संघ राज्य क्षेत्र स्तर का पुरस्कार | | राष्ट्रीय स्तर का पुरस्कार* | |
|---|---|---|---|---|
| | ग्रुप 'ए' | ग्रुप 'बी' | ग्रुप 'ए' | ग्रुप 'बी' |
| प्रथम पुरस्कार/स्वर्ण पदक (01) | ₹ 50,000/- | ₹ 50,000/- | ₹ 1,00,000/- | ₹ 1,00,000/- |
| द्वितीय पुरस्कार/रजत पदक (01) | ₹ 30,000/- | ₹ 30,000/- | ₹ 50,000/- | ₹ 50,000/- |
| तृतीय पुरस्कार/कांस्य पदक (01) | ₹ 20,000/- | ₹ 20,000/- | ₹ 30,000/- | ₹ 30,000/- |
| प्रशंसा पुरस्कार (10) | ₹ 7,500/- | ₹ 7,500/- | ₹ 15,000/- | ₹ 15,000/- |

*राष्ट्रीय विजेताओं को लैपटॉप/टैबलेट देकर भी सम्मानित किया जाएगा और भारत में एक अध्ययन दौरे का अवसर भी मिलेगा।

प्रविष्टियाँ जमा करने के लिए स्कूल प्राचार्य, निम्नांकित वेबसाइट पर पंजीकरण करें।

www.paintings.beeindia.gov.in

ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (बी ई ई)
विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक सांविधिक निकाय
beeindiadigital / bureauofenergyefficiency

अधिक जानकारी के लिए क्यूआर कोड स्कैन करें

cbc 34106/15/0016/2425

# माधवी बुच पर जानकारी देने से सेबी का इनकार



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): बाजार नियामक सेबी ने सूचना के अधिकार (आरटीआई) कानून के तहत जानकारी मांगे जाने पर शुक्रवार को कहा कि हितों के संभावित टकराव के कारण सेबी चेयरपर्सन माधबी पुरी बुच के मामलों से खुद को अलग कर लेने के बारे में जानकारी 'फिलहाल' उपलब्ध नहीं है और उन्हें जुटाने पर उसे अपने संसाधनों का 'अपव्यय' करना होगा।

पारदर्शिता के लिए काम कर रहे कमोडोर लोकेश बत्रा (सेवानिवृत्त) की तरफ से दाखिल एक आरटीआई आवेदन के जवाब में सेबी ने कहा कि अपने और परिजनों के पास मौजूद वित्तीय परिसंपत्तियों और इक्विटी के बारे में बुच की तरफ से सरकार और सेबी बोर्ड को की गई घोषणाओं की प्रतियां नहीं दी जा सकती हैं।

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने इस ब्योरे को 'व्यक्तिगत जानकारी' बताते हुए कहा कि उनके खुलासे से व्यक्तिगत सुरक्षा 'खतरे में' पड़ सकती है। इसके साथ ही सेबी ने उन तारीखों की जानकारी देने से भी इनकार कर दिया जब ये खुलासे किए गए थे।

सेबी के केंद्रीय लोक सूचना अधिकारी (सीपीआईओ) ने उन घोषणाओं की प्रति देने से इनकार करने के लिए 'व्यक्तिगत जानकारी' और 'सुरक्षा' को आधार बनाया है।

## बढ़ती कीमतों पर खाद्य तेल कंपनियों से मांगा स्पष्टीकरण

**नई दिल्ली,** (भाषा): सरकार ने शुक्रवार को खाद्य तेल कंपनियों से खाद्य तेलों की खुदरा कीमतों में बढ़ोतरी के लिए स्पष्टीकरण मांगा। इन तेल कंपनियों को कम आयात शुल्क पर आयातित खाद्यतेलों की पर्याप्त स्टॉक की उपलब्धता के बीच मूल्य स्थिरता सुनिश्चित करने की सलाह दी गयी थी।

# सीएम भजनलाल की ब्रिटिश उप उच्चायुक्त से मुलाकात



**जयपुर,** (बनवारी कुमावत): मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मुख्यमंत्री कार्यालय में शुक्रवार को गुजरात-राजस्थान के ब्रिटिश उप उच्चायुक्त श्री स्टीव हिकलिंग ने मुलाकात की।

इस दौरान श्री शर्मा ने श्री हिकलिंग से आगामी 9 से 11 दिसंबर तक राजस्थान में आयोजित होने वाले 'राइजिंग राजस्थान इन्वेस्टमेंट समिट' में ब्रिटिश निवेशकों की सहभागिता पर चर्चा की। साथ ही, मुख्यमंत्री ने राजस्थान में निवेश के अवसरों, आर्थिक विकास की संभावनाओं तथा प्रदेश की निवेश अनुकूल नीतियों के बारे में ब्रिटिश उप उच्चायुक्त के साथ जानकारी साझा की। श्री हिकलिंग ने मुख्यमंत्री को सौर ऊर्जा क्षमता में राजस्थान को देशभर में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर बधाई भी दी। इस दौरान मुख्यमंत्री ने ब्रिटिश उप उच्चायुक्त को 'राइजिंग राजस्थान किट' भेंट की। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय श्री शिखर अग्रवाल सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।


## उत्तर रेलवे

### ई–निविदा सूचना

वरिष्ठ मंडल वि. अभि./क. वि., डी.आर.एम. ऑफिस, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु खुली निविदाये आमंत्रित करते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम व स्थान | दिल्ली डिवीजन में संपर्क तार का प्रतिस्थापन। |
| 2 | अनुमानित लागत | Rs. 11,40,24,093.36/- |
| 3 | बयाना राशि | Rs. 7,20,100/- |
| 4 | ई–निविदा ऑनलाइन जमा करने की अवधि | 01.10.2024 (10:30 बजे) से 15.10.2024 (15:00 बजे तक) |
| 5 | ई–निविदा समापन की अंतिम तथा ई–निविदा खुलने की तारीख और समय | 15.10.2024 (15.00 बजे) |
| 6 | निविदा छपाई की लागत | RRSK & DF-3 (PH-36) |
| 7 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | www.ireps.gov.in |

निविदा संख्या: 30-क.वि.–नई दिल्ली–2024–25 दिनांक : 20.09.2024 2949/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग
## कार्यालय कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग, कोटा, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

निविदा निरस्तीकरण आदेश

आदेश क्र./4838/व.ले.लि./2024-25 कोटा, दिनांक 18/09/2024

निविदा सूचना क्र. 02/व.ले.लि./2024-25 दिनांक 28.06.2024 सिस्टम नं. 155506 (तृतीय आमंत्रण) "दवनपुर जलाशय योजना का जीर्णोद्धार एवं नहर मरम्मत कार्य" अनुमोदित लागत राशि रू. 217.17 लाख की निविदा को प्रमुख अभियंता (निविदा प्रकोष्ठ) जल संसाधन विभाग रायपुर (छ.ग.) के पत्र पृ.क्र. 4263014/निविदा प्रकोष्ठ/2024 / नवा रायपुर दिनांक 13.09.2024 (जी नं. 242500720 दिनांक 03.07.2024) के परिपेक्ष्य में उक्त निविदा निरस्त की जाती है।

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग कोटा
जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

G-242502630/5



### छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग
### कार्यालय कार्यपालन अभियंता, हसदेव नहर जल प्रबंध संभाग, जांजगीर
### जिला-जांजगीर-चाम्पा (छ.ग.)
### ई. प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना

eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in

निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक 10-10-2024 समय 17:30 तक ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं :-

| सिस्टम निविदा क्रमांक | निविदा सूचना क्रमांक एवं दिनांक | कार्य का नाम | निविदा की लागत (लाख में) | आमंत्रण का क्रमांक |
|---|---|---|---|---|
| 158575 | 11/व.ले.लि./ 2024-2025 दिनांक 19.09.2024 | जांजगीर-चाम्पा जिले के मूलमुला बांध एवं नहर का मरम्मत एवं जीर्णोद्धार एवं नहर का सी.सी. लाईनिंग का कार्य। | 173.39 | प्रथम आमंत्रण |
| 158576 | 12/व.ले.लि./ 2024-2025 दिनांक 19.09.2024 | जांजगीर-चाम्पा जिले के सिंचाई जलाशय नरियरा का स्लूस गेट, बांध एवं नहर के जीर्णोद्धार का कार्य। | 197.13 | प्रथम आमंत्रण |
| 158627 | 13/व.ले.लि./ 2024-2025 दिनांक 19.09.2024 | जांजगीर-चाम्पा जिले के हसदेव बांगो परियोजना अंतर्गत अकलतरा शाखा नहर के आर.डी. 2200 मी. से 2700 मी., 2900 मी. से 3500 मी. एवं 3600 मी. से 4050 मी. तक फिलिंग रीच में कांक्रीट, टो-वाल का निर्माण कार्य। | 287.31 | प्रथम आमंत्रण |
| 158629 | 14/व.ले.लि./ 2024-2025 दिनांक 19.09.2024 | जांजगीर-चाम्पा जिले के हसदेव बांगो परियोजना अंतर्गत खिसोरा माईनर (आर.डी. 1600 मी. से 2100 मी.) एवं पोड़ी माईनर 02 (कन्टूर केनाल) (आर.डी. 130 मी. से 700 मी.) तक फिलिंग रीच में टो-वॉल का निर्माण कार्य। | 274.87 | प्रथम आमंत्रण |
| 158633 | 15/व.ले.लि./ 2024-2025 दिनांक 19.09.2024 | जांजगीर-चाम्पा जिले के अंतर्गत कोकड़ी नाला में (ग्राम किरीत के पास) स्टॉप डेम सह रपटा निर्माण कार्य। | 223.67 | प्रथम आमंत्रण |

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 26-09-2024 समय 17:31 बजे से देखे तथा डाउनलोड़ किये जा सकते हैं।

**नोट:** निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित / पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

अन्य निविदा संबंधी शर्तें विभाग के साईट https://eproc.cgstate.gov.in में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है।

-हस्ताक्षर/-कार्यपालन अभियंता
हसदेव नहर जल प्रबंध संभाग, जांजगीर
जिला-जांजगीर-चाम्पा (छ.ग.)

G-242502631/4


## अर्थजगत

# दालों व चीनी में तेजी, तेलों में मंदी का रुख

**नई दिल्ली,** (एनएनएस): स्टॉकिस्टों की मजबूत लिवाली निकलने से अरहर में 300-325 रुपए प्रति क्विंटल की तेजी आई। इसी प्रकार, उड़द, मूंग, मसूर, मोठ, चना तथा इसकी दाल में 50-150 रुपए प्रति क्विंटल की तेजी दर्ज की गई। गेहूं दड़ा मिल पहुंच तथा चक्की पहुंच में 20-20 रुपए प्रति क्विंटल की वृद्धि हुई। इसके समर्थन में रोलर फ्लोर मिल आटा जैसे गेहूं उत्पादों में भी 20-20 रुपए की बढ़त हुई। तेल-तिलहन बाजार में, स्टॉकिस्टों की लिवाली कमजोर पडऩे से सरसों एक्सपैलर तथा सोयाबीन रिफाइंड मिल डिलीवरी में 100-100 रुपए प्रति क्विंटल की मंदी आई। चीनी बाजार में, स्टॉकिस्टों की लिवाली बढऩे से विभिन्न मिलों की चीनी में 5-40 रुपए प्रति क्विंटल की तेजी आई।

### कल क्या होगा?



**रविवार** आश्विन बदी पंचमी को गेहूं, मक्की, बाजरा, ग्वार व ग्वार गम, ज्वार, ढैंचा, काबुली चना, देशी चना, राजमा चित्रा, मसूर, उड़द, तुवर, सरसों, सोया, बिनौला व इसके तेल, पाम तेल, चीनी, लौंग, बादाम, इमली, आंवला, चिरौंजी, अजवायन, गोला, छोटी-बड़ी इलायची, अरंडी, कॉपर पीतल के भावों में लाभ तथा मोटे चावल, नीम तेल, मूंग, दूध पाउडर, देशी घी, जीरा, पिस्ता, मेथी, लालमिर्च, अमचूर, महुआ फूल, कलौंजी, किशमिश, शक्कर, सोना-चांदी, टिन, निकिल में हानि हो सकती है। भाग्यांक 1-2-7-8 है। यात्रा विचार- पूरब दिशा की ओर 11.32 बजे पूर्वाहन के बाद यात्रा शुभ होगी।

**अनाज-दाल :** गेहूं एमपी देशी 3800/4000, दड़ा (मिल पहुंच) 2900/2905, चक्की (पहुंच) 2908/ 2910, आटा चक्की (10 किलो) (जीएसटी सण्हित) 320/330, रोलर फ्लोर मिल आटा (50 किलो) 1570/ 1580, मैदा (50 किलो) 1670/1680, सूजी (50 किलो) 1710/1720, चोकर (48 किलो)1070/1080, चावल: बासमती लालकिला 14400, स्वाद 9700, शरबती सेला 4300/4400, स्टीम 4750/ 4800, (1121 नं.) चावल सेला 7600/ 7700, स्टीम 8600/ 8700, सोर्टेक्स 8800/8900, (1509 नं.) चावल सेला नया 5400/5500, स्टीम नया 5900/6000, बासमती (1718) सेला 6900/7000, बाजरा: कैटलफीड 2550/2600, ज्वार: पीली 2500/2550, सफेद 3550/3600, मक्की: यूपी 2575/ 2650, दाल उड़द: छिलका (लोकल) 9200/10300, बढिय़ा 10600/11500, दाल मूंग: छिलका 8800/9500, दाल मसूर: लोकल 7200/7300, बढिय़ा 7400/7500, मलका: लोकल 6900/ 7000, बढिय़ा 7200/7300, दाल अरहर: दड़ा 13200/13300, पटका 14300/14800, चना (खड़ी मोटर) राजस्थान 8000/8025, एमपी 7950/ 7975, चनादाल: लोकल 9050/9250, बढिय़ा 9350/ 9550, बेसन (35 किलो) (जीएसटी अतिरिक्त): एग्रोप्योर 3540, राजमा चित्रा: चीन 10100/11700, काबली चना: छोटा 8900/9400, मीडियम 10200/10600, मोटा 11200/12400

**चीनी मिल डिलीवरी :** अफजलगढ़ 3845, सिंभावली 3900, शामली 3850, मोदी 3860, देवबंद 3900, किनौनी 3990, बुढ़ाना 3865, खतौली 3900, मवाना 3850

**गुड़-शक्कर :** गुड़ पेड़ी 4500/4600, चाकू 4400/4500, ढैया 4700/4800, शक्कर 4800/4900, खांडसारी 5300/5400

**तिलहन और तेल :** सरसों 6650/6700, खली एक्सपेलर: सरसों 2750/3000, बिनौला 3900/4100, डिऑयल्ड एक्सटेरक्शन (टन): राइसब्रान कंटीन्यूस 15800/15900, सरसों 26000/26100, सोयाबीन पीला 41000/ 41500, सूरजमुखी 25000/25500, मूंगफली (40-45 प्रश.) 32500/ 34000, राईसब्रान (प्रति यूनिट) 141/ 142, खाद्य तेल (जीएसटी अतिरिक्त): मूंगफली साल्वेंट रिफाइंड (टीन) 2750/ 2850, सरसों तेल (टीन) 2150/2400, सरसों एक्सपेलर 14100, तिल तेल 16200, सोयाबीन रिफाइंड मिल डिलीवरी 12600, सोया तेल डिगम्ड &, (टीन) 1800/ 1925, सनफ्लावर 1750/1800, बिनौला मिल डिलीवरी 12000, गोला तेल (टीन) 3000/3100, अरंडी 13100/ 13200.

**लोहा व इस्पात :** सरिया: कामधेनु: (8 एमएम) 63400, (10 एमएम) 62200, (12 एमएम) 59900, (16-25 एमएम) 61000, कामधेनु पीएएस-10000 (पीस): (8 एमएम) 365, (10) 558, (12) 787, (16) 1401, ( 20 एमएम) 2190, (25 एमएम ) 3420, अम्बा शक्ति -500 एसडी: (8 एमएम) 63200, (10 एमएम)61400, (12 एमएम) 60600, (16-25 एमएम) 60400, (32 एमएम) 61200, अम्बा शक्ति-ट्राईकोर (8 एमएम) 63000, (10) 60900, (12) 60400, (16-25) 60000, (32) 60600, केवीएस टीएमटी बार (8 एमएम) 63300, (10) 61500, (12) 60600, (16-25) 60300, (28-32) 60300, बिरला (8 एमएम) 62800, (10 एमएम) 60700, (12 एमएम) 60400, (16-25 एमएम) 59600, टीएमटी: जयभारत: (8 एमएम) 62800, (10 एमएम) 61600, (12 एमएम) 60300, (16-25 एमएम) 59900, अनमोल-500 एसडी: (8 एमएम) 62200, (10 एमएम) 61600, (12 एमएम) 60400, (16-25 एमएम) 60400, चैनल: राना (जीएसटी अतिरिक्त) 47500, एमएस (केवीएस) (75&40) (100&50) 49200, जयभारत 48000, अनमोल 48000, बिरला 49000, गार्डर (ज्वाइस्ट): जयभारत 48500, अनमोल 49000, टी-आयरन: राना 48500, (बिलट): (ढाई से तीन इंच) 39000, (साढ़े तीन इंच) 40000, (चार इंच) 40500, (पांच इंच) 41000, (छ: इंच) 41000, स्क्रैप: पुरानी 35000, मैल्टिंग स्क्रैप 36500, इंगट 41000, राउंड 46000

**अलौह धातु :** एंटीमनी: चीन &, कैडमियम: रॉड &, मैक्सिको &, प्लेट &, लैड (सीसा): बैट्री सफेद 106, बैट्री काला 97.50, देशी मुलायम 182/198, देशी सख्त (एक-डेढ़ प्रतिशत) 182/198, चार प्रतिशत 186/202, पी.पी.&, गन मैटल स्क्रैप: लोकल 588, मिक्स 598, जालंधर 617, स्टील बर्तन &, ब्रास (पीतल): हनी 515/550, रेडिएटर देशी 369, रेडिएटर विदेशी 369, चादरी देशी 505/540, पुर्जे स्क्रैप 490/525, टिन (रांग): इंगट मलेशिया &, इंडोनेशिया 2750, जिंक (जस्ता): इंगट (पटरा) एचजेडएल 278, एजेड 300, आईजेड 279, आईजे 291, पीएमआई 230, ड्रास (ढीमा) 208, निकिल कैथोड: रसियन- (4&4) 1390, (8&8) 1395, (4&24) 1400, नार्वे (4&4) 1460, (4&24) 1455, कॉपर (तांबा): आरमेचर प्लांट 748, भटठी 746, सीसी 860, एल्यूमीनियम: सीजी इंगट 237, शीट कटिंग 217, वायर स्क्रैप 221, बर्तनफूट 191, पुर्जाफूट 175, रॉड: लोकल 233, कम्पनी 255.

## अपने रंगों और डिज़ाइन्स के ज़रिए गढ़ता है 'नेस्टेरा'

**मुंबई,** (पंजाब केसरी): नेस्टेरा सतलज टेक्सटाइल्स एंड इंडस्ट्रीज का अपहोल्स्ट्री और ड्रेपरी सेगमेंट में एक प्रीमियम होम फर्निशिंग ब्रांड है जो के.के. बिड़ला ग्रुप का हिस्सा है। ब्रांड से जुड़ी स्मिता जोशी कहती हैं कि नेस्टेरा की सबसे बड़ी ख़ासियत यही है कि यहां पारंपरिक रंग और प्रिंट्स से परे कपड़ों को डिज़ाइन किया जाता है। इनमें क्रिएटिविटी होती है। स्मिता कहती हैं कि हमारे हर प्रोडक्ट में अलग पर्सनैलिटी को देखा जा सकता है। हमारे रंग और डिजाइंस लोगों की भावनाओं को छूते हैं। मूल रूप से हम समझते हैं कि हर किसी की अपनी अलग पसंद होती है, जो उनके व्यक्तित्व और पहचान को दर्शाती है।

## सहारा के जमाकर्ताओं के लिए वापसी की सीमा बढ़ाकर 50,000 रुपये की

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): सरकार ने सहारा समूह सहकारी समितियों के छोटे जमाकर्ताओं के लिए वापस की जाने वाली राशि की सीमा 10,000 रुपये से बढ़ाकर 50,000 रुपये कर दी है। सहकारिता मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। सरकार ने अब तक सीआरसीएस (सहकारी समितियों के केंद्रीय पंजीयक) सहारा रिफंड पोर्टल के माध्यम से सहारा समूह की सहकारी समितियों के 4.29 लाख से अधिक जमाकर्ताओं को 370 करोड़ रुपये जारी किए हैं।

रिफंड राशि की सीमा 50,000 रुपये तक बढ़ने से अगले 10 दिन में लगभग 1,000 करोड़ रुपये का भुगतान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पिछले हफ्ते छोटे जमाकर्ताओं के लिए 'रिफंड' राशि की सीमा 10,000 रुपये से बढ़ाकर 50,000 रुपये कर दी गई थी। उच्चतम न्यायालय के आदेश के बाद सहारा समूह की चार बहु-राज्य सहकारी समितियों के वास्तविक जमाकर्ताओं की वैध जमा राशि की वापसी के दावे प्रस्तुत करने के लिए सीआरसीएस-सहारा रिफंड पोर्टल 18 जुलाई-2023 को पेश किया गया था।


## गुमशुदा की तलाश



शीला

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक महिला जिसका **नामः शीला, पत्नीः** राम कुमार, **पताः** मकान नं. डब्ल्यू–14, बी–3, अशोक कौशिक सैनिक फार्म, नई दिल्ली, **लिंगः** महिला, **उम्रः** 40 साल, **कदः** 4फुट 5इंच, **रंगः** गोरा, **चेहराः** गोल, **शरीरः** साधारण, **पहनावाः** गुलाबी रंग साड़ी और पैरों में चप्पल पहने हुए है, जो अपने घर से 05.09.2024 से लापता है। इस संदर्भ में **FIR NO. 56A, दिनांक 14.09.2024,** थानाः नेब सराय, दिल्ली में दर्ज है। पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी अब तक इस लापता महिला के बारे में कोई जानकारी या सुराग नहीं मिल पाया है। यदि किसी भी व्यक्ति को इस लापता महिला के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो कृपया निम्नलिखित पते पर सूचित करें।

ईमेल : cic@cbi.gov.in
वेबसाइट : http://cbi.nic.in
फैक्स : 011-24368639
दूरभाष : 011-24368638, 24368641
DP/12491/SD/2024

थाना प्रभारी
थानाः नेब सराय, दिल्ली
फोनः 7065569305



## उत्तर रेलवे

### खुली निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल अभियंता/प्रथम, उत्तर रेलवे दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए ई–टेंडर के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | सीनियर सेक्शन इंजीनियर सोनीपत के अनुभाग में अधीनस्थ खंड अभियंता पानीपत के समपार फाटक संख्या 10 का उन्मूलन किलोमीटर 14/29–31 एवं समपार फाटक संख्या 14 का उन्मूलन किलोमीटर 21/19–21 तथा समपार फाटक संख्या 15 का उन्मूलन किलोमीटर 23/25–27 का रोड ओवर ब्रिज लिमिटेड हाइट सबवे के निर्माण का कार्य। |
| 2. | अनुमानित लागत | रु. 17,46,92,691.58 |
| 3. | धरोहर राशि | रु. 10,23,500/- यह नेट बैंकिंग या केवल भुगतान gate way के रूप में होना चाहिए। नोटः एफ.डी.आर या डिमांड ड्राफ्ट के रूप में ई.एम.डी. स्वीकार नहीं की जाएगी। (रेलवे बोर्ड के पत्र संख्या 2015 /सीई–1/ सीटी/5/1 दिनांक 31/08/2016) के अनुसार आई. आर.ई.पी.एस. पर आमंत्रित निविदा के लिए। |
| 4. | समापन अवधि | 12 महीने |
| 5. | ई–निविदा खोलने और प्रस्तुत करने के लिए दिनांक और समय | 15.10.20024 को 15.00 बजे तक प्रस्तुत करने तथा निविदा खुलने का समय दिनांक 15.10.2024 को 15:00 बजे। |
| 6. | निविदा की वेबसाइट जहां निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है | www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है |
| 7. | समान प्रकार के कार्य | बॉक्स पुशिंग/पाइप पुशिंग विधि से पुलों/सीमित हाई सबवे का निर्माण |

नोटः– शपथ पत्र संलग्नक XXIV अनिवार्य रूप के रूप में निविदा शर्तों के साथ संलग्न नए प्रारूप में प्रस्तुत किया जाना चाहिए। और सभी संलग्न दस्तावेज निविदाकर्ता द्वारा स्वयं सत्यापित किया जाना चाहिए।

पत्र संख्याः 128–डब्लू/280/निविदा सूचना/24–25/डब्लू–I (NIT-44) दिनांकः 20.09.2024 2937/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## केआरएन हीट एक्सचेंजर एंड रेफ्रिजरेशन का आईपीओ 25 को खुलेगा

**मुंबई,** (पंजाब केसरी): केआरएन हीट एक्सचेंजर एंड रेफ्रिजरेशन लिमिटेड (केआरएन हीट एक्सचेंजर या कंपनी), बुधवार, 25 सितंबर को इक्विटी शेयरों के अपने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम के संबंध में अपनी बोली/निर्गम खोलेगी।

इक्विटी शेयरों (अंकित मूल्य रु. 10 प्रत्येक) के कुल निर्गम में 1,55,43,000 इक्विटी शेयरों तक का नया निर्गम शामिल है। ऊपरी मूल्य बैंड पर कुल निर्गम आकार रु. 341.95 करोड़ है और निचले मूल्य बैंड पर रु. 324.85 करोड़ है। एंकर निवेशक बोली की तिथि मंगलवार, 24 सितंबर होगी। बोली/निर्गम बुधवार, 25 सितंबर को खुलेगा।

## प्राधिकरण सीईओ ने शहर का किया भ्रमण

**नोएडा,** (पंजाब केसरी) : मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ. लोकेश एम. द्वारा शुक्रवार को शहर का भ्रमण किया गया। जिसमें उन्होंने नोएडा के विभिन्न मुख्य मार्गों जैसे एक्सप्रेसवे, हाजीपुर रोड, सेक्टर-44, 96, 100, डी.एस.सी. रोड, ग्राम सोरखा, सादपुर आदि क्षेत्रों का भ्रमण किया। महामाया फ्लाईओवर के नीचे उत्पन्न गड्ढों को भरने के निर्देश दिए।

# सेंसेक्स ने बनाया रिकॉर्ड

● हुआ 84,000 पार, निफ्टी ने भी नया रिकॉर्ड स्तर हासिल किया



**मुंबई,** (पंजाब केसरी): वैश्विक बाजारों में तेजी के रुझान के बीच अग्रणी बैंकों के शेयरों में खरीदारी आने से शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजार अपने उच्चतम स्तर पर बंद हुए। निवेशकों की संपत्ति 6.24 लाख करोड़ रुपये बढ़ी। सेंसेक्स पहली बार ऐतिहासिक 84,000 अंक से ऊपर बंद हुआ जबकि निफ्टी ने भी नया रिकॉर्ड स्तर हासिल किया। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 1,359.51 अंक यानी 1.63 प्रतिशत उछलकर 84,544.31 के सर्वकालिक उच्च स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,509.66 अंक बढ़कर 84,694.46 के नए शिखर पर पहुंच गया था।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का मानक सूचकांक निफ्टी 375.15 अंक यानी 1.48 प्रतिशत बढ़कर 25,790.95 के रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 433.45 अंक उछलकर 25,849.25 के सर्वकालिक उच्च स्तर तक भी गया।

## 12 राशियां और आपका दिन



Forecast for 21 September, 2024
By: Dr. Prem Kumar Sharma
(Astrologer, Palmist, Numerologist & Vastu Consultant)
Email: psharma@premastrologer.com,
Url: http://www.premastrologer.com
Contact: Panchkula: +91-172-2562832, 2572874
Delhi: +91-11-47033152/40532026




**मेष** ARIES (21 मार्च- 20 अप्रैल)
फिटनेस को लेकर जागरुकता बढ़ेगी। बढ़ती कमाई से लाइफ स्टाइल बदलेगा। पेशेवर क्षेत्र में अनुकूल माहौल मिलेगा। फैमिली मैंबर्स का सपोर्ट मिलने वाला है।
**लकी नंबर : 6 , लकीकत कलर : रेड**

**वृषभ** TAURUS (21 अप्रैल - 20 मई)
फिजिकल एक्टिविटी करना फिट रखेगा। महंगी शॉपिंग के लिए सोचना नहीं पड़ेगा। प्रोविजन वाले स्थायी किये जा सकते हैं। संतान की उपलब्धि पर गर्व कर पायेंगे।
**लकी नंबर : 9, लकी कलर : ब्राउन**

**मिथुन** GEMINI (21 मई- 21 जून)
फिटनेस ट्रेनिंग से आलस दूर होने वाला है। आमदनी का प्रवाह बढ़ने की उम्मीद है। आपका कठिन परिश्रम परिणाम में दिखेगा। दूसरों के मामले में दखल देने से बचें।
**लकी नंबर : 2 , लकी कलर : पर्पल**

**कर्क** CANCER (22 जून- 22 जुलाई)
सेहत और फिटनेस को लेकर सजग रहें। पुराने निवेश से अच्छा मुनाफा होने वाला है। प्रोफेशनल क्षेत्र में बड़े निर्णय ले सकते हैं। वेकेशन पर जाने की संभावना बन रही है।
**लकी नंबर : 3, लकी कलर : ऑरेंज**

**सिंह** LEO (23 जुलाई–23 अगस्त)
आलस छोड़कर व्यायाम करना शुरु करेंगे। पूर्व के निवेश से शानदार रिटर्न मिलेगा। कार्यक्षेत्र में लोगों को इंप्रेस कर पायेंगे। फैमिली में कोई बड़ा समारोह होने वाला है।
**लकी नंबर : 7, लकी कलर : रॉयल ब्लू**

**कन्या** VIRGO (24 अगस्त- 23 सितंबर)
दिनचर्या में व्यायाम शामिल करने वाले हैं। नया उद्दयम उन्नति की राह पकड़ेगा। वर्कप्लेस में सजग रहने का लाभ मिलेगा। दोस्त या रिश्तेदार मिलने घर आ सकते हैं। लंबी यात्रा पर जाने वाले पूरी तैयारी रखें। प्रॉपर्टी खरीदने के लिए अनुकूल दिन है।
**लकी नंबर : 22, लकी कलर : व्हाइट**

**तुला** LIBRA (24 सितंबर- 23 अक्टूबर)
प्रॉपर्टी एजेंट्स के लिए शानदार दिन है। खास मकसद के लिए लोन ले सकते हैं। बिजनेस टूर सफल रहने की उम्मीद है। दोस्तों के साथ आउटिंग का प्लान बनेगा।
**लकी नंबर : 8, लकी कलर : ग्रीन**

**वृश्चिक** SCORPIO (24अक्टूबर- 22नवंबर)
फिटनेस को लेकर कुछ नया कर सकते हैं। खर्च और आमदनी का बैलेंस रख पायेंगे। ऑफिस में आपके काम को सराहा जाएगा। अवार्ड या सम्मान मिलने की संभावना है।
लकी नंबर : 5, लकी कलर : मैरून

**धनु** SAGITTARIUS (23 नवंबर- 21 दिसंबर)
मेडिटेशन शुरु करने का फायदा मिलेगा। लोन लेने का प्रयास सफल हो सकता है। कार्यक्षेत्र में चीजें आपके कंट्रोल में रहेंगी। आज यात्रा करने में परेशानी आ सकती है।
**लकी नंबर :1, लकी कलर : पीच**

**मकर** CAPRICORN (22 दिसंबर- 21 जनवरी)
जीवन शैली बदलें, फिट रहने का प्रयास करें। वित्तीय सेहत अच्छी रहने की उम्मीद है। किसी जटिल समस्या को सुलझा सकते हैं। आपके मैनेजमेंट स्किल की तारीफ होगी।
**लकी नंबर : 18, लकी कलर : सिल्वर**

**कुंभ** AQUARIUS (22 जनवरी - 19 फरवरी)
सेहत के मामले मे बेहतर फील करेंगे। धीरे धीरे बचत की तरफ ध्यान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में आपकी पहुँच बढ़ सकती है। घरेलू मुद्दों को समय रहते सुलझा लें। ड्राइविंग करते समय फोकस रखें। शैक्षणिक क्षेत्र में सुधार के संकेत हैं।
**लकी नंबर : 4, लकी कलर : ग्रे**

**मीन** PISCES (20 फरवरी - 20 मार्च)
फिट और सेहतमंद रहने का प्रयास करेंगे। अनअपेक्षित स्रोत्र से आमदनी होने वाली है। ऑफिस का लोड कम होगा, खुद को वक्त दें। खास दोस्तों के साथ वक्त बिता सकते हैं। वेकेशन पर जाएंगे, रिफ्रेश महसूस करेंगे।
**लकी नंबर : 5, लकीकलर: गोल्डन**


## झारखण्ड ऊर्जा उत्पादन निगम लिमिटेड
(U40108JH2013SGC001703)
निगम कार्यालयः अभियंत्रण भवन, एच०ई०सी०, धुर्वा, राँची–834004

### सूचना

श्री कांति लाल पटेल, तक०–II, स्वर्णरेखा जल विद्युत् परियोजना, सिकिदिरी के विरूद्ध अपने कार्यस्थल से दिनांक 28.04.2024 से बिना किसी सूचना के लगातार अनुपस्थित रहने के कारण इनके विरूद्ध संचालित की जाने वाली विभागीय कार्यवाही पर बिना प्रतिकूल प्रभाव डाले इन्हें तत्क्षण प्रभाव से निलंबित किया जाता है।

2. निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय, महाप्रबंधक (मा०सं०/प्र०/विधि), झारखण्ड ऊर्जा उत्पादन निगम लिमिटेड, निगम मुख्यालय, राँची के अधीन निर्धारित किया जाता है।
3. निलंबन अवधि में इन्हें नियमानुसार जीवन यापन भत्ता देय होगा।

इस पर अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक महोदय का अनुमोदन प्राप्त है।

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

ह०/–
महाप्रबंधक (मा०सं०/प्रशा०/विधि)

PR 336469 Jharkhand Urja Utpadan Nigam Ltd(24-25)#D



## OFFICE OF THE COMMISSIONER MUNICIPAL CORPORATION, RAIPUR (C.G.)

e-Procurement Tender Notice
Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in
(Second Call)

NIT No: 13/SE/PWD/RMC/2024 RAIPUR Dated : 19.09.2024

Online bids are invited for the following works of works up to 07.10.2024 at 17:30 hours.

| S. No | System Tender No. | Name of work/ Description of work | Probable amount of contract | Class of Contractor registered in P.W.D.C.G. | Tender form | SOR Applicable |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 158883 | अम्बेडकर चौक के पास मल्टीलेवल पार्किंग में एकीकृत प्रतिभा केंद्र (Integrated Talent Hub) हेतु निर्माण कार्य। | 136.80 Lacs | "C" & Above | Form "A" | P.W.D Building S.O.R. 01.01.2015 & P.W.D. Electrical S.O.R. 01.06.2020 (upto date Amendment) |

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e- Procurement Portal https://eproc.cgstate.gov.in from 20/09/2024 05.30 Hours (IST) on wards.

For more details on the tender and bidding process you may please visit the above-mentioned portal.

NOTE: -
1. All eligible/interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement portal.
2. Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement System. Help Desk at Toll Free No. 18002582502 or through Email ID helpdesk.eproc@cgswan.gov.in
3. For More Details please download NIT details.

घरों से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।

Sd./-SUPERINTENDING ENGINEER
MUNICIPAL CORPORATION
RAIPUR (C.G.)



## झारखण्ड सरकार ग्रामीण कार्य विभाग कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, जमशेदपुर

### ई–अति अल्पकालीन पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना

ई–अति अल्पकालीन पुनर्निविदा संख्या:- **RWD/EE/JSR/STPKG/01/RXII/2023-24** दिनांक :- **20.09.2024**

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, जमशेदपुर द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि | टेण्डर कॉल सं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | RWD/ EE/JSR/ STPKG/01/ 2023-24 | देबंकी चौक से धिरोल तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं–4.000 कि0मी0) | 1,26,68,500.00 | एक करोड़ छब्बीस लाख अड़सठ हजार पाँच सौ रू0 मात्र | 15 माह | तेरहवाँ |
| | | गोविन्दपुर जादुगोड़ा रोड से कुलडीहा तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं–1.450 कि0मी0) | 79,30,500.00 | उनासी लाख तीस हजार पाँच सौ रू0 मात्र | | |
| | | पोराडीह बारमपुट घाट (धुसुरडिपा) से तलसाई पी.सी.सी. रोड भाया नवागॉव पोड़ा भालकी तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं–1.720 कि0मी0) | 1,16,44,800.00 | एक करोड़ सोलह लाख चौवालीस हजार आठ सौ रू0 मात्र | | |
| | | नारदा बलिया माँझी के घर से रीचू हांसदा काशियाबेड़ा तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं–1.520 कि0मी0) | 1,18,85,000.00 | एक करोड़ अठारह लाख पचासी हजार रू0 मात्र | | |
| | | T07 से सिलिंग तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं–5.700 कि0मी0) | 2,77,54,500.00 | दो करोड़ सतहतर लाख चौवन हजार पाँच सौ रू0 मात्र | | |
| | | पोटका प्रखण्ड अन्तर्गत उलनसाई L054 PMGSY Road से बारेटोला तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं–1.270 कि0मी0) | 82,73,000.00 | बिरासी लाख तिहतर हजार रू0 मात्र | | |
| | | आर.ई.ओ. रोड से मानिकपुर तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं–2.150 कि0मी0) | 1,31,47,500.00 | एक करोड़ एकतीस लाख सैंतालीस हजार पाँच सौ रू0 मात्र | | |
| | | जायाडीह से बनकाटी तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं–2.600 कि0मी0) | 1,55,53,500.00 | एक करोड़ पचपन लाख तिरपन हजार पाँच सौ रू0 मात्र | | |
| | | कुल | **10,88,57,300.00** | दस करोड़ अठ्ठासी लाख सन्तावन हजार तीन सौ रू0 मात्र | | |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– **22.09.2024**।
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– **30.09.2024** अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि jharkhandtenders.gov.in के माध्यम से ऑनलाइन मोड में स्वीकार की जाएगी।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– **01.10.2024** अपराह्न 5.00 बजे।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :–कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, जमशेदपुर, ब्लॉक–करनडीह, थाना–परसुडीह, जमशेदपुर, झारखण्ड, पिन–831002।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 0657–2298902।
8. विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, जमशेदपुर

PR.NO.336301 REO(24-25):D




# प्रदेशों के उच्च न्यायालय

**भारत** की लोकतान्त्रिक व्यवस्था में न्यायपालिका को सरकार का अंग नहीं बनाया गया है और इसे एक स्वतन्त्र हैसियत प्रदान की गई है। इसकी वजह यह थी कि हमारे संविधान निर्माता चाहते थे कि भारत का लोकतन्त्र इस प्रकार चले कि सर्वदा हर हालत में पूरे देश में संविधान का शासन ही कायम रहे। अतः भारत के लोकतन्त्र के जो चार पाये बताये गये उनमें से विधायिका व कार्यपालिका को सरकार का अंग बनाया गया जबकि चुनाव आयोग व न्यायपालिका को सरकार के घेरे से बाहर इस प्रकार रखा गया कि ये दोनों संस्थान सीधे संविधान से शक्ति लेकर अपना काम बखूबी कर सकें। इस सन्दर्भ में भारत की न्यायप्रणाली की साख स्वतन्त्रता के बाद से ही बहुत ऊंची रही है और अन्तर्राष्ट्रीय जगत तक में इसकी प्रतिष्ठा मानी जाती है। इसी प्रकार भारत के चुनाव आयोग की प्रतिष्ठा भी दुनिया के तमाम लोकतान्त्रिक देशों में सन्देह से परे मानी जाती रही है मगर अब जाकर इसकी प्रतिष्ठा में भारत में ही बट्टा लगता दिख रहा है। इसकी वजह यह भी है कि भारत की प्रशासनिक प्रणाली राजनैतिक व्यवस्था के अन्तर्गत संचालित होती है जिसके तहत विभिन्न राजनैतिक दल विधानसभाओं व लोकसभा में बहुमत पाकर अपनी सरकारें बनाते हैं। ये दल अपने राजनैतिक एजेंडे के तहत सरकार पर काबिज होते हैं मगर इनके शासन को संविधान के दायरे में ही रहना पड़ता है।

चुनाव आयोग राजनैतिक दलों के कार्यकलापों के प्रति संविधानतः जिम्मेदार होता है और सभी को एक धरातल पर रखते हुए हर पांच साल बाद निष्पक्ष व निर्भयपूर्ण वातावरण में चुनाव कराने के दायित्व से बंधा रहता है। चुनाव के समय सत्ताधारी दल और विपक्ष में बैठे दलों के बीच चुनाव आयोग भेदभाव नहीं कर सकता। अतः इसमें जब भी गफलत पाई जाती है तो चुनाव आयोग पर अंगुलियां उठने लगती हैं। परन्तु न्यायपालिका इन सब प्रकार के सन्देहों से बहुत ऊपर होती है और न्यायिक प्रशासन की मुखिया होती है। इसका संरक्षक देश का सर्वोच्च न्यायालय होता है। हर राज्य का अपना उच्च न्यायालय होता है जिससे न्यायिक प्रशासन कारगर तरीके से काम कर सके। चूंकि न्यायपालिका सरकार के हस्तक्षेप से मुक्त होती है अतः उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों की नियुक्ति करने का अधिकार सर्वोच्च न्यायालय के पास होता है। ये नियुक्तियां सर्वोच्च न्यायालय अपने न्यायाधीशों के एक चयन मंडल (कॉलेजियम) के जरिये से करता है। मगर नियुक्ति पत्र देने का अधिकार सरकार के पास ही होता है क्योंकि यह मामला प्रशासनिक प्रक्रिया से जुड़ जाता है। कॉलेजियम सरकार से अनुशंसा करता है कि वह अमुख उच्च न्यायालय में अमुख न्यायाधीश की नियुक्ति कर दे। यह सरकार पर निर्भर करता है कि वह इस काम में कितना समय लेती है।

> **हाल ही में झारखंड की सरकार ने सर्वोच्च न्यायालय में अपील दायर की है कि केन्द्र सरकार के खिलाफ अवमानना का मुकदमा क्यों न चलाया जाये क्योंकि उसने पिछले लगभग तीन महीने से अब तक झारखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश का पद नहीं भरा है जबकि कॉलेजियम इसकी सिफारिश कर चुका है। सर्वोच्च न्यायलय के मुख्य न्यायाधीश श्री डी.वाई. चन्द्रचूड़ ने इस याचिका के बारे में भारत के अटॉर्नी जनरल श्री आर. वेंकटरमणी को स्वयं बीते गुरुवार को न्यायालय में बताया जिस पर सरकार का पक्ष रखने के लिए श्री वेंकटरमणी ने कुछ समय मांगा। इसके साथ ही न्यायालय अपने यहां दायर एक जनहित याचिका पर भी सुनवाई कर रहा जिसमें दलील दी गई है कि सरकार को कॉलेजियम की सिफारिशें एक निश्चित अवधि के बीच मान लेनी चाहिए।**

हाल ही में झारखंड की सरकार ने सर्वोच्च न्यायालय में अपील दायर की है कि केन्द्र सरकार के खिलाफ अवमानना का मुकदमा क्यों न चलाया जाये क्योंकि उसने पिछले लगभग तीन महीने से अब तक झारखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश का पद नहीं भरा है जबकि कॉलेजियम इसकी सिफारिश कर चुका है। सर्वोच्च न्यायलय के मुख्य न्यायाधीश श्री डी.वाई. चन्द्रचूड़ ने इस याचिका के बारे में भारत के अटॉर्नी जनरल श्री आर. वेंकटरमणी को स्वयं बीते गुरुवार को न्यायालय में बताया जिस पर सरकार का पक्ष रखने के लिए श्री वेंकटरमणी ने कुछ समय मांगा। इसके साथ ही न्यायालय अपने यहां दायर एक जनहित याचिका पर भी सुनवाई कर रहा जिसमें दलील दी गई है कि सरकार को कॉलेजियम की सिफारिशें एक निश्चित अवधि के बीच मान लेनी चाहिए। श्री चन्द्रचूड़ ने इस याचिका की सुनवाई करते समय ही झारखंड सरकार की याचिका के बारे में जानकारी दी थी। श्री वेंकटरमणी ने जनहित याचिका का जबाव देने के लिए एक सप्ताह बाद का समय मांगा था।

झारखंड सरकार ने अपनी याचिका में दलील दी है कि उसके राज्य के उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश राज्य में न्यायिक परिवार के मुखिया होते हैं। अतः इस पद पर नियमित मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति न्यायिक प्रशासन को सुचारू चलाने के लिए जरूरी होती है। परन्तु भारत के मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाले कॉलेजियम द्वारा मुख्य न्यायाधीश के नाम की सिफारिश किये जाने के बावजूद उनकी नियुक्ति न करने पर राज्य में न्यायिक प्रशासनिक व्यवस्था को नुकसान पहुंच रहा है। ध्यान देने वाली बात यह है कि विगत 11 जुलाई को कॉलेजियम ने सिफारिश की थी कि हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायाधीश श्री एम.एस. रामचन्द्र राव की नियुक्ति झारखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में कर दी जाये। इसके साथ ही कॉलेजियम ने सात अन्य राज्यों के उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों की नियुक्ति की संस्तुति भी की थी। मगर विगत 17 सितम्बर को कॉलेजियम ने इनमें से तीन नामों को संशोधित कर दिया। इसकी वजह यह बताई गई कि सरकार उसकी 11 जुलाई की सिफारिशें को ही अब तक लागू नहीं कर पाई है अतः उसने तीन नाम बदल दिये। इसका कारण यह बताया गया कि कॉलेजियम ने नियुक्तियों में देरी होते देख अपने पुराने निर्णय पर पुनर्विचार किया जिसमें सभी सम्बद्ध तथ्यों का पुनः आंकलन किया गया। मगर इस प्रकरण से हमें यह अन्दाजा हो सकता है कि भारत में न्यायापालिका की स्वतन्त्रता सभी प्रकार के दुराग्रहों व पूर्वाग्रहों से किस प्रकार ऊपर है क्योंकि एक राज्य की सरकार केन्द्र की सरकार के खिलाफ भी न्यायिक याचिका दायर करने का हक रखती है और अपने राज्य के न्यायिक प्रशासन के बारे में पूरी चिन्ता करती है।

**आदित्य नारायण चोपड़ा**
Adityachopra@punjabkesari.com

## कभी गर्भ में तो कभी जन्म लेने...

न जाने कितनी बेटियों ने अपना जीवन गंवाया,
पर समाज का दृष्टिकोण बदल नहीं पाया,
कभी गर्भ में तो कभी जन्म लेने के बाद मरवाया,
जो बच गई किसी तरह से उनको दहेज की अग्नि की भेंट चढ़ाया..!!


गीता पाढा

# चुनाव सुधार के मन्त्र से लेकर एक चुनाव तक




राकेश कपूर
संसद से सड़क तक
kapurakesh@gmail.com

**1974** में जब स्व. इन्दिरा गांधी के शासन के विरुद्ध स्व. जय प्रकाश नारायण ने अपना सम्पूर्ण क्रान्ति आन्दोलन छेड़ा था तो इस आन्दोलन के प्रमुख विषयों में से एक चुनाव सुधार का विषय भी था। जय प्रकाश नारायण चाहते थे कि भारत में लगातार महंगे होते जा रहे चुनावों को सस्ता किया जाये जिससे एक साधारण प्रबुद्ध नागरिक भी राजनैतिक प्रक्रिया में सक्रियता से भाग ले सकें। जयप्रकाश नारायण मानते थे कि भारत की भ्रष्टाचार की जड़ चुनाव प्रणाली ही है जिसके शुद्ध होने पर ही देश से भ्रष्टाचार को समाप्त किया जा सकता है। जयप्रकाश अर्थात जेपी के इस आन्दोलन में उस समय देश की सभी प्रमुख विपक्षी पार्टियां शामिल थीं जिनमें भारतीय जनसंघ भी कालान्तर में जुड़ गई थी।

जेपी आन्दोलन मूल रूप से छात्रों के आन्दोलन का ही वृहद स्वरूप था जिसका जन्म गुजरात से हुआ था। गुजरात में छात्र सामान्य नागरिक समस्याओं को लेकर आन्दोलनरत हो गये जिसकी शुरूआत कालेज व विश्वविद्यालयों के छात्रावासों से हुई थी। बाद में यह आन्दोलन बिहार में फैला और इसका स्वरूप व्यापक होता चला गया। जयप्रकाश नाराय़ण ने उस समय इन्दिरा गांधी के शासन के दौरान बढ़ते भ्रष्टाचार को प्रमुख मुद्दा बनाया और आन्दोलन की बागडोर भी देर-सबेर संभाल ली। जय प्रकाश नाराय़ण तब तक पार्टी विहीन लोकतन्त्र की बात छोड़ चुके थे और देश में राजनीतिगत शुद्धिकरण चाहते थे। वह संस्थागत बदलाव भी चाहते थे। मगर साल 1974 में ही एक ऐसी घटना हुई जिसने भारत की समूची चुनाव प्रणाली को महान संशय के वातावरण में लाकर खड़ा कर दिया।

दिल्ली की सदर बाजार लोकसभा सीट से 1971 के हुए चुनावों में जनसंघ के प्रत्याशी स्व. कंवर लाल गुप्ता कांग्रेस के स्व. अमरनाथ चावला से चुनाव हार गये थे। 1971 के चुनावों में दिल्ली की सभी सीटों पर कांग्रेस के उम्मीदवार विजयी रहे थे। स्व. गुप्ता ने अमरनाथ चावला के चुनाव को दिल्ली उच्च न्यायालय में चुनौती दे दी थी। चुनौती का आधार स्व. चावला द्वारा निर्दिष्ट सीमा से अधिक चुनाव खर्च करना था।



उच्च न्यायालय ने इसी आधार पर अमरनाथ चावला का चुनाव अवैध करार दे दिया। इसके बाद श्रीमती गांधी चुनाव कानून जन प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 में एक संशोधन संसद में लाई जिसमें चुनाव में प्रत्याशी पर उसके राजनैतिक दल द्वारा किया गया कितना ही खर्च उसके चुनावी खर्च में शामिल नहीं होगा। इसमें यह प्रावधान भी किया गया कि किसी भी प्रत्याशी का कोई मित्र या हितैषी भी उसके चुनाव पर कितना ही धन खर्च कर सकता है। वह उसके चुनावी खर्च से बाहर होगा।

इस संशोधन के बाद चुनाव आयोग द्वारा लोकसभा व विधानसभा के प्रत्याशियों द्वारा खर्च किये जाने की नियत सीमा एक मजाक बन कर रह गई। प्रत्याशियों को अपने चुनाव में कितना ही धन अपने हितैषी या राजनैतिक दल की तरफ से खर्च करने की अनुमति मिलने के बाद से चुनावों में खर्च की जाने वाली धनराशि में अंधाधुंध बढ़ोत्तरी होने लगी। चुनावों में भ्रष्टाचार के धन का प्रभाव बढ़ने लगा जिसके असर से चुनावों में साधारण प्रबुद्ध नागरिक के खड़े होने की संभावनाओं पर पानी फिरना शुरू हो गया। जय प्रकाश इस व्यवस्था को जड़ से बदलना चाहते थे। इसके लिए उन्होंने अपने आन्दोलन के दौरान ही बम्बई उच्च न्यायालय के अवकाश प्राप्त मुख्य न्यायाधीश श्री वी.एम. तारकुंडे की अध्यक्षता में एक समिति बनाई। तारकुंडे समिति के सामने सरकारी खर्च से चुनाव कराने का प्रमुख मुद्दा था जिससे भारत में चुनाव सस्ते होकर राजनीति पर पूंजीपतियों के लगातार बढ़ते प्रभाव का अन्त हो सके। तारकुंडे समिति ने अपनी रिपोर्ट जेपी को सौंप दी और उसमें सुझाव दिया कि भारत में सरकारी संसाधनों का प्रयोग कर चुनाव कराये जा सकते हैं बशर्ते कि सरकार की इसके लिए इच्छाशक्ति हो।

तारकुंडे समिति ने इसके लिए कई व्यावहारिक सुझाव भी दिए जिनमें एक यह सुझाव यह भी था कि चुनावों के समय सभी राजनैतिक लोगों को सरकारी प्रचार-प्रसार माध्यमों (मीडिया) पर आनुपातिक समय दिया जाये और सार्वजनिक सभाएं करने के लिए सरकारी विद्यालयों के परिसरों व सार्वजनिक स्थलों का प्रयोग करने की इजाजत दी जाये। जेपी आन्दोलन के प्रमुख नेताओं ने तारकुंडे समिति की इस रिपोर्ट को महत्वपूर्ण रिपोर्ट माना जिसमें सरकार द्वारा एक चुनाव कोष स्थापित करने की भी पुरजोर वकालत की गई थी। परन्तु 1997 के लोकसभा चुनावों में इन्दिरा गांधी की कांग्रेस की उत्तर व पश्चिम भारत में महापराजय हुई और नवगठित विपक्षी गठजोड़ की नई पार्टी जनता पार्टी को लोकसभा में 298 सीटें प्राप्त हुई जबकि इंदिरा कांग्रेस को 153 सीटें मिली। जनता सरकार के प्रधानमन्त्री स्व. मोरारजी देसाई बने जो कि मूल रूप से कांग्रेसी ही थे। उन्होंने तारकुंडे समिति की रिपोर्ट नहीं माना और एक नये चुनाव सुधार आयोग का गठन कर दिया जिसके अध्यक्ष पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त श्री एस.एल. शकधर थे।

शकधर अपनी रिपोर्ट दे ही रहे थे कि जनता सरकार पलट गई और इसके बाद कुछ समय तक चौधरी चरण सिंह की कार्यवाहक सरकार रही और 1980 में जब पुनः चुनाव हुए तो इन्दिरा जी पुनः प्रचंड बहुमत के साथ सत्ता पर काबिज हो गईं। इसके बाद कांग्रेस सरकारों ने हालांकि गोस्वामी समिति आदि चुनाव सुधारों के लिए गठित कीं जिनकी कुछ सिफारिशें भी लागू की गईं मगर किसी ने भी इंदिरा गांधी द्वारा किये गये जन प्रतिनिधित्व अधिनियम में किये गये संशोधन को रद्द करने का सुझाव नहीं दिया जिसकी वजह से भारत का पूरा चुनाव तन्त्र धनतन्त्र में तब्दील होता जा रहा था।

असल सवाल यही है कि भारत चुनावों को किस प्रकार आम आदमी की पहुंच के भीतर लाया जाये जबकि इस तरफ ध्यान देने का समय किसी राजनीतिक दल के पास नहीं है और हम से एक देश-एक चुनाव की बात कर रहे हालांकि ऐसा यदि मौजूदा राजनैतिक परिस्थितियों की पारगम्यता से होता है तो इसमें कोई हर्ज नहीं है क्योंकि 1967 तक तो भारत में लोकसभा व विधानसभाओं के चुनाव एक साथ ही हुआ करते थे। परन्तु इनका एक साथ होना देश की लोकतान्त्रिक व संवैधानिक शर्तों के साथ सहज रूप से घटित होता था और भारत की बहुराज्यीय संघीय प्रणाली के तहत स्वाभाविक रूप से होता था। इसके लिए किसी राज्य सरकार या केन्द्र सरकार को कोई अतिरिक्त प्रयास नहीं करने पड़ते थे। अब जिस एक देश-एक चुनाव की बात हो रही है उसके लिए संविधान में कई संशोधन करने पड़ेंगे और राज्यों के जो अधिकार भारतीय संविधान में निहित हैं उनमें भी संशोधन करना पड़ेगा।

भारत की संघीय व्यवस्था अमेरिका की संघीय व्यवस्था से पूरी तरह अलग है। हमारे संविधान ने एक मजबूत केन्द्र का ढांचा इस तरह खड़ा किया है कि विभिन्न राज्य भी अपनी सांस्कृतिक व भौगोलिक विविधता के बीच अपना विशिष्ट चरित्र भारतीय संघ के भीतर ही बना कर रख सकें। बेशक तर्क इसके विरोध में भी दिये जा सकते हैं मगर हमें यह कभी नहीं भूलना चाहिए कि भारतीय संविधान का पहला अनुच्छेद ही यह उद्घोषित करता है कि यह राज्यों का एक संघ है। फिर संविधान ने राज्यों को विशिष्ट अधिकार भी दिये हैं और संविधान ही यह कहता है कि केन्द्र सरकार की हर योजना को जमीन पर राज्य सरकार ही लागू करेगी।

अतः मूल बात चुनाव सुधारों की भी होनी चाहिए जिससे लोकतन्त्र को धनतन्त्र बनने से रोका जा सके। इसमें पहला मूल सवाल जनप्रतिनिधि का आता है। मौजूदा चुनाव प्रणाली में केवल कोई धनपति ही लोगों का प्रतिनिधि बनने के लायक तैयार परिस्थितियों की वजह से हो सकता है तो फिर हम आम मतदाता को लोकतन्त्र का मालिक किस मुंह से कह सकते हैं। हालांकि अपने एक वोट के प्रयोग से वह किसी भी प्रत्याशी को विजयी बना सकता है मगर प्रत्याशियों में ही उसके सामने विकल्प केवल धनपतियों में से ही होंगे। लोकतन्त्र के लिए गंभीर प्रश्न यह भी है।

# स्टालिन के पदचिन्हों पर उदयनिधि


ताक-झांक
आर.आर. जैरथ

**ऐसा** लग रहा है कि तमिलनाडु में मुख्यमंत्री और डीएमके प्रमुख एम.के. स्टालिन के बेटे उदयनिधि स्टालिन बड़े नेता के तौर पर उभर रहे हैं। चेन्नई के राजनीतिक हलकों में अटकलें लगाई जा रही हैं कि उदयनिधि स्टालिन को जल्द ही अपने पिता की सरकार में



उपमुख्यमंत्री के रूप में पदोन्नत किया जा सकता है। वर्तमान में, वे खेल मंत्री हैं। यदि उन्हें वास्तव में पदोन्नत किया जाता है, तो वे केवल अपने पिता के नक्शेकदम पर चलेंगे। एम.के. स्टालिन तमिलनाडु में उपमुख्यमंत्री का पद संभालने वाले पहले व्यक्ति बने थे। यह मई 2009 से मई 2011 तक उनके दिवंगत पिता एम. करुणानिधि के मुख्यमंत्री के रूप में पांचवें कार्यकाल के दौरान हुआ था।

यह दिलचस्प है कि तमिलनाडु में अब तक केवल दो उपमुख्यमंत्री रहे हैं। एक एम.के. स्टालिन थे। बाद में, 2017 में, जयललिता के निधन के बाद एआईएडीएमके के पन्नीरसेल्वम ने पलानीस्वामी की सरकार में पद संभाला। हालांकि, अपनी छवि को लेकर सतर्क रहने वाले स्टालिन के मुकाबले उदयनिधि को विवादों में रहना पसंद है। कुछ महीने पहले उन्होंने सनातन धर्म के बारे में आलोचनात्मक टिप्पणी करके राजनीतिक तूफान खड़ा कर दिया था। उन्होंने कहा था कि इसे खत्म कर देना चाहिए। अन्नाद्रमुक और भाजपा की तीखी आलोचना के बावजूद उदयनिधि अपनी बात पर अड़े रहे, उन्होंने माफी मांगने से इनकार कर दिया और अपने विरोधियों को उनके खिलाफ कानूनी मामला दर्ज करने की चुनौती दी। उनके संभावित उत्थान का कारण लोकसभा चुनावों में डीएमके की जबरदस्त सफलता है, जिसमें कांग्रेस के साथ गठबंधन में पार्टी ने भाजपा की कड़ी चुनौती का सामना करते हुए सभी 39 सीटों पर कब्जा कर लिया। डीएमके के लोग जीत का श्रेय उदयनिधि को देते हैं क्योंकि माना जाता है कि उन्होंने अभियान की रणनीति तैयार की थी। डीएमके उदयनिधि के संभावित उत्थान और उसी समय उत्तराधिकार रेखा तय करने के साथ 2026 के विधानसभा चुनावों के लिए पहले से ही तैयारी कर रही है।

### आतिशी के सामने होंगी कई चुनौतियां

1991 में राज्य बनने के बाद से दिल्ली को सुशिक्षित महिलाओं को मुख्यमंत्री के रूप में रखने का सौभाग्य मिला है। आम आदमी पार्टी की



आतिशी इस पद पर आसीन होने वाली तीसरी महिला हैं। आतिशी से पहले पहली दो महिला मुख्यमंत्रियों के कार्यकाल को लेकर कई सवाल रहे। पहली महिला मुख्यमंत्री भाजपा की सुषमा स्वराज थीं। वह एक स्पष्ट और विद्वान वकील थीं, जिनमें उत्कृष्ट संचार कौशल और लोगों तक गर्मजोशी और शालीनता से पहुंचने की क्षमता थी। उनका कार्यकाल छोटा था, प्याज की बढ़ती कीमतों के कारण 1998 के विधानसभा चुनाव में भाजपा की हार हुई थी। उस अभियान की एक स्थायी स्मृति है कि कांग्रेस नेताओं ने विरोध में अपने गले में प्याज की माला पहनी थी। फिर 1998 में कांग्रेस की जीत के बाद शीला दीक्षित आईं। दिल्ली के महिलाओं के शीर्ष कॉलेजों में से एक, मिरांडा हाउस से स्नातक, शीला अपनी मृदुभाषा और शान के लिए जानी जाती थीं। उन्होंने दिल्ली की सूरत बदलकर



इसे आधुनिक शहर बनाकर एक स्थायी विरासत छोड़ी है।

राजधानी में मेट्रो प्रणाली को तेजी से आगे बढ़ाने और प्रदूषण को कम करने के लिए सीएनजी बसों को शुरू करने में भी उनकी अहम भूमिका रही। अपनी कई उपलब्धियों के बावजूद, उनका आखिरी कार्यकाल भी विवादों में घिरा रहा, जब एक युवा फिजियोथेरेपी छात्रा के साथ बलात्कार और हत्या की घटना हुई, जिसका कोड नाम निर्भया था। इस घटना ने शहर को हिलाकर रख दिया। दीक्षित के घर पर एक भावनात्मक प्रदर्शन हुआ, जिसमें पानी की बौछारों का इस्तेमाल करके प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर किया गया। दीक्षित ने एक बार भी प्रदर्शनकारियों से मुलाकात नहीं की और आखिरकार, उन्होंने कई दिनों तक इंडिया गेट के आसपास के इलाके पर



कब्जा कर लिया, इसके बाद मनमोहन सिंह की कांग्रेस के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने एक सख्त बलात्कार विरोधी कानून पारित करके इस मामले को शांत किया था। और अब आतिशी सिंह मुख्यमंत्री बनी हैं, जो शायद तीनों में सबसे ज्यादा शिक्षित हैं। ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी जाने से पहले उन्होंने दिल्ली के सेंट स्टीफंस कॉलेज में पढ़ाई की, पहले शेवनिंग स्कॉलरशिप पर और फिर प्रतिष्ठित रोड्स स्कॉलरशिप पर। उनका कार्यकाल भी स्वराज की तरह छोटा होगा क्योंकि छह महीने में विधानसभा चुनाव होने हैं। उम्मीद है कि उनका कार्यकाल अपने पूर्ववर्तियों की तुलना में बेहतर तरीके से समाप्त होगा।

### ममता खो रही है राजनीतिक जमीन

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अपने मंत्रियों और विधायकों पर अपना नियंत्रण खो दिया है।



उन्होंने डॉक्टरों के चल रहे विरोध प्रदर्शन पर चुप रहने के लिए उन्हें एक आदेश दिया था ताकि वे किसी तरह की नाराजगी से बच सकें और पहले से ही परेशान डॉक्टरों को अप्रिय और विवादास्पद टिप्पणियों से और अधिक नाराज न करें।

हालांकि, आदेश के बावजूद, मंत्री स्वप्न देबनाथ ने महिला प्रदर्शनकारियों पर रात में शराब पीने और मौज-मस्ती करने का आरोप लगाया है। उन्होंने यह कहकर मामले को और खराब कर दिया कि उन्होंने अपने निर्वाचन क्षेत्र के बार और होटलों को रात में किसी भी महिला को शराब नहीं परोसने का आदेश दिया है। एक ऐसा राज्य जो खुद को प्रगतिशील और उदारवादी होने पर गर्व करता था, मध्ययुगीन काल में वापस जाता दिख रहा है।



टीएमसी सरकार एक सरकारी अस्पताल में एक युवा डॉक्टर के रेप और हत्या के मामले को ठीक से न संभालने के कारण राजनीतिक जमीन खो रही है।

# पहले जैसा नहीं रहा इंटरनेट

**मेलबर्न,** (द कन्वरसेशन): जब इंटरनेट को लेकर हमारे अनुभव की बात आती है, तो कुछ लोगों के लिए यह पहले की तुलना में कम मजेदार और कम जानकारी वाला माध्यम रह गया है। वहीं कुछ लोगों के लिए ऑनलाइन खोज पर 'कुकी कटर' पेज उपयोगी जानकारी को दबा देते हैं जिनमें धोखाधड़ी, स्पैम और कृत्रिम बुद्धिमत्ता द्वारा उत्पन्न सामग्री भरी होती है। आपकी सोशल मीडिया विषय-वस्तु आकर्षक, उत्तेजक, या क्रोध पैदा करने वाली सामग्री से भरी होती है। हम यहां कैसे पहुंचे? और क्या हम अपना रास्ता वापस पा सकते हैं?



इंटरनेट की वर्तमान स्थिति में योगदान देने वाला एक प्रमुख कारक इसका अति-व्यावसायीकरण है। अधिकांश सामग्री वित्तीय उद्देश्य से संचालित होती है। यकीनन इससे सनसनीखेज सामग्री के प्रचलन को बढ़ावा मिला है, जिसमें सूचना की गुणवत्ता से ज्यादा प्राथमिकता इसके वायरल होने की प्रवृत्ति को मिलती है। व्यापक रूप से प्रसारित गुप्त और भ्रामक विज्ञापन अधिक ध्यान आकर्षित करने के लिए वाणिज्यिक तथा गैर-वाणिज्यिक सामग्री के बीच की रेखा को धुंधला कर देते हैं।

एक और कारक है गूगल, मेटा और अमेजन जैसी दिग्गज कंपनियों का प्रभुत्व होना। ये दुनिया भर में अरबों लोगों तक पहुंचती हैं और हमारे द्वारा उपभोग की जाने वाली सामग्री पर बहुत अधिक प्रभुत्व रखती हैं। इन कंपनियों के मंच व्यापक उपयोगकर्ता डेटा द्वारा संचालित हाइपर-लक्षित मीडिया सामग्री उत्पन्न करने के लिए उन्नत ट्रैकिंग तकनीकों और अपारदर्शी एल्गोरिद्म का उपयोग करते हैं। इससे उपयोगकर्ता सीमित सामग्री के संपर्क में आते हैं जो उनकी मौजूदा मान्यताओं और पूर्वाग्रहों को पुष्ट करती है।

साइबर अपराधी और स्कैमर जैसे कारक भी ऑनलाइन तौर पर एक स्थायी समस्या बन रहे हैं। हालांकि, 'जनरेटिव एआई' जैसी विकसित तकनीक ने उन्हें और सशक्त बनाया है, जिससे वे अत्यधिक यथार्थवादी नकली चित्र, डीपफेक वीडियो और वॉयस क्लोनिंग बनाने में सक्षम हुए हैं। सामग्री निर्माण को स्वचालित करने की एआई की क्षमता ने भी इंटरनेट को अभूतपूर्व पैमाने पर कम गुणवत्ता वाली, भ्रामक और हानिकारक सामग्री से भर दिया है। संक्षेप में कहें तो, इंटरनेट के त्वरित व्यावसायीकरण, मीडिया तकनीक कंपनियों का प्रभुत्व और प्रतिकूल कारकों की मौजूदगी ने इंटरनेट पर सामग्री में घुसपैठ कर ली है। एआई इसे और बढ़ावा देता है तथा इंटरनेट में पहले से कहीं अधिक उथल-पुथल पैदा करता है।

### इंटरनेट की अच्छाइयां

तो, वह 'अच्छा इंटरनेट' क्या था जिसके लिए हम सभी के पास कुछ अच्छी यादें हैं। शुरू में, इंटरनेट का मतलब एक मुक्त समतावादी स्थान होना था जहां 'सर्फ' और 'ब्राउज' करना ही एक काम था। तमाम तरह के फिल्टर आने से पहले, इंटरनेट एक रचनात्मक क्षेत्र था जहां लोग अलग-अलग विचारों की खोज करते थे, अलग-अलग दृष्टिकोणों पर चर्चा करते थे और उनके सामाजिक दायरे से बाहर के या विपरीत विचार वाले दूसरे समूहों के लोगों के साथ सहयोग करते थे। शुरुआती सोशल मीडिया मंच पुराने सहपाठियों और परिवार के सदस्यों के साथ फिर से जुड़ने के विचार के आधार पर बनाए गए थे। हममें से कई लोग इंटरनेट के माध्यम से कुछ सामुदायिक समूहों, परिचितों और परिवार के सदस्यों से जुड़े रहते हैं।

# बिहार के नवादा में महादलितों की बस्ती जलाने का गुनहगार कौन ?

**नई दिल्ली,** (आईएएनएस): कोई खाना बना रहा था, तो कोई खाट पर लेटा हुआ था। बच्चे बाहर सरकारी चापाकल पर नहा रहे थे। अचानक फायरिंग शुरू हो गई। भीड़ का आतंक इतना था कि लोग अपना सारा सामान घर में ही छोड़कर भागने को मजबूर हो गए। देखते ही देखते दहशतगर्दों ने 40-50 घरों में आग लगा दी। महादलितों का पूरा गांव चंद घंटों में राख में तब्दील हो गया। सैकड़ों लोग बेघर हो गए। घरों के अंदर बंधी बकरियां और मुर्गियां आग की भेंट चढ़ गईं।

- **यादव समुदाय के लोगों पर दलितों की जमीन पर कब्जा करने का आरोप लगाया**

यह घटना बिहार के नवादा जिले के देदौर के कृष्णा नगर महादलित टोला की है, जहां बुधवार (18 सितंबर) को पास के ही गांव के दहशतगर्दों ने इसे अंजाम दिया। आइये इस घटना के राजनीतिक मायने समझें और जानें कि इसके गुनहगार कौन हैं?

केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी कहते हैं कि इस मामले में गिरफ्तार किए गए लोगों में 12 यादव समुदाय से हैं। राज्य में यादव समुदाय के लोगों पर दलितों की जमीन पर जबरन कब्जा करने का आरोप लगाया गया है।

दिल्ली आर.एन.आई. नं. 40474/83
पंजाब केसरी
दिल्ली कार्यालय :
फोन आफिस: 011-30712200, 45212200,
प्रसार विभाग: 011-30712224
विज्ञापन विभाग: 011-30712229
सम्पादकीय विभाग: 011-30712292-93
मैगजीन विभाग: 011-30712330
फैक्स : 91-11-30712290, 30712384, 011-45212383, 84
Email: Editorial@punjabkesari.com

स्वत्वाधिकारी दैनिक समाचार लिमिटेड, 2-प्रिंटिंग प्रेस कॉम्पलैक्स, नजदीक वजीरपुर डीटीसी डिपो, दिल्ली-110035 के लिए मुद्रक, प्रकाशक तथा सम्पादक अनिल शारदा द्वारा पंजाब केसरी प्रिंटिंग प्रेस, 2-प्रिंटिंग प्रेस कॉम्पलैक्स, वजीरपुर, दिल्ली से मुद्रित तथा 2, प्रिंटिंग प्रेस कॉम्पलैक्स, वजीरपुर, दिल्ली से प्रकाशित।



## रात में ब्रश किए बिना सो जाते हैं? सेहत को हो सकता है नुकसान

हम बचनप से ही यह सुनते हुए बड़े हुए हैं कि दिन में दो बार ब्रश करना चाहिए। एक बार सुबह के समय और दूसरी बार रात को सोने से पहले। लेकिन इस रूटीन को बहुत कम लोग ही फॉलो करते हैं।यह जानते हुए कि इस वजह से दांतों और मसूड़ों से जुड़ी कई समस्याएं हो सकती है।सुबह के समय तो लोग ब्रश करते हैं लेकिन रात में अक्सर लोगों को आलस आ जाता है और लोग ब्रश करना स्किप कर देते हैं।लेकिन क्या आप जानते हैं यह लापरवाही आपके सेहत पर भारी पड़ सकती है। चलिए जानते हैं रात में ब्रश नहीं करने से क्या हो सकता है?

**सांसों की बदबू**– खाना खाने के बाद मुंह के अंदर लाखों बैक्टीरिया पैदा होते हैं।मुंह में रहने की वजह से ये बैक्टीरिया दांतों के इनेमल को नष्ट कर देता है, जिससे दांतों में सड़न, कैविटी और मसूड़ों की बीमारी हो जाती है। इतना ही नहीं दांतों की सड़न की वजह से मुंह से गंदी बदबू आने लगती है। इसलिए रोज़ाना रात को सोने से पहले भी ब्रश करें और साथ में फ़्लॉस भी करें। ये दांतों, मसूड़ों और जीभ से बैक्टीरिया और



प्लाक को हटाने में मदद कर, बदबूदार सांसों को रोकता है।

**मसूड़ों की बीमारी और कैविटी**– दांतों को ब्रश किए बिना बिस्तर पर चले जाते हैं, तो दांतों की सड़न और मसूड़ों की बीमारी जैसी गंभीर समस्या से ग्रस्त हो सकते हैं। दरअसल, रात में ब्रश नहीं करने से मुंह में प्लाक सख्त होने लगता है।एक बार प्लाक कैल्सीफायर हो जाने पर, यह टार्टर बन जाता है और साधारण ब्रशिंग से साफ नहीं होता। अपने दांतों से टार्टर हटाने का एकमात्र तरीका डेंटिस्ट के पास जाकर दांतों की सफाई करवाना है।

**हृदय रोग की संभावना**– कुछ अध्ययनों के मुताबिक़ ओरल हेल्थ में लापरवाही, मसूड़ों की बीमारी और हृदय रोग के बीच एक संबंध है। ऐसा इसलिए है क्योंकि दांतों के आसपास सूजन, खून निकलना और हाड़ियाँ कमजोर होने के कारण बैक्टीरिया धमनियों में रक्तप्रवाह में भी जा सकते हैं। इससे हृदय में रक्त का प्रवाह सीमित हो सकता है।

**इन टूथ-ब्रशिंग टिप्स को करें फॉलो**

बेहतरीन ओरल हेल्थ के लिए एक दिन में दो बार 2 मिनट के लिए अपने दांतों को ब्रश करें।

फ्लोराइड टूथपेस्ट का इस्तेमाल करें। फ्लोराइड दांतों के स्वास्थ्य को काफ़ी हद तक बेहतर बनाता है, जिससे दांत मज़बूत होते हैं।

अपने लिए सही टूथब्रश का इस्तेमाल करें। अगर आपको मैन्युअल ब्रश से परेशानी है, तो इलेक्ट्रिक ब्रश का इस्तेमाल करें।

हर 3 से 4 महीने में अपना टूथब्रश बदलें। अगर ब्रश के ब्रिसल्स मुड़ जाएं तो टूथब्रश बदलें।

## हाई ब्लड प्रेशर से हैं परेशान तो रोजाना करें ये योगासन

हाई ब्लड प्रेशर एक आम बात सी हो गई है। खराब लाइफस्टाइल और बढ़ते तनाव से लोगों को बीपी हाई होने लगा है। आजकल हम जो दिनचर्या फॉलो कर रहे हैं उसके कारण कई खतरनाक बीमारियां चुपके से शरीर में घर करने लगी है। लाइफस्टाइल से जुड़ी बीमारियों में हाई ब्लड प्रेशर के मरीज काफी तेजी से बढ़ रहे हैं।



जिसकी वजह सिर्फ उम्र ही नहीं है, बल्कि किडनी की बीमारियां, व्यायाम न करना, जेनेटिक वजह, मोटापा और कई से परेशानियों से भी हाई बीपी होने लगता है। कभी सिर्फ उम्र बढ़ने पर होने वाली बीपी की समस्या अब युवाओं को भी परेशान करने लगी है। इससे बचने के लिए जरूरी है कि आप योग करें और अपनी लाइफस्टाइल में कुछ बदलाव करें।

रोजाना सिर्फ 20-15 मिनट योग करके ब्लड प्रेशर को कंट्रोल किया जा सकता है। योग से जेनेटिक बीपी की समस्या को भी आसानी से कंट्रोल किया जा सकता है। जिसमें आपको अनुलोम विलोम, भ्रामरी और प्राणायम के साथ कुछ योगाभ्यास भी शामिल करने होंगे। आइये जानते हैं कि हाई ब्लड प्रेशर को कम करने के लिए कौन से योगासन करने चाहिए?

**वीरासन**

ब्लड प्रेशर के मरीज को वीरासन जरूर करना चाहिए। इस सांस लेने वाले योगाभ्यास को हाई बीपी वालों के लिए अच्छा माना जाता है। रोजाना वीरासन करने से ब्लड प्रेशर को कंट्रोल, नर्वस सिस्टम को हेल्दी और तनाव को कम किया जा सकता है।

**वीरासन का तरीका**

इसके लिए आप जमीन पर घुटनो के बल बैठ जाएं और अपने दोनों हाथों को घुटनों पर रख लें। अब हिप्स को एड़ियों के बीच में रखें और घुटनों के बीच की दूरी को कम कर लें। नाभि को अंदर खींचें और थोड़ी देर होल्ड करें। अब 30 सेकंड बाद रिलेक्स वाली स्थिति में आ जाएं।

**शवासन**



रोजाना शवासन करने से बढ़े हुए ब्लड प्रेशर को कम किया जा सकता है। इससे शरीर रिलेक्स होता है और ब्लड प्रेशर भी सामान्य स्थिति में पहुंच जाता है।

**शवासन करने का तरीका**

इसके लिए योग मैट पर पीठ के बल आपको लेटना है और अब बॉडी को रिलेक्स करते हुए आंखें बंद कर लें। अपने पैरों को फैला लें और आराम दें। हाथों को शरीर के दोनों साइड बिना टच किए हुए रखें। हथेलियों को धीरे धीरे फैलाएं और पूरे शरीर को आराम की मुद्रा में लेकर जाएं. गहरी और धीमी सांस लें। इसी तरह 30 सेकंड रहें और फिर नॉर्मल हो जाएं।

**बालासन**

शरीर में बढ़ते ब्लड प्रेशर को बालासन करने से भी कंट्रोल किया जा सकता है। बालासन को बीपी के मरीज के लिए अच्छा योगाभ्यास माना जाता है। इससे बॉडी रिलैक्स होती है और रीढ़ की हड्डी को आराम मिलता है।

**ऐसे करें बालासन**

इसके लिए वज्रासन में मुद्रा में बैठ जाएं और अब धीरे धीरे सांस लेते हुए हाथों को सर के ऊपर लेकर जाएं। सांस छोड़ें और आगे की ओर झुकें। अब अपने माथे को जमीन से टिकाएं और सांस का ध्यान रखें। 30 सेकंड के बाद नॉर्मल स्थिति में आ जाएं।



## कबूतर बीट से सेहत को पहुंचते हैं गंभीर नुकसान

अगर आप दिल्ली या आस-पास के इलाकों में रहते हैं, तो कबूतरों से तो अक्सर पाला पड़ जाता होगा। वैसे तो, ये काफी शांत जीव होते हैं, लेकिन इनकी बीट के कारण इंसानों को काफी परेशानियां हो सकती हैं। कबूतरों की बीट में पाया जाने वाला केमिकल और रोगाणु इंसानों के लिए काफी खतरनाक साबित हो सकते हैं। इसलिए इनके संपर्क में आने से बचना जरूरी है। आज हम जानेंगे कि कैसे कबूतर की बीट आपको नुकसान पहुंचा सकती है।

**कबूतरों की बीट से फैलने वाली बीमारियां**

**हिस्टोप्लाज्मोसिस**– यह एक फंगल इन्फेक्शन है, जो कबूतरों की बीट में पाए जाने वाले हिस्टोप्लाज्मा कैप्सुलैटम नाम के फंगस के कारण होता है। इस





इन्फेक्शन से फेफड़ों में सूजन हो सकती है, जिससे खांसी, बुखार, और छाती में दर्द जैसे लक्षण नजर आते हैं। गंभीर मामलों में, यह संक्रमण दिल, दिमाग, या अन्य अंगों को भी प्रभावित कर सकता है।

**क्रिप्टोकोक्कोसिस**– यह एक फंगल इन्फेक्शन है, जो क्रिप्टोकोक्कस नीफॉर्मिस नाम के फंगस के कारण होता है। यह फंगस कबूतरों की बीट में पाया जाता है और सांस लेने के दौरान शरीर में प्रवेश कर सकता है। यह संक्रमण फेफड़ों में सूजन और दिमाग में इन्फेक्शन का कारण बन सकता है, जिससे सिरदर्द, उल्टी, और चक्कर आने जैसी शुरुआती समस्याएं हो सकती हैं।

**साल्मोनेला**– साल्मोनेला बैक्टीरिया कबूतरों की बीट में पाया जाता है और फूड आइटम्स को दूषित कर सकता है। साल्मोनेला इन्फेक्शन से दस्त, बुखार, उल्टी, और पेट में दर्द हो सकता है।

**ई. कोलाई**– ई. कोलाई बैक्टीरिया भी कबूतरों की बीट में पाया जाता है और खाने की चीजों को दूषित करता है। ई. कोलाई इन्फेक्शन से दस्त, बुखार, उल्टी, और पेट में दर्द हो सकता है।

**कैम्पाइलोबैक्टर**– कैम्पाइलोबैक्टर बैक्टीरिया भी कबूतरों की बीट में पाया जाता है और फूड आइटम्स को दूषित कर सकता है। कैम्पाइलोबैक्टर के इन्फेक्शन से भी दस्त, बुखार, उल्टी, और पेट में दर्द जैसी समस्याएं हो सकती हैं।

**एलर्जी**– कबूतर की बीट की वजह से छींक आना, आंखों में जलन और नाक बहने जैसे एलर्जिक रिएक्शन भी हो सकते हैं।



## कांच के गिलास या बोतल में पानी पीने के फायदे

भारत में पुराने समय से ही खानपान और पानी पीने के लिए कई तरह के बर्तन का इस्तेमाल किया जाता है। मिट्टी या चीनी मिट्टी के बर्तनों का इस्तेमाल शुरू किया जाता है। आजकल पूरी दुनिया में पानी स्टोर करने के लिए प्लास्टिक के बोतल का इस्तेमाल किया जाता है। आज हम आपको इससे होने वाले नुकसान के बारे में बताएंगे। एक्सपर्ट के मुताबिक प्लास्टिक और दूसके बर्तनों की तुलना में कांच और गिलास के बोतल में पानी पीना काफी ज्यादा फायदेमंद होता है।

**प्लास्टिक की बोतल में पानी पीना नुकसानदायक**

हमारी खराब लाइफस्टाइल के कारण अपनी रोजमर्रा की जिंदगी में प्लास्टिक का खूब इस्तेमाल करते हैं। घर हो या ऑफिस प्लास्टिक बंद बोतल में पानी पीना हम खूब पसंद करते हैं। अगर आप भी ऐसा कर रहे हैं तो संभल जाएं क्योंकि आपके शरीर में धीमा जहर पहुंच रहा है।

एक्सपर्ट के मुताबिक एक लीटर बोतलबंद पानी में करीब 2.40 लाख प्लास्टिक के महीन टुकड़े मौजूद होते हैं। जिसकी वजह से सेहत को गंभीर और जानलेवा खतरे हो सकते हैं।

इसकेअलावा बोतल में मौजूद बोतल बंद पानी में 100,000 से ज्यादा नैनोप्लास्टिक मिले हैं। यह इतने छोटे कण होते हैं कि ब्लड सर्कुलेशन तक को खराब कर सकते हैं। यह दिमाग और सेल्स को भी नुकसान पहुंचाते हैं।

**अब दानियों के अनुरोध पर 'एक मिशन एक सेवा' का प्रकाशन प्रतिदिन किया जा रहा है ताकि दानदाता अपने प्रियजनों के जन्मदिन, पुण्यतिथि, वैवाहिक वर्षगांठ या किसी खास मौके की तिथि विशेष पर अपनी इच्छानुसार दान राशि प्रकाशित करा सकें।**

## एक मिशन एक सेवा



बुढ़ापा जीवन का अटल सत्य है। गरीबी, बीमारियां, तथा अपनों का मुंह फेर लेना, इसे अभिशाप बना देते हैं। आईये! ऐसे बुजुर्गों का सहारा बनें। सुखी-सम्पन्न लोगों के सहयोग से इनका अकेलापन, दुःख दूर किये जा सकते हैं। ताकि भावी पीढ़ी इनसे प्रेरणा ले सकें।

**पंजाब केसरी दैनिक समाचार पत्र समूह** 2000 रु.

### दानियों के लिए विशेष सूचना

वरिष्ठ नागरिक केसरी क्लब के लिए दान देने वाले सज्जन अब देशभर में **पंजाब नैशनल बैंक** की किसी भी शाखा में जाकर सहायता राशि जमा करवा सकते हैं, इसके लिए ध्यान रखें कि उक्त राशि **वृद्ध केसरी, रोमेश चंद्र ट्रस्ट के अकाउंट नंबर** 3075002102006705 में देय होनी चाहिए। हमारा अनुरोध है कि सहायता राशि जमा करवाने के बाद हमें सूचित जरूर करें, ताकि रसीद भेजी जा सके। यह राशि आयकर छूट प्राप्त है। **जो सज्जन पंजाब नैशनल बैंक की किसी शाखा में नकद राशि जमा कराएं, वे बैंक की रसीद हमें कोरियर करा दें, ताकि आपको हम रसीद भेज सकें। सभी दानकर्ताओं से अनुरोध है कि दान भेजते समय पूरा पता, टेलीफोन नंबर और पैन कार्ड नंबर भी साथ में लिखें।**

दिल्ली के बाहर के दानकर्ता 500/- रुपए से कम की दानराशि कृपया ड्राफ्ट या मनीआर्डर से ही भेजें

कृपया अपना ड्राफ्ट या चैक **वृद्ध केसरी रोमेश चंद्र ट्रस्ट**, के नाम बना कर हमें भेजें। सभी दानी सज्जनों के नाम प्रति दिन प्रकाशित किए जाएंगे। लेकिन फोटो 5100/- या इससे अधिक की दान राशि देने वाले सज्जनों के प्रकाशित किए जाएंगे। दान के लिए पंजाब केसरी कार्यालय में प्रात: 10 से 5.30 बजे तक सम्पर्क करें।

*** यह राशि आयकर कानून की धारा 80-जी के अन्तर्गत करमुक्त है!**

**पता :-** वरिष्ठ नागरिक केसरी क्लब
2, प्रिंटिंग प्रेस काम्प्लेक्स, नियर
वजीरपुर डिपो, दिल्ली-35

**दान के लिए कृपया 01130712376, 09871598497, 9810107375 पर संपर्क करें। यदि कोई सज्जन या संस्था हमारे नाम से पैसा इकट्ठा करे तो इसका जिम्मेदार वरिष्ठ नागरिक केसरी क्लब नहीं होगा।**





# मानसून में महिलाओं को अधिक होता है यूटीआई

**यूरिनरी** ट्रैक्ट इन्फेक्शन यानी UTI एक आम समस्या है, जो अक्सर महिलाओं में ज्यादा देखने को मिलती है। इसके कई कारण हो सकते हैं और अगर समय रहते इलाज न किया जाए, तो यह ज्यादा गंभीर समस्याओं की वजह बन सकता है। खासकर बरसात के मौसम में UTI की समस्या ज्यादा बढ़ जाती है। इसकी वजह से कई बार रोजमर्रा के कामकाज करने में भी दिक्कतें होती हैं। ऐसे में जरूरी है कि इससे बचने के लिए जरूरी उपाय फॉलो किए जाएं। आज हम आपको बताएंगे बरसात में UTI बढ़ने के कारण और इससे बचने के उपाय-

आपको बता दें कि बरसात के दिनों में अक्सर नमी और ह्यूमिडिटी बढ़ जाती है, जिसकी वजह से बैक्टीरिया को पनपने के लिए एक आदर्श वातावरण मिलता है। साथ ही इन दिनों लोग अक्सर लोग में भीग जाते हैं, जिसकी वजह से लंबे समय तक गीले कपड़े, विशेषकर अंडरवियर पहनने से बैक्टीरिया को प्रजनन स्थल मिल जाता है। इसके अलावा इस मौसम में अक्सर साफ-सफाई की कमी भी UTI का खतरा बढ़ा देती है।

**UTI से बचाव**

**हाइजीन का ध्यान रखें**

बैक्टीरिया अक्सर एनस से यूरिनरी ट्रैक्ट तक पहुंच जाते हैं, जिससे इन्फेक्नश होता है। ऐसे में इन्हें फैलने से रोकने के लिए जब भी टॉयलेट का इस्तेमाल करें, तो हमेशा आगे से पीछे की ओर पोंछें। पीरियड्स के दौरान बैक्टीरिया को पनपने से रोकने के लिए आपको समय-समय पर टैम्पोन या पैड भी बदलना चाहिए।

**पर्याप्त पानी पीते रहें**

हाइड्रेटेड रहने से यूरिनरी सिस्टम से बैक्टीरिया को बाहर निकालने में मदद मिलती है। अपने यूरिनरी ट्रैक्ट को स्वस्थ रखने और संक्रमण के खतरे को कम करने के लिए दिन में कम से कम 8 गिलास पानी जरूर पिएं।

**क्रैनबेरी जूस पिएं**

UTI से बचाने में क्रैनबेरी काफी मददगार हो सकती है। इसका जूस अपने एंटीऑक्सीडेंट, एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुणों के कारण यूटीआई के खतरे को रोकने में मदद कर सकता है। इस जूस को पीने से ई. कोली के विकास को रोकने में मदद मिलती है, जो यूटीआई का कारण बनने वाला सबसे आम प्रकार का बैक्टीरिया है।

**प्रो-बायोटिक्स खाएं**

प्रो-बायोटिक्स में पाए जाने वाले हेल्दी बैक्टीरिया वजाइनल और गट माइक्रोबायोम को संतुलित बनाए रखने में मदद कर सकते हैं, जिससे यूटीआई का खतरा कम हो सकता है। आप प्रोबायोटिक्स की कमी दूर करने के लिए दही और केफिर आदि को डाइट में शामिल कर सकते हैं।

**ज्यादा देर यूरिन न रोकें**

जब भी आपको यूरिन आए, तो इसे रोके नहीं। पेशाब रोककर रखने से संक्रमण का खतरा बढ़ सकता है। इसलिए जब भी जरूरत लगे अपने ब्लैडर को बार-बार खाली करें, खासकर सेक्स करने से पहले और बाद में।

**साबुन या अन्य प्रोडक्ट्स के इस्तेमाल से बचें**

साबुन या अन्य खुशबु वाले वजाइनल वॉश आदि के इस्तेमाल से बचें। इनकी वजह से बैक्टीरिया का नेचुरल बैलेंस बिगड़ सकता है, जिससे इन्फेक्शन का खतरा बढ़ जाता है। साथ ही इस मौसम में सूती और हवादार कपड़े और अंडरवियर पहनें, ताकि बैक्टीरिया के पनपने की संभावना कम हो जाए।

## केसरी सूडोकू- 2963

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 6 | | 8 | 4 | | |
| | | | | 9 | | 7 | | |
| 6 | 7 | | | | 2 | | | |
| 4 | 8 | 3 | | | | 9 | | |
| | | 5 | | | | 1 | | |
| | | 9 | | | | 3 | 8 | 2 |
| | | | 2 | | | | 1 | 3 |
| | | 6 | | 4 | | | | |
| | | 8 | 3 | | 5 | | | |

**हल करने का तरीका**

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।
- आड़ी व खड़ी पंक्ति में और 3x3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

**सूडोकू 2962 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 1 | 4 | 9 | 3 | 5 | 2 | 6 |
| 2 | 5 | 9 | 6 | 7 | 8 | 3 | 4 | 1 |
| 6 | 3 | 4 | 1 | 5 | 2 | 9 | 7 | 8 |
| 1 | 9 | 7 | 2 | 6 | 5 | 4 | 8 | 3 |
| 5 | 8 | 2 | 9 | 3 | 4 | 6 | 1 | 7 |
| 3 | 4 | 6 | 8 | 1 | 7 | 2 | 5 | 9 |
| 9 | 6 | 8 | 5 | 4 | 1 | 7 | 3 | 2 |
| 4 | 1 | 3 | 7 | 2 | 9 | 8 | 6 | 5 |
| 7 | 2 | 5 | 3 | 8 | 6 | 1 | 9 | 4 |

## मोबाइल को तकिए के पास रखकर सोते हैं तो

# हो सकता है खतरा



**मोबाइल** फोन सिरहाने रख कर सोने की आदत अगर आपको भी है, तो हो जाय सावधान। चाहे आप अलार्म के कारण ऐसा करते हों या फिर आपको देर रात मोबाइल चलाने की आदत हो, बता दें कि हर एक लिहाज से यह सेहत के लिए बड़ा खतरा साबित हो सकता है। मोबाइल फोन से निकलने वाली ब्लू-लाइट और खतरनाक रेडिएशन साइलेंट किलर की तरह काम करती है और आपको अहसास होने से पहले ही बड़े खतरे पर ला खड़ा करती है। आइए जानते हैं इसके साइड इफेक्ट्स और बचाव के तरीके।

**सिरदर्द और माइग्रेन**- मोबाइल की रेडिएशन से सिरदर्द और माइग्रेन की समस्या हो सकती है। खासकर तब जब आप मोबाइल को सिर के बहुत करीब रखकर सोते हैं।

**कानों में चुभन**- मोबाइल से निकलने वाली रेडिएशन आपके कानों को भी गंभीर रूप से प्रभावित करती है और इससे कानों में चुभन की समस्या पैदा हो सकती है।

**कैंसर का खतरा**- इस बारे में अभी तक कोई ठोस सबूत तो नहीं मिले हैं, लेकिन कुछ स्टडी से पता चलता है कि मोबाइल की रेडिएशन से कैंसर का खतरा भी बढ़ सकता है।



**तनाव और चिंता**- सोने से पहले मोबाइल का इस्तेमाल करने से तनाव और चिंता बढ़ सकती है। इससे स्लीपिंग शेड्यूल बुरी तरह बिगड़ जाता है।

**दिल की बीमारियां**- स्टडीज बताती हैं कि मोबाइल की रेडिएशन दिल की बीमारियों को भी न्योता दे सकती है। यही वजह है कि आपको यह आदत तुरंत छोड़ देनी चाहिए।

**क्यों होता है नुकसान?**

**मोबाइल से निकलने वाली रेडिएशन**- मोबाइल से निकलने वाली रेडिएशन हमारे शरीर की कोशिकाओं को नुकसान पहुंचा सकती है।

**ब्लू लाइट का प्रभाव**- मोबाइल की स्क्रीन से निकलने वाली ब्लू लाइट, मेलाटोनिन हार्मोन के उत्पादन को कम करती है, जिससे स्लीपिंग शेड्यूल बुरी तरह बिगड़ जाता है।

**बैक्टीरिया का संक्रमण**-मोबाइल की स्क्रीन पर बहुत सारे बैक्टीरिया होते हैं जो त्वचा के संपर्क में आने पर संक्रमण का कारण बन सकते हैं।

**बचाव**

सोने से कम से कम एक घंटे पहले मोबाइल का इस्तेमाल बंद कर दें।

मोबाइल को कभी भी तकिए के नीचे या सिर के पास रखकर न सोएं।

सोने से पहले एक शांत और अंधेरे कमरे में जाएं।

मोबाइल को कमरे से बाहर रखें या इसे एयरप्लेन मोड में कर दें।

नियमित रूप से अपने मोबाइल को साफ करते रहें।


**त्वचा से जुड़ी समस्याएं-**

**मोबाइल की स्क्रीन पर बैक्टीरिया बहुत जल्दी पनपते हैं। जब आप मोबाइल को चेहरे के पास रखकर सोते हैं तो ये बैक्टीरिया आपकी त्वचा पर पहुंचकर कील-मुंहासे जैसी समस्याएं पैदा कर सकते हैं।**



**बिगड़ जाता है स्लीपिंग शेड्यूल-**

**मोबाइल से निकलने वाली ब्लू लाइट मेलाटोनिन हार्मोन को प्रभावित करती है जो नींद को नियंत्रित करता है। इससे नींद न आना, नींद में बार-बार खलल और नींद की गुणवत्ता में गिरावट देखने को मिल सकती है।**



## ज्यादा नमक खाने से हार्ट ही नहीं अंगों पर भी पड़ता है

# बुरा असर

**नमक** को हमेशा से ब्लड प्रेशर से जोड़कर देखा जाता है, इसलिए हाई ब्लड प्रेशर की स्थिति में अक्सर व्यक्ति को कम नमक खाने की और लो ब्लड प्रेशर में ज्यादा नमक खाने की सलाह दी जाती है। हाई ब्लड प्रेशर हार्ट की सेहत के लिए बेहद खतरनाक स्थिति होती है। इसलिए नमक को दिल की सेहत के लिए खराब बताया जाता है इसलिए एक तय सीमा में ही नमक खाने की सलाह दी जाती है लेकिन ज्यादा नमक हार्ट के साथ साथ किडनी पर भी बुरा असर डालता है इसलिए आप जितना कम नमक खाएंगे आपकी सेहत के लिए उतना ही फायदेमंद होगा।

एक्सपर्ट्स की माने तो ज्यादा नमक हार्ट ही नहीं किडनी को भी खराब करता है। दरअसल, ज्यादा नमक से पेशाब में कैल्शियम की मात्रा बढ़ती है। इससे किडनी में पथरी बन जाती है। पथरी के अलावा ज्यादा नमक से पेशाब में प्रोटीन की मात्रा भी बढ़ जाती है। जिससे किडनी की क्षमता प्रभावित होती है। इससे किडनी खराब होने का खतरा ज्यादा बढ़ जाता है। इसलिए एक्सपर्ट्स का कहना है कि एक दिन में किसी व्यक्ति को 5 ग्राम से अधिक नमक नहीं खाना चाहिए।

**कम पानी**

जैसे ज्यादा नमक किडनी की सेहत बिगाड़ता है इसके उल्ट कम पानी पीने से किडनी की सेहत को नुकसान पहुंचता है, किडनी के जानकार बताते हैं कि हेल्दी किडनी रखने के लिए व्यक्ति को रोजाना 2 से 3 लीटर पानी पीना चाहिए। पानी पीने से किडनी हेल्दी रहती है और किडनी में जमे सारे टॉक्सिक बाहर निकल जाते हैं। ऐसे ही ज्यादा पानी पीने से यूरिक एसिड भी ज्यादा नहीं बनता और स्टोन्स बनने का खतरा भी कम हो जाता है। इसलिए किडनी की सेहत को दुरूस्त रखने के लिए ज्यादा से ज्यादा पानी की सलाह दी जाती है।


**पेनकिलर**

इन सबके अलावा अगर किडनी को सबसे ज्यादा नुकसान किसी चीज से पहुंचता है तो वो है पेनकिलर्स। आजकल लोग किसी भी तरह के दर्द में बिना डॉक्टर की सलाह के ओवर द काउंटर्स पेनकिलर्स लेते हैं। ये पेनकिलर्स आपको तुरंत दर्द से तो राहत दिला देते हैं लेकिन इनके इस्तेमाल से आपकी किडनी की सेहत को बहुत ज्यादा नुकसान पहुंचता है। इसलिए कहा जाता है कि बिना डॉक्टर की सलाह के कोई भी पेनकिलर नहीं लेना चाहिए।

**कैसे करें किडनी का बचाव**

- डायबिटीज से किडनी पर बुरा असर पड़ता है इसलिए डायबिटीज के मरीज किडनी का खास ख्याल रखें।
- ज्यादा मीठा भी किडनी को नुकसान पहुंचाता है, मीठे का सेवन कम करें।
- नमक का भी सेवन कम करें।
- ज्यादा से ज्यादा पानी पीएं।
- ज्यादा पेनकिलर्स न खाएं।
- पर्याप्त नींद लें। रोजाना 7 से 8 घंटे सोएं।
- ज्यादा प्रोसेस्ड फूड्स का सेवन न करें।
- वजन को नियंत्रित रखें, रोजाना एक्सरसाइज करें।
- स्ट्रेस को मैनेज करने के लिए मेडिटेशन और योगा की मदद लें।

# दही और अनार के दानों के फायदे



**इम्यूनिटी बढ़ाना**-दही और अनार दोनों में विटामिन C भरपूर मात्रा में होता है, जो हमारी इम्यूनिटी को बूस्ट करता है। ये दोनों मौसम के बदलने पर होने वाले संक्रमण से बचाने में मदद करते हैं।

**हृदय स्वास्थ्य**- इन दोनों में पोटेशियम, मैग्नेशियम, कैल्शियम और फोलेट जैसे मिनरल्स होते हैं, जो दिल की सेहत के लिए जरूरी होते हैं। नियमित रूप से इनका सेवन करने से हार्ट प्रॉब्लम्स का खतरा कम होता है।

**हड्डियों और मांसपेशियों की सेहत**-दही और अनार में प्रोटीन की मात्रा अच्छी होती है, जो हड्डियों को मजबूत बनाती है। इन्हें मिलाकर खाने से मांसपेशियों में ताकत आती है और यह ब्रेन फंक्शन में भी सुधार करते हैं।

**खून की कमी**-दही और अनार के दाने खून को बढ़ाने में मदद करते हैं। अगर आपको हमेशा थकान और कमजोरी महसूस होती है, तो सुबह के नाश्ते में इन दोनों का सेवन करने से फर्क पड़ेगा।

**त्वचा का स्वास्थ्य**- दही और अनार से त्वचा को अंदर से नमी मिलती है, जिससे आपकी त्वचा खिलती-खिलती नजर आती है।

**पेट की समस्याएं**- दही और अनार का रायता पेट की जलन और अन्य पेट संबंधी समस्याओं से आराम दिलाने में मदद करता है।

आप फ्रेश अनार के दानों को दही, ओट्स चाट, या सलाद में मिलाकर खा सकते हैं। सुबह के नाश्ते में इन्हें शामिल करने से दिनभर ऊर्जा बनी रहती है।

हालांकि, अगर आपको दही से कोई एलर्जी है या आपको लैक्टोज से समस्या है, तो दही का सेवन करने से बचें। इसके अलावा, अगर आपको अनार से कोई विशेष समस्या है, तो भी इसे खाने से पहले ध्यान रखें।

# मधुमेह में हड्डी और जोड़ों की समस्याएं

**मधुमेह में हड्डी और जोड़ों की समस्याएं**

मधुमेह के रोगियों में हड्डी और जोड़ों की समस्याएं काफी देखने को मिलती है जिससे उनकी रोजमरा की जिंदगी में परेशानी हो जाती हैं- इन परेशानियों की वजह से शुगर कंट्रोल में नहीं रहती ।



डॉ. अशोक झिंगन



**समस्याएं जो होती है**

1. हड्डियों की कमजोरी (ओस्टियोपोरोसिस)
2. जोड़ों का दर्द (ओस्टियोआर्थराइटिस)
3. जोड़ों की सूजन (रूमेटाइड आर्थराइटिस)
4. कंधे की समस्या (फ्रोजन शोल्डर)
5. हाथों और पैरों की समस्या (कार्पल टनल सिंड्रोम)

**मधुमेह में हड्डी और जोड़ों की समस्याओं के लक्षण-**

1. जोड़ों का दर्द
2. हड्डियों का दर्द
3. जोड़ों की सूजन
4. चलने में परेशानी
5. हाथों और पैरों में सुन्नता

**मधुमेह में हड्डी और जोड़ों की समस्याओं की रोकथाम**

1. मधुमेह का नियंत्रण
2. नियमित व्यायाम
3. संतुलित आहार
4. कैल्शियम और विटामिन डी का सेवन
5. धूम्रपान और शराब से बचें

**मधुमेह में हड्डी और जोड़ों की समस्याओं के लिए आहार-**

1. कैल्शियम से भरपूर आहार
2. विटामिन डी से भरपूर आहार
3. ओमेगा-3 फैटी एसिड से भरपूर आहार
4. फल और सब्जियां
5. साबुत अनाज

**मधुमेह में हड्डी और जोड़ों की समस्याओं के लिए व्यायाम-**

1. चलना
2. दौड़ना
3. साइकिल चलाना
4. योग
5. स्विमिंग

**मधुमेह में हड्डी और जोड़ों की समस्याओं के लिए दवाएं-**

1. कैल्शियम और विटामिन डी की दवाएं
2. दर्द निवारक दवाएं
3. एंटी-इंफ्लेमेटरी दवाएं

नियमित जांच और इलाज से मधुमेह में हड्डी और जोड़ों की समस्याओं को रोका जा सकता है।

कृपया अपने स्वास्थ्य विशेषज्ञ से परामर्श लें।

सेवा भारती दिल्ली एवं
स्वदेशी जागरण फाउन्डेशन के तत्वावधान में
चौपाल द्वारा
143वां आयोजन, 250 कामकाजी महिलाओं के
आर्थिक स्वावलम्बन हेतु लघुऋण वितरण समारोह
आशीर्वचन: आदरणीय श्री प्रेमचन्द गोयल जी (वरिष्ठ प्रचारक, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ)
श्रद्धेय श्री अजय भाई जी (प्रसिद्ध कथावाचक एवं संस्थापक राष्ट्र मंदिर)
मुख्य अतिथि: श्री विरेन्द्र सचदेवा (अध्यक्ष, भारतीय जनता पार्टी, दिल्ली प्रदेश)
श्री योगेन्द्र चांदोलिया (सांसद, उत्तर पश्चिम लोकसभा)
सान्निध्य: श्रीमती किरण शर्मा चोपड़ा
मुख्य संरक्षिका, चौपाल, निदेशिका, पंजाब केसरी समूह
श्री दयानन्द (दिल्ली प्रान्त कार्यकारिणी सदस्य राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ)
चौपाल प्रस्तावना: विनोद गोयल (चौपाल निदेशक)
कार्यक्रम संयोजक: वेदपाल मान (पूर्व जिलाध्यक्ष, भाजपा)
कार्यक्रम सह संयोजक: कृष्ण राणा (समाजसेवी)
चौपाल निदेशक मण्डल:
रवि बंसल, विनोद गोयल, जितेन्द्र महाजन, सुनील सेठी, अंकुश विज
दिनांक: 22 सितम्बर, 2024 समय: प्रात: 10:30 बजे
स्थान: राष्ट्र मंदिर आश्रम (श्री अजय भाई जी)
खेड़ा मोड़, नंगली पूना, अलीपुर, दिल्ली-110036

Price Rs. 4.50 (वार्षिक शुल्क 1980 रुपए डाक द्वारा) PunjabKesari.com PunjabKesari.com @punjabkesaricom पंजाब केसरी DELHI
R.N.I. No. 404 74/83, Postal Regn.No. DL(N)/0169/2018-20, Posted at Delhi RMS Delhi-6

ग्लोबल Window

# सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए इंतजार नहीं कर सकती



**मुंबई, (आईएएनएस):** अभिनेत्री नोरा फतेही अंतरराष्ट्रीय भारतीय फिल्म अकादमी पुरस्कार (आइफा) के 24वें संस्करण में एक से बढ़कर एक आइटम सांग पर थिरकती हुई नजर आएंगी। नोरा फतेही ने कहा, वह अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए ज्यादा इंतजार नहीं कर सकती हैं। उन्होंने कहा कि वह भव्य (आइफा) वीकेंड में प्रस्तुति देने के लिए बेहद उत्साहित हैं। आइफा के दौरान, भारतीय सिनेमा का जश्न, दर्शकों की भारी भीड़, एक से बढ़कर एक प्रस्तुति, इसे वास्तव में अविस्मरणीय बनाता है। नोरा ने कहा, मैं अबू धाबी के शानदार यास द्वीप पर (आइफा) मंच पर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने और प्रशंसकों और साथी कलाकारों के साथ इस असाधारण क्षण को साझा करने के लिए इंतजार नहीं कर सकती।

# खैबर पख्तूनख्वा में आतंकी हमला, 6 सुरक्षाबलों की मौत



● 11 घायल, टीटीपी ने ली हमले की जिम्मेदारी

**पेशावर, (भाषा) :** अफगानिस्तान की सीमा से सटे पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में बृहस्पतिवार-शुक्रवार की दरमियानी रात को आतंकवादियों द्वारा सुरक्षा चौकी पर किए गए हमले में छह सुरक्षाकर्मियों की मौत हो गई और 11 अन्य घायल हो गए। तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) ने इस हमले की जिम्मेदारी ली है।

पाकिस्तान के अधिकारियों के मुताबिक आतंकवादियों के एक समूह ने दक्षिणी वजीरिस्तान जिले के मिश्ता गांव में एक जांच चौकी पर हमला किया। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक, क्षेत्र में आतंकवादियों को निष्क्रिय करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। ये हमला उसी कार्रवाई की के खिलाफ माना जा रहा है। अधिकारियों के मुताबिक देर रात आतंकवादियों ने सुरक्षा चौकी पर हमला किया जिसमें छह सुरक्षाकर्मियों की मौत हो गई और 11 अन्य घायल हो गए। वहीं, दक्षिणी वजीरिस्तान जिले में हुई एक मुठभेड़ में सुरक्षाबलों को बड़ी सफलता मिली है। जिले के अजाम वरसाक इलाके में शुक्रवार को आतंकवादियों और सुरक्षाबलों के बीच हुई मुठभेड़ हुई, जिसमें 7 आतंकवादी मारे गए जबकि दो सुरक्षाकर्मी घायल हुए हैं। यह पहला मौका नहीं है जब आतंकियों ने सुरक्षा चौकी को निशाना बनाया है। इससे पहले बीते महीने (अगस्त 2024) भी खैबर पख्तूनख्वा में आतंकियों ने सुरक्षा चौकी पर हमला किया था। इस हमले में कम से कम सात पाकिस्तानी सुरक्षाकर्मी मारे गए थे और 11 अन्य घायल हुए थे। यह हमला पाकिस्तान-अफगानिस्तान सीमा पर स्थित तिराह घाटी में हुआ था।

# श्रीलंका में राष्ट्रपति चुनाव आज


त्रिकोणीय मुकाबला, विक्रमसिंघे को कड़ी टक्कर

**कोलंबो, (भाषा):** यूरोपीय संघ (ईयू) और राष्ट्रमंडल के चुनाव पर्यवेक्षकों का एक समूह शनिवार को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव की निगरानी के लिए श्रीलंका पहुंच गया है। 'न्यूजफर्स्ट' समाचार पोर्टल ने शुक्रवार को खबर दी कि आगामी राष्ट्रपति चुनाव की निगरानी के लिए विभिन्न अंतरराष्ट्रीय चुनाव निगरानी संगठनों के 116 प्रतिनिधि श्रीलंका पहुंचे हैं। पर्यवेक्षकों में 78 ईयू से हैं। इस बीच, देश में राष्ट्रपति चुनाव के लिए तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। 2022 के आर्थिक संकट के बाद श्रीलंका में यह पहला आम चुनाव है। शनिवार को सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक 13,400 से अधिक मतदान केंद्रों पर मतदान होगा। इस चुनाव में लगभग 1.7 करोड़ पंजीकृत मतदाता मतदान करने के पात्र हैं। चुनाव परिणाम रविवार को घोषित किए जाएंगे। मौजूदा राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे (75) एक निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ रहे हैं। त्रिकोणीय चुनावी लड़ाई में विक्रमसिंघे को नेशनल पीपुल्स पावर (एनपीपी) के 56 वर्षीय अनुरा कुमारा दिसानायके और समागी जन बालावेगया (एसजेबी) के मुख्य विपक्षी साजिथ प्रेमदासा (57) से कड़ी टक्कर मिलेगी।

# इजराइली हमले में हिजबुल्ला कमांडर समेत कई ढेर

## इजराइल की 24 घंटे में लेबनान पर दूसरी एयरस्ट्राइक, हिजबुल्लाह ने दागे थे 140 रॉकेट





● इब्राहिम अकील हिजबुल्ला की सर्वोच्च सैन्य संस्था जिहाद काउंसिल के प्रमुख के रूप में कार्य कर चुका है

**यरुशलम/बेरूत, (एपी):** हिज्बुल्ला ने शुक्रवार को उत्तरी इजराइल पर 140 से ज्यादा रॉकेट दागे जिसके जवाब में इजराइली सेना ने लेबनान के बेरूत में 'लक्षित हमले' किये जिसमें आतंकवादी संगठन का वरिष्ठ कमांडर इब्राहिम अकील मारा गया। हिज्बुल्ला की तरफ से हालांकि अकील की मौत की तत्काल पुष्टि नहीं की गयी है। लेबनानी स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, इस हमले में कम से कम नौ लोग मारे गए थे और करीब 60 अन्य घायल हो गए। हमले में दो रिहाइशी इमारतें जमींदोज हो गयीं। इजराइली सेना ने यह भी दावा किया कि उसके हमले में हिज्बुल्ला के विशिष्ट रदवान बल के अन्य "शीर्ष पदाधिकारी" भी मारे गए, हालांकि उसने इस बारे में विस्तार से कुछ नहीं बताया। हिजबुल्ला के एक पदाधिकारी ने पुष्टि की कि दाहिया जिले में जब इमारत को निशाना बनाया गया तो अकील वहां मौजूद था। अकील हिजबुल्ला की विशिष्ट रदवान बल और समूह की सर्वोच्च सैन्य संस्था जिहाद काउंसिल के प्रमुख के रूप में कार्य कर चुका है। अमेरिका ने 1983 में बेरूत में अमेरिकी दूतावास और अमेरिकी मरीन कोर की बैरकों पर हुए दो आतंकवादी हमलों में शामिल होने के लिए उस पर प्रतिबंध लगाया है, जिसमें 300 से अधिक लोग मारे गए थे। हिज्बुल्ला ने शुक्रवार सुबह उत्तरी इजराइल में 140 रॉकेट दागे। यह हमला आतंकवादी समूह के नेता हसन नसरल्लाह द्वारा इजराइल पर बड़े पैमाने पर बमबारी का बदला लेने की कसम खाने के एक दिन बाद हुआ। इजराइली सेना और आतंकवादी समूह ने यह जानकारी दी। सात अक्टूबर को इजराइल पर हमास के हमले के बाद से इजराइली सेना ने गाजा में विनाशकारी हमला किया है, जिसके कारण तनाव बढ़ गया है और इजराइल तथा ईरान समर्थित हिजबुल्ला के बीच सीमा पार से नियमित हमले होने लगे हैं। स्थानीय नेटवर्कों ने फुटेज प्रसारित की जिसमें बेरूत शहर से कुछ किलोमीटर दूर जामौस क्षेत्र में एक ऊंची इमारत पूरी तरह से ध्वस्त दिखाई दे रही थी, जहां हिजबुल्लाह का प्रभाव है। एक इजराइली अधिकारी ने पहचान गुप्त रखते हुए बताया कि इस हमले का लक्ष्य हिज्बुल्ला के विशिष्ट रदवान बल का प्रमुख इब्राहिम अकील था। बेरूत पर इजराइली हवाई हमले के तुरंत बाद हिज्बुल्ला ने उत्तरी इजराइल पर दो और हमलों की घोषणा की, जिनमें से एक में उसने खुफिया अड्डे को निशाना बनाया, जिसके बारे में उसने दावा किया कि वहीं से इजराइल ने हत्याओं का निर्देश दिया था।

### फिलिस्तीनियों के शव पैर से धकेलकर छत से गिराए

लेबनान में आतंकी संगठन हिजबुल्लाह के खिलाफ इजराइल की आक्रामकता के बीच सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वेस्ट बैंक में इजराइली सैनिकों को एक बहुमंजिला इमारत की छत से कुछ फिलिस्तीनी युवकों के शवों को नीचे फेंकते देखा जा सकता है। इस वीडियो के वायरल होने पर विवाद खड़ा हो गया है और कई मानवाधिकार संगठनों ने इसकी निंदा की है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, इजराइली सेना बृहस्पतिवार को वेस्ट बैंक के उत्तरी हिस्से में छापेमारी करने पहुंची थी। इस दौरान आईडीएफ कबातिया शहर की कई इमारतों में छापेमारी कर रही थी। इस बीच, इमारत की छत पर पड़े कुछ शवों को इजराइली सैनिकों ने पैरों से धकेल कर नीचे फेंक दिया। यह पूरी घटना उस वक्त वहां मौजूद कुछ पत्रकारों ने कैमरे में कैद कर ली। वीडियो सामने आने के बाद इजराइली डिफेंस फोर्स ने कहा कि यह घटना हमारी सेना के उसूलों के खिलाफ है। यह एक गंभीर मुद्दा है। हम अपने सैनिकों से ऐसी उम्मीद नहीं करते। आईडीएफ ने घटना की जांच करने की बात कही है। वहीं, फिलिस्तीन के एक मानवाधिकार समूह अल-हक के निदेशक शावन जबारिन ने कहा कि ऐसा करने की कोई जरूरत नहीं थी। फिलिस्तीनी लोगों के शवों के साथ जानवरों की तरह व्यवहार किया गया। यह वीडियो हैरान कर देने वाला है लेकिन चौंकाता नहीं है। मुझे तो शक है कि इजरायल इस घटना की उचित रूप से जांच भी नहीं करेगा।

### फ्लाइट्स में पेजर, वॉकी टॉकी पर लगाया बैन

लेबनान ने बेरूत एयर पोर्ट से उड़ान भरने वाली फ्लाइट्स में वॉकी-टॉकी और पेजर ले जाने पर बैन लगा दिया है। लेबनान के इस फैसले के बाद कतर एयरवेज ने भी बेरूत-राफिक हरीरी इंटरनेशनल एयर पोर्ट से यात्रा करने वाले पैसेंजर्स के लिए फ्लाइट में पेजर और वॉकी-टॉकी लाने पर प्रतिबंध लगा दिया है। एयरलाइन ने बृहस्पतिवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि ये नियम अगले आदेश तक लागू रहेंगे। कतर एयरवेज ने कहा कि यह बैन चेक किए गए कैरी-ऑन लगेज और कार्गो दोनों पर लागू होगा।

# ब्रिटिश मंत्री को धमकी देने वाले को कैद

**लंदन, (भाषा):** ब्रिटिश भारतीय संस्कृति मंत्री लिसा नंदी को धमकी भरे ईमेल भेजने वाले 48 वर्षीय व्यक्ति को जान से मारने की धमकी, धमकी भरे संदेश भेजने और सामान्य हमले का दोषी पाए जाने पर तीन साल और तीन महीने की कैद की सजा सुनाई गई है।

रयान ब्रेहेनी को मंगलवार को बोल्टन क्राउन कोर्ट में पेश किया गया, जहां यह बात सामने आई कि उसने नंदी के निर्वाचन क्षेत्र कार्यालय को दो ईमेल संदेश भेजे थे, जिनमें ग्रेटर मैनचेस्टर के विगन की 45 वर्षीय लेबर सांसद को जान से मारने की धमकी भी शामिल थी। यह कथन अदालत में पढ़ा गया। अदालत को बताया गया कि कैसे ब्रेहेनी ने तीन जून को शाम सवा छह बजे के बाद आपातकालीन सेवाओं को फोन किया और पुलिस ऑपरेटर से कहा कि वह राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा (एनएचएस) के बारे में शिकायत करना चाहता है। इसके बाद ब्रेहेनी ने कहा कि उन्हें "एके-47 की पेशकश की गई थी।

# ईशनिंदा के आरोपी का शव दफना रहा था परिवार, भीड़ ने छीन कर फूंक डाला

**कराची, (भाषा):** पाकिस्तान के सिंध सूबे में भीड़ ने ईशनिंदा के आरोपी एक चिकित्सक का शव परिवार को दफनाने नहीं दिया, बल्कि जबरन जला दिया। चिकित्सक को सिंध सूबे में एक पुलिस कर्मी ने गोली मार दी थी। डॉ. शाहनवाज कंबर सिंध प्रांत में पुलिस के साथ गोलीबारी में मारे गए थे। उन पर ईशनिंदा का आरोप था, जिसके बाद उन्हें बुधवार रात कराची से लगभग 250 किलोमीटर उत्तर पूर्व में मीरपुरखास जाना पड़ा था। पुलिस के मुताबिक चिकित्सक ने आत्मसमर्पण करने से इनकार कर दिया था और भागने की कोशिश कर रहा था जिसकी वजह से गोली मारनी पड़ी। कंबर के शव को दफनाने के लिए बृहस्पतिवार शाम को परिवार को सौंपा गया। उनके परिवार में तीन बेटे, एक बेटी और पत्नी हैं। स्थानीय पुलिस अधिकारी शकूर राशिद ने बताया, 'परिवार शव को दफनाने के लिए अपने पैतृक गांव जन्हेरो ले गया, तभी भीड़ जमा हो गई और शव सौंपने की मांग करने लगी।' राशिद ने बताया कि भीड़ द्वारा घेरे जाने के बाद परिवार के सदस्य शव को दफनाए बिना वहां से भाग गए। उन्होंने कहा कि भीड़ ने पीछे रह गई एक कार में कंबर का शव देखा और उसे आग के हवाले कर दिया। इससे पहले उमरकोट शहर की पुलिस ने फेसबुक पर कथित तौर पर 'ईशनिंदा सामग्री' पोस्ट करने के मामले में पाकिस्तान दंड संहिता की धारा-295सी के तहत प्राथमिकी दर्ज की थी।



### ईशनिंदा मामले में ईसाई महिला को सजा-ए-मौत

पाकिस्तान की एक अदालत ने ईशनिंदा के मामले में एक ईसाई महिला को मृत्युदंड दिया। सितंबर 2020 में व्हाट्सऐप ग्रुप पर पैगंबर मोहम्मद के बारे में आपत्तिजनक सामग्री साझा करने की आरोपी शौगता कैरन के खिलाफ ईशनिंदा का एक मामला दर्ज किया गया था। यहां की एक विशेष अदालत के न्यायाधीश अफजल मजूका ने सुनवाई के बाद कैरन को पाकिस्तान दंड संहिता की धारा 295 सी के तहत दोषी पाया, जिसमें मृत्युदंड का प्रावधान है। अदालत ने कैरन पर 3,00,000 रुपए का जुर्माना भी लगाया। इसके अलावा अदालत ने पाकिस्तान इलेक्ट्रॉनिक क्राइम अधिनियम (पीईसीए) की धारा 11 के तहत महिला को सात साल जेल की सजा सुनाई।

# उत्तर कोरिया ने फिर भेजा कचरे से भरा गुब्बारा

**सोल, (आईएएनएस):** उत्तर कोरिया का कचरे से भरा गुब्बारा शुक्रवार को दूसरी बार सोल के एक सरकारी परिसर में गिरा। यह गुब्बारा मेन एंट्री गेट के सामने पार्किंग में पाया गया। समाचार एजेंसी योनहाप के अनुसार, यह घरेलू कचरे से भरा था। इसमें हरे रंग का एक प्लास्टिक का टुकड़ा भी शामिल था, जिस पर प्योंगयांग का पता दर्ज था। यह गुब्बारा दक्षिण कोरिया की तरफ से सीमा पार प्रोपेगेंडा सामग्री भेजे जाने के जवाब में प्योंगयांग की प्रतिक्रिया है। सोल के मुताबिक यह लगातार पांचवां दिन था, जब उत्तर कोरिया ने गुब्बारे भेजे। संयुक्त चीफ ऑफ स्टाफ ने कहा कि उत्तर कोरिया ने शनिवार देर रात 200 गुब्बारे उड़ाने के कुछ ही घंटों बाद सुबह करीब 9 बजे अपना गुब्बारा अभियान फिर से शुरू कर दिया। सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए सोल ने गुब्बारों को सीधे मार गिराने से परहेज किया है। इस बीच सोल ने कहा है कि उत्तर कोरिया के परमाणु और मिसाइल खतरों को देखते हुए दक्षिण कोरिया और अमेरिका अगले सप्ताह नियमित रक्षा वार्ता करेंगे।

स्पोर्ट्स राउंडअप

" राजस्थान रॉयल्स ने शुक्रवार को आईपीएल 2025 से पहले भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज विक्रम राठौड़ को अपना बल्लेबाजी कोच नियुक्त करने की घोषणा की। राहुल द्रविड़ को मुख्य कोच के रूप में नियुक्त करने के बाद 55 साल के राठौड़ आगामी सत्र के लिए फ्रैंचाइजी की दूसरी बड़ी नियुक्ति है। "

# भारत ने बनाया दबदबा

## बुमराह ने 4 विकेट चटकाये : बंगलादेश पर 308 रन की हुई बढ़त



**चेन्नई, (पंजाब केसरी):** जसप्रीत बुमराह की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर भारत ने दो मैचों की श्रृंखला के शुरुआती टेस्ट के दूसरे दिन शुक्रवार को यहां बांग्लादेश की पहली पारी को सस्ते में समेटने के बाद दूसरी पारी में तीन विकेट पर 81 रन बनाकर अपनी कुल बढ़त 308 रन कर ली। बुमराह की शानदार गेंदबाजी का बांग्लादेश के बल्लेबाजों के पास कोई जवाब नहीं था। उन्होंने 50 रन देकर चार विकेट चटकाये। बुमराह को मोहम्मद सिराज (30 रन पर दो विकेट), आकाश दीप (19 रन पर दो विकेट) और रविंद्र जडेजा (19 रन पर दो विकेट) का अच्छा साथ मिला। भारत की पहली पारी में 376 रन के जवाब में बांग्लादेश की पहली पारी महज 149 रन पर सिमट गयी। भारत ने पहली पारी 227 रन की बड़ी हासिल की। भारत की दूसरी पारी में भी हालांकि शुरुआत अच्छी नहीं रही। कप्तान रोहित शर्मा (पांच) और यशस्वी जायसवाल (10) टीम के 28 रन तक पवेलियन लौट गये। रोहित तस्कीन अहमद की ऑफ स्टंप से बाहर की गेंद पर बल्ला अड़ाकर गली क्षेत्र में जाकिर हसन को कैच थमा बैठे। जायसवाल को नाहिद राणा की गेंद पर ऑफ ड्राइव लगाने का खामियाजा भुगतना पड़ा। गिल और विराट कोहली (17) ने इसके बाद संभल कर बल्लेबाजी करते हुए तीसरे विकेट के लिए 39 रन जोड़े। गिल ने इस दौरान कुछ शानदार चौके जड़े। राणा की गेंद पर कवर क्षेत्र में लगाया गया उनका चौका दर्शनीय था। कोहली हालांकि क्रीज पर समय बिताने के बाद मेहदी हसन मिराज की गेंद पर पगबाधा हो गये।

### स्कोर बोर्ड

| | |
|---|---|
| भारत पहली पारी : | 376 |
| बांग्लादेश पारी : | |
| शदमन बो. बुमराह | 02 |
| जाकिर बो. आकाशदीप | 03 |
| शांतो का. कोहली बो. सिराज | 20 |
| मोमिनुल बो. आकाशदीप | 00 |
| रहीम का. राहुल बो. बुमराह | 08 |
| शाकिब का. पंत बो. जडेजा | 32 |
| लिटन का. जुरेल बो. जडेजा | 22 |
| मेहदी हसन मिराज नाबाद | 27 |
| महमूद का. कोहली बो. बुमराह | 09 |
| तस्कीन अहमद बो. बुमराह | 11 |
| नाहिद राणा बो. सिराज | 11 |
| अतिरिक्तः | 04 |
| कुल : 47.1 ओवर में | 149 |

विकेट पतन : 1/2, 2/22, 3/22, 4/36, 5/40, 6/91, 7/92, 8/112, 9/130

गेंदबाजी : बुमराह 11-1-50-4, सिराज 10.1-1-30-2, आकाशदीप 5-0-19-2, अश्विन 13-4-29-0, जडेजा 8-2-19-2.

| | |
|---|---|
| भारत दूसरी पारी: | |
| यशस्वी का. लिटन बो. राणा | 10 |
| रोहित का. जाकिर बो. अहमद | 05 |
| शुभमन गिल नाबाद | 33 |
| विराट कोहली पगबाधा मिराज | 17 |
| ऋषभ पंत नाबाद | 12 |
| अतिरिक्त : | 04 |
| कुल : 23 ओवर में | 3/ 81 |

विकेट पतन: 1/15, 2/28, 3/67

गेंदबाजी: तस्कीन 3-0-17-1, महमूद 5-1-12-0, राणा 3-0-12-1, शाकिब 6-0-20-0, मिराज 6-0-16-1.

# हेड की सर्वश्रेष्ठ पारी से ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को हराया

**नॉटिंघम, (एपी):** ट्रेविस हेड (नाबाद 154) की करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को शुरुआती एकदिवसीय को 36 गेंद शेष रहते सात विकेट से हराकर पांच मैचों की श्रृंखला बढ़त कायम की। इंग्लैंड की टीम गुरुवार को पहले बल्लेबाजी करते हुए 50वें ओवर में 315 रन पर आउट हो गयी लेकिन ऑस्ट्रेलिया ने तीन विकेट गंवा कर 44वें ओवर की आखिरी गेंद पर लक्ष्य हासिल कर इस प्रारूप में लगातार 13वां मैच जीता। बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज हेड के वनडे करियर का यह छठा शतक था। उन्होंने 10 महीने पहले विश्व कप फाइनल में भारत पर ऑस्ट्रेलिया की जीत में 137 रनों की ऐसी ही आक्रामक पारी खेली थी।

# सरनदीप सिंह दिल्ली के रणजी कोच

**नई दिल्ली, (पंजाब केसरी):** भारत के पूर्व ऑफ स्पिनर और राष्ट्रीय चयनकर्ता सरनदीप सिंह आगामी घरेलू सत्र के लिए दिल्ली की सीनियर टीम के नए मुख्य कोच होंगे। उन्हें राज्य इकाई की तीन सदस्यीय क्रिकेट सलाहकार समिति (सीएसी) द्वारा नियुक्त किया गया। गेंदबाजी कोच वी अरविंद और बल्लेबाजी कोच बंटू सिंह उनके सहायक कोच होंगे। ये दोनों पिछले साल से इसी पद पर बने हुए हैं। दिल्ली और जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) द्वारा बनाए गए एक नए पद में सीनियर पुरुष टीम के पास दो मेंटोर (मार्गदर्शक) होंगे। सफेद गेंद के लिए अतुल वासन और लाल गेंद के लिए रॉबिन सिंह जूनियर यह जिम्मेदारी निभायेंगी। रीमा मल्होत्रा महिला टीम की मेंटोर होंगी। पिछले साल के कोच देवांग गांधी व्यक्तिगत कारणों से इस सत्र में उपलब्ध नहीं होंगे।

# भारतीय पुरुष टीम का दबदबा जारी

**बुडापेस्ट, (भाषा):** भारतीय पुरुष टीम ने 45वें शतरंज ओलंपियाड के आठवें दौर में यहां ईरान के खिलाफ 3.5-0.5 से शानदार जीत दर्ज करते हुए स्वर्ण पदक पर अपना दावे को और मजबूत कर लिया लेकिन महिलाओं को पोलैंड के हाथों 1.5-2.5 से चौकाने वाली हार का सामना करना पड़ा। भारतीय महिला टीम की यह प्रतियोगिता में पहली हार है। ओपन वर्ग में लगातार आठवीं जीत से पुरुष टीम ने कुल 16 अंकों के साथ एकल बढ़त बरकरार रखी है। मेजबान हंगरी, उज्बेकिस्तान तालिका में उससे दो अंक पीछे हैं। विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान पर काबिज अर्जुन एरिगैसी ने काले मोहरों से आक्रामक शुरुआत कर बर्दिया दानेश्वर को पराजित किया। आगामी विश्व चैंपियनशिप के चैलेंजर डी गुकेश ने शुरुआती टाइम कंट्रोल में ही ईरान के परम मघसूदलू को हरा दिया।

# चहल ने लगातार दूसरे मैच में 5 विकेट झटके



**नॉर्थम्पटन (इंग्लैंड), (भाषा) :** भारतीय लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल ने लगातार दूसरे मैच में पांच विकेट चटकाए जिससे नॉर्थम्पटनशर ने इंग्लिश काउंटी चैंपियनशिप में लीसेस्टरशर पर नौ विकेट से जीत दर्ज की। पहली पारी में 82 रन पर चार विकेट लेने वाले चहल ने दूसरी पारी में 134 रन पर पांच विकेट लिये। प्रथम श्रेणी क्रिकेट में उन्होंने नौवीं बार पांच विकेट लिये। नॉर्थम्पटनशर ने गुरुवार को यहां काउंटी मैच में लीसेस्टरशर की दूसरी पारी को 316 रन पर समेट दिया। नॉर्थम्पटनशर को इसके बाद जीत के लिए 137 रन की जरूरत थी और टीम ने 30.3 ओवर में एक विकेट के नुकसान पर इसे हासिल कर लिया। कप्तान ल्यूक प्रॉक्टर (नाबाद 68) और जॉर्ज बार्टलेट (नाबाद 54) को लक्ष्य का पीछा करने में कोई परेशानी नहीं हुई। चहल ने इस दौरान लीसेस्टरशर के कप्तान लुईस हिल (14), लियाम ट्रेवास्किस (2), स्कॉट करी (120) जैसे अहम बल्लेबाजों को पवेलियन की राह दिखायी।

# मालविका क्वार्टर फाइनल में यामागुची से हारी

**चांग्झू (चीन), (भाषा) :** प्रतिभाशाली भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी मालविका बंसोड़ चीन ओपन के क्वार्टर फाइनल में शुक्रवार को यहां दो बार की विश्व चैंपियन अकाने यामागुची की चुनौती से पार पाने में नाकाम रही। जापान की चौथी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी के खिलाफ विश्व रैंकिंग में 43वें स्थान पर काबिज मालविका को सीधे गेमों में 10-21, 16-21 से शिकस्त का सामना करना पड़ा।

मालविका की हार के साथ ही इस सुपर 1000 टूर्नामेंट में भारत की चुनौती समाप्त हो गई।

# भारत ने बंगलादेश को 1-0 से हराया

**थिम्पू, (भाषा):** गत चैम्पियन भारत ने शुक्रवार को यहां ग्रुप ए फुटबॉल मैच में बांग्लादेश को 1-0 से हराकर सैफ अंडर-17 चैम्पियनशिप में जीत से अपना अभियान शुरू किया। मैच के अधिकांश समय में पूरी तरह हावी होने के बावजूद बांग्लादेश की रक्षा पंक्ति को भेदने में संघर्ष कर रही भारतीय टीम के लिए डिफेंडर सुमित शर्मा ने 90+1वें मिनट में हेडर से एक बेहतरीन गोल दागा। मैच के एकमात्र गोल ने भारत को तीन टीमों के ग्रुप में तीन अंक दिलाए। लेकिन टीम निश्चित रूप से जीत के मामूली अंतर से संतुष्ट नहीं होगी।

# भारत को 2047 तक खेलों में शीर्ष 5 देशों में लाने का लक्ष्यः मांडविया



**हैदराबाद, (पंजाब केसरी) :** केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने शुक्रवार को कहा कि 2047 तक 'विकसित भारत के विजन' के अंतर्गत देश का लक्ष्य खेलों की दुनिया के शीर्ष पांच देशों में शामिल होना है।

उन्होंने कान्हा शांति वनम में 'राइजिंग विद काइंडनेस' पर अंतरराष्ट्रीय युवा संगोष्ठी के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि भारत का लक्ष्य 2036 ओलंपिक की मेजबानी करना है। उन्होंने कहा कि देश के विकास के लिए अगले 25 वर्षों के 'विजन' के लिए हमने खेलों के लिए भी एक 'विजन' बनाया है कि भारत का लक्ष्य 2036 ओलंपिक की मेजबानी करना है। खेल मंत्री ने कहा कि जब भारत 2047 तक विकसित देश बन जाएगा तो हमारा लक्ष्य खेल में देश को दुनिया के शीर्ष पांच में शामिल करना है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि उन्होंने खेलो इंडिया समेत एक 'इकोसिस्टम' बनाया है, स्टेडियम बनाए हैं, टॉप्स जैसी योजनाएं और कीर्ति (खेलो इंडिया राइजिंग टैलेंट आइडेंटिफिकेशन) जैसी परियोजनाएं बनाई हैं जिसमें प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की स्कूल स्तर पर ही पहचान की जाती है।

CMYK